आषाढ़ कृष्ण पक्ष द्वितीया 03:19 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

शुक्रवार, 13 जून 2025
वर्ष 6, अंक 203, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये
www.amritvichar.com

### एक करोड़ रुपये की मदद देगा टाटा समूह

**मुंबई।** टाटा समूह ने विमान हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को एक–एक करोड़ रुपये सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने एक्स पर कहा कि टाटा समूह इस त्रासदी में प्राण गंवाने वालों के परिजनों को एक–एक करोड़ रुपये देगा, घायलों के इलाज का पूरा खर्च उठाएगा।



## अहमदाबाद में मौत की उड़ान

हादसे के बाद मौके पर जारी बचाव अभियान

# उड़ते ही रिहायशी इलाके में गिरा एयर इंडिया का विमान

# 280 से ज्यादा मौत

## मरने वालों में विमान में सवार थे 241 यात्री
## 265 शव आधी रात तक अस्पताल लाए गए

## डॉक्टरों के हॉस्टल पर गिरते ही फ्लाइट एआई171 में लगी आग, जिंदा जले लोग

अहमदाबाद, एजेंसी

एयर इंडिया का लंदन के गैटविक जा रहा विमान गुरुवार दोपहर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद यहां मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के बिल्डिंग पर गिर गया, गिरते ही विमान मे ंआग लग गई। हादसे में 280 से अधिक लोग मारे गए। विमान में दो पायलट और चालक दल के 10 सदस्य सहित 242 लोग सवार थे। विश्वास कुमार रमेश नामक एक यात्री, जो बोइंग 787 ड्रीमलाइनर (एआई171) की 11ए सीट पर बैठा था, चमत्कारिक रूप से बच गया। बाकी 241 यात्रियों की मौत हो गई।

पुलिस उपायुक्त कानन देसाई ने कहा कि 265 शव शहर सिविल अस्पताल पहुंचाए जा चुके हैं। एयर इंडिया के मुताबिक, विमान में सवार 230 यात्रियों में से 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, एक कनाडाई और सात पुर्तगाली नागरिक थे। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में कार्यरत डॉ. शरीक एम ने बताया कि हादसे में जीवित बचे रमेश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह अपने भाई के साथ लंदन जा रहा था। हादसे के बाद अहमदाबाद पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के विमान में करीब सवा लाख लीटर ईंधन था। ईंधन जलने के कारण तापमान इतना अधिक था कि किसी को बचा पाने की कोई गुंजाइश ही नहीं थी। शाह ने कहा कि अधिकारी मृतकों की संख्या डीएनए जांच और पीड़ितों की पहचान के बाद आधिकारिक तौर पर जारी करेंगे।

अहमदाबाद में हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) ने बताया कि विमान के पायलट ने अपराह्न 1.39 बजे उड़ान भरने के तुरंत बाद 'मेडे' (आपातकालीन संदेश देने के लिए) कॉल किया, जो पूर्ण आपात स्थिति का संकेत था। विमान के 'ब्लैक बॉक्स' (फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर) की भी तलाश जारी है, ताकि यह पता चल सके कि अंतिम पलों में क्या हुआ था। बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद एकदम तेजी से नीचे आया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह विमान 11 साल पुराना था। विमानन विशेषज्ञों ने बताया कि विमान नीचे गिरने से पहले महज 600 से 800 फुट की ऊंचाई पर गया था। डीजीसीए ने बताया कि उड़ान की कमान कैप्टन सुमित सभरवाल के हाथों में थी। उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर भी थे।

### विमान में थे सवार

- 169 भारतीय यात्री
- 53 ब्रिटिश नागरिक
- 07 पुर्तगाल के यात्री
- 01 कनाडा का यात्री
- 12 विमान क्रू सदस्य




उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही आग का गोला बना विमान।



अहमदाबाद हवाईअड्डे के समीप डॉक्टरों के हॉस्टल पर गिरा विमान का मलबा।

### विमान हादसे में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी की मृत्यु



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान दुर्घटना में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी की भी मृत्यु हुई है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री एवं गुजरात भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष सीआर पार्टिल ने रुपाणी के मृत्यु की पुष्टि की है। रुपाणी एयर इंडिया के उस विमान में सवार थे जो गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरते ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें 230 यात्री, दो पायलट तथा चालक दल के 10 अन्य सदस्य सवार थे। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे में एक यात्री जीवित बचा है और उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह चूडासमा ने कहा कि विजय रूपाणी एअर इंडिया के विमान से लंदन जा रहे थे।

### हृदय विदारक दुर्घटना : प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विमान दुर्घटना को हृदय विदारक बताया और कहा कि इससे हम स्तब्ध और दुखी हैं। उन्होंने कहा कि वह प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे मंत्रियों और अन्य अधिकारियों के संपर्क में हैं। 'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह हृदय विदारक है जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। कहा कि दुख की इस घड़ी में, मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं।

### शिनाख्त के लिए होगा डीएनए परीक्षण

**अहमदाबाद।** विमान हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान के लिए डीएनए परीक्षण किया जाएगा। राज्य स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव धनंजय द्विवेदी ने बताया कि हादसे में मारे गए लोगों की पहचान के लिए अहमदाबाद सिविल अस्पताल ने डीएनए नमूने एकत्र किए जाएंगे।

### कराएंगे विस्तृत जांच : नायडू

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री के राम मोहन नायडू ने कहा है कि विमान हादसे की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच कराई जाएगी। नायडू ने दुर्घटना स्थल पर पहुंचने के बाद कहा कि वह हादसे के बाद से गहरे सदमे में हैं। इस समय वह यात्रियों और उनके परिवारों के बारे में सोच रहे हैं।

### हादसे में आगरा के दंपती की भी मौत

**आगरा।** विमान हादसे में आगरा के दंपती की भी मौत हो गई। नीरज लवानिया और उनकी पत्नी अपर्णा लवानिया आगरा में अकोला कस्बे के रहने वाले थे। अकोला में ही रहने वाले नीरज के बड़े भाई सतीश लवानिया के अनुसार नीरज अहमदाबाद के वडोदरा क्षेत्र स्थित एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करते थे। कई साल पहले वह वहीं पर शिफ्ट हो गए थे। वह अपनी पत्नी अपर्णा को लंदन घुमाने ले जा रहे थे। नीरज लवानिया बडोदरा की एक कंपनी में मैनेजर थे। कई सालों से वह वडोदरा की फेदर स्काई विलास कालोनी में परिवार के साथ रहते थे। सतीश का कहना है कि नीरज 10 दिन की लंदन यात्रा अपनी वाइफ अर्पणा के साथ जा रहे थे। उनकी 15 साल की बेटी घर पर नानी के पास थी। सतीश ने बताया कि गुरुवार सुबह नीरज ने एयरपोर्ट जाते वक्त मुझसे फोन पर बात की थी। दोबारा उनसे संपर्क नहीं हो सका। हमें अहमदाबाद में लंदन की फ्लाइट के दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी मिली। एयर इंडिया द्वारा जारी की गई विमान यात्रियों की लिस्ट में नीरज और उनकी पत्नी का नाम 38 और 39 नंबर सीट पर था।



### चमत्कार : अपने पैरों पर चलकर विमान से निकले रमेश

## 800 फीट से गिरकर भी बचे विश्वास



- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अस्पताल पहुंचकर लिया हाल

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान एआई-171 गुरुवार को टेकऑफ के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। 600 से 800 फीट की ऊंचाई पर पहुंचने के बाद विमान हादसे का शिकार हो गया।

हादसे में विमान के क्रू मेंबर सहित कई यात्रियों में कई के मरने की खबरें हैं लेकिन एक शख्स जिंदा बच गया है। इतनी ऊंचाई से गिरने के बावजूद उसकी जान बच गई। रमेश कुमार विश्वास नाम का यह शख्स खुद ही चलकर अस्पताल पहुंचा।

अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक ने बताया कि पुलिस को सीट 11ए पर एक जीवित व्यक्ति मिला। व्यक्ति अस्पताल में पाया गया है और उसका इलाज चल रहा है। उधर, अहमदाबाद पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा कि अच्छी खबर यह है कि दुर्घटना में एक व्यक्ति बच गया है और मैं उससे मिलने के बाद यहां आया हूं। विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के शवों से डीएनए नमूने एकत्र करने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला और गुजरात में राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय पीड़ितों के डीएनए की जांच करेंगे। विमान दुर्घटना के बाद भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि यह एक अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। मैं विशेषज्ञ नहीं हूं, इसके कारण के बारे में अनुमान लगाना मेरे लिए उचित नहीं होगा।

# घटनास्थल पर दुर्गंध, धुएं, मलबे और तबाही का मंजर

## विमान के 1.25 लाख लीटर ईंधन ने आग लगने के बाद मचाई तबाही, बचाव कार्य जारी

अहमदाबाद, एजेंसी

विमान के अंदर 1.25 लाख लीटर ईंधन था। आग लगने के बाद इस ईंधन ने सब तबाह कर दिया। विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के कुछ घंटों बाद हवा में विमान के ईंधन और जले हुए इंसानी शवों की तेज दुर्गंध फैली रही। इस दुखद घटना के नौ घंटे बाद भी, दुर्घटना स्थल के आसपास के पेड़ों के जले हुए तनों पर आग के अवशेष टिमटिमा रहे हैं, जो आग की भयावहता की याद दिलाते हैं।

बीजे मेडिकल कॉलेज एवं सिविल अस्पताल परिसर में असहनीय बदबू फैली हुई है। विमान के गिरने से मेडिकल कॉलेज की तीन इमारतें बुरी तरह प्रभावित हुईं, जिनमें एक मेस हॉल भी शामिल है, जहां एमबीबीएस के कई छात्र भोजन कर रहे थे। आग की वजह से अस्पताल के कर्मचारियों के आवास वाली पांच मंजिला दो इमारतों को भी भारी नुकसान पहुंचा। इमारतें पूरी तरह से काली हो गईं।



विमान के मलबे के बड़े-बड़े टुकड़े दुर्घटनास्थल पर बिखरे पड़े थे, जिनमें टूटी हुई धातु, मुड़ी हुई बीम और चारकोल के अवशेष शामिल थे, जो काले पड़ चुके खोल में तब्दील हो चुके थे। विमान के पंख का एक बड़ा टुकड़ा जमीन पर पड़ा हुआ था। विमान का पिछला हिस्सा कॉलेज के मेस की इमारत में फंसा रह गया। गुजरात पुलिस, अग्निशमन विभाग और कई आपातकालीन एजेंसियों के कर्मियों वाली बचाव टीम देर रात तक काम पर लगी रहीं।

### पांच एमबीबीएस छात्र, एक डॉक्टर और सुपरस्पेशलिस्ट की पत्नी की मौत

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद के बीजे मेडिकल कॉलेज में एयर इंडिया के एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण एमबीबीएस के कम से कम पांच छात्रों, एक पीजी रेजिडेंट डॉक्टर और एक सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर की पत्नी की मौत हो गई, जबकि 60 से अधिक मेडिकल छात्र घायल हो गए। अखिल भारतीय चिकित्सा संघ के उपाध्यक्ष डॉ. दिव्यांश सिंह ने कहा कि दुर्घटनास्थल पर तलाशी अभियान अभी भी जारी है और मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका है। जो शव बरामद हुए हैं, वे पूरी तरह जले हुए हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि जिस समय विमान गिरा दोपहर के भोजन का समय था, इसलिए अधिकतर छात्र और रेजिडेंट डॉक्टर भोजन के लिए मेस में मौजूद थे।

**2014**
में एयर इंडिया के बेड़े में शामिल किया गया था हादसाग्रस्त विमान

**2013**
में बोइंग कंपनी के इस बीटी-एएनबी विमान ने पहली उड़ान भरी थी

**8200**
घंटों की उड़ान का अनुभव था मुख्य पायलट कैप्टन सुमित समरवाल को

**1100**
घंटे की उड़ान को भर चुका था को पायलट क्लाइव कुंदर



विमान के टकराकर गिरने के बाद कई इमारतों में आग लग गई, जिसे बुझाने के लिए अग्निशमन कर्मियों को कई घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी।



# जोरदार धमाका... विमान के उड़ गए परखचे, सड़क पर बिखर गईं लाशें

## विमान गिरने से तहस-नहस हुआ मेडिकल कॉलेज का आवासीय परिसर, कई हिस्सों में लगी आग



घटनास्थल पर पीड़ित परिवार की सदस्य।

अहमदाबाद, एजेंसी

अहमदाबाद हवाई अड्डे से लंदन के लिए टेकऑफ करते ही चालक दल को एहसास हो गया कि विमान और उसमें सवार यात्री गंभीर खतरे से घिर गए हैं। फौरन एटीसी (हवाई यातायात नियंत्रक) को आपात संदेश भेजा गया, लेकिन कुछ करने लायक समय नहीं बचा था। कुछ ही पलों के अंदर विमान नीचे आते-आते बीजे मेडिकल कॉलेज की इमारत से टकराया। जोरदार धमाके के साथ विमान के परखचे उड़ गए। इसी के साथ विमान में बैठे यात्रियों की लाशें सड़क पर इधर-उधर बिखर गईं। हादसे में करीब 280 लोगों की जानें चली गईं।

विमान के गिरने के बाद मेडिकल कॉलेज की इमारत से आग की लपटों के बीच काले धुएं के गुबार उठने लगे।



मौके पर मंजर बेहद दिल दहलाने वाला था। कहीं कोई जला शव पड़ा था तो कहीं किसी यात्री के शरीर के टुकड़े हो गए थे। विमान दुर्घटना के बाद बचाव के लिए प्रशासनिक मशीनरी को सक्रिय होने में करीब आधे घंटे का समय लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सबसे पहले हादसे में जीवित बचे लोगों की तलाश की गई लेकिन काफी देर तक एक भी जीवित यात्री की तलाश कामयाब नहीं हो सकी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विमान बहुत नीचे उड़ रहा था और यह सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सकों के आवासीय परिसर पर गिरा। उन्होंने कहा, वहां कई पांच मंजिला इमारतें हैं, जिनका इस्तेमाल चिकित्सकों के आवास के तौर पर होता है।

हादसे के बाद बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की छह टीम और बीएसएफ की दो टीम मौके पर भेजी गई हैं।

### टेक ऑफ करते ही की थी मेडे कॉल बैक

अहमदाबाद। एअर इंडिया विमान के पायलट ने हादसे से ठीक पहले अति आपात संदेश (मेडे कॉल) अहमदाबाद एटीसी को भेजा था। नागर विमानन महानिदेशालय डीजीसीए के बयान के मुताबिक इसके बाद एटीसी की ओर से की गई कॉल पर विमान के पायलट की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई। डीजीसीए ने बताया कि विमान की कमान कैप्टन सुमित सभरवाल के पास थी, उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर थे। कैप्टन सुमित सभरवाल एलटीसी हैं और उन्हें 8200 घंटों का अनुभव है। सह पायलट को 1100 घंटों के उड़ान का अनुभव है। डीजीसीए ने एक बयान में बताया कि एटीसी के अनुसार, विमान ने अहमदाबाद से रनवे 23 से भारतीय समयानुसार एक बजकर 39 मिनट पर उड़ान भरी। इसने एटीसी को अति आपात कॉल (मेडे कॉल) किया, लेकिन उसके बाद एटीसी की कॉल का पायलट ने कोई जवाब नहीं दिया।

#### क्या है मेडे कॉल...

मेडे का मतलब होता है कि विमान और यात्रियों की जान संकट में है और उसे आपातकालीन मदद की जरूरत है। इसलिए पायलट को आपात स्थिति में तीन बार मेडे बोलने को कहा जाता है। मेडे का इस्तेमाल इसलिए किया जाता है क्योंकि अगर पायलट सीधे बता दे कि विमान में कोई गंभीर दिक्कत है तो यात्रियों में डर फैल सकता है।

### पहले भी हो चुके कई विमान हादसे

- 01जनवरी 1978 को एयर इंडिया की उड़ान संख्या 855 का बोइंग 747 विमान मुंबई से उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद अरब सागर में गिर गया। विमान के सभी 213 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की मृत्यु हो गई थी।
- 23 जून 1985 को टोरंटो से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया की उड़ाना संख्या 182 के विमान सम्राट कनिष्क को खालिस्तानी आतंकवादियों ने आयरलैंड तट के पास बम विस्फोट से उड़ा दिया। विमान में सवार सभी 329 लोगों की मौत हो गई।
- 14 फरवरी 1990 को बेंगलुरु में एयरबस ए320 विमान लैंडिंग के दौरान रनवे से आगे निकलकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में 92 लोगों की मृत्यु हो गई थी।
- 12 नवम्बर 1996 को हरियाणा के चरखी दादरी में दो विमान हवा में ही टकरा गए थे। एक विमान सऊदी एयरलाइंस और दूसरा कज़ाकिस्तान एयरलाइंस का था। इस हादसे में दोनों विमानों में सवार सभी 349 लोगों की मौत हो गई।
- 22 मई 2010 को दुबई से मैंगलोर लौट रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस का बोइंग 737 विमान के रनवे से फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त होने से 158 लोगों की मौत हो गई।
- 07 अगस्त 2020 को केरल के कोझिकोड एयरपोर्ट पर एयर इंडिया एक्सप्रेस का वंदे भारत मिशन पर गया विमान दुबई से लौट रहा विमान रनवे से फिसल का दो हिस्सों में टूट गया। इस हादसे में 21 लोगों की जान चली गई।

### उड़ान भरने से जुड़ी प्रणालियों पर अमेरिकी विशेषज्ञ ने जताया संदेह

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी विमानन विशेषज्ञों ने बृहस्पतिवार को कहा कि अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान की प्रणालियों एवं उपकरणों को सही ढंग से परखा नहीं गया था और पहली नजर में यह दुर्घटना अचरज में डाल रही है। हादसे का शिकार हुआ विमान बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर था जो चौड़े आकार वाला और दो इंजन से लैस होता है। एविएशन सेफ्टी नेटवर्क के आंकड़ों के अनुसार, 2009 में सेवा में आने के बाद से किसी ड्रीमलाइनर विमान की यह पहली दुर्घटना है।

विमानन सुरक्षा सलाहकार जॉन एम कॉक्स ने कहा कि जांचकर्ता पहला सवाल यह पूछेंगे कि एयर इंडिया का यह विमान उड़ान भरने के लिए सही ढंग से तैयार था या नहीं। वाशिंगटन डीसी स्थित सेफ्टी ऑपरेटिंग सिस्टम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा कि अभी कोई निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी, लेकिन हादसे के समय की तस्वीरों से ऐसे सवाल उठते हैं कि विमान के ऊंचा उठने के समय स्लैट्स और फ्लैप्स सही स्थिति में थे या नहीं। उन्होंने कहा कि तस्वीर में हवाई जहाज का अगला नुकीला हिस्सा 'नोज' ऊपर की ओर उठता हुआ और फिर नीचे की ओर गिरता हुआ दिखाई दे रहा है।

#### दुर्घटना की जांच को ब्रिटेन ने भारत भेजा जांच दल

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने विमान हादसे की जांच के लिए ब्रिटेन का एक दल भारत भेजा है। इससे कुछ देर पहले असैन्य विमान दुर्घटनाओं और गंभीर घटनाओं की जांच करने वाली एक ब्रिटिश एजेंसी ने कहा कि वह दुर्घटना की भारतीय नेतृत्व वाली जांच में सहयोग के लिए एक बहु-विषयक जांच दल भारत में तैनात करेगी।



घटनास्थल पर टूटा पड़ा बोइंग विमान का एक पहिया।



विमान हादसे मे मारे गए एक यात्रा का शव ले जाते स्वास्थ्यकर्मी।



इमारत से विमान के टकराने से पूर्व कैंटीन में छात्र खाना खा रहे थे।



हादसे के बाद घटनास्थल पर बिखरा विमान का मलबा।

#### देश प्रभावित लोगों के साथ खड़ा : मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना को हृदय विदारक आपदा बताते हुए गुरुवार को कहा कि राष्ट्र इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह इस दुखद विमान दुर्घटना के बारे में जानकर बहुत व्यथित हैं। उन्होंने कहा कि यह हृदय विदारक आपदा है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं।

#### विमान हादसे का दृश्य भयावह : स्टॉर्मर



**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन जाने वाले एअर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर शोक व्यक्त किया है। इस विमान में 53 ब्रिटिश नागरिक भी सवार थे। स्टॉर्मर ने कहा कि कई ब्रिटिश नागरिकों को लेकर लंदन आ रहे विमान के अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त होने का दृश्य भयावह है। इस अत्यंत दुखद समय में मेरी संवेदनाएं यात्रियों और उनके परिवारों के साथ हैं।

#### विमानन इतिहास की भयानक दुर्घटना



**वाशिंगटन/न्यूयॉर्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने गुरुवार को अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान हादसे पर गहरा दुख जताते हुए इसे विमानन इतिहास के सबसे भयानक हादसों में से एक बताया। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में हादसे से जुड़े सवालों पर कहा, विमान दुर्घटना बहुत भयानक थी। मैंने उन्हें (भारत को) पहले ही बता दिया है कि हम जो कुछ भी कर सकते हैं, वह करेंगे। वह (भारत) एक बड़ा देश है, एक मजबूत देश है और वे इससे निपट लेंगे।

### बोइंग के सीईओ ने एअर इंडिया के चेयरमैन से बात की

**मुंबई।** बोइंग के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) केली ऑर्टबर्ग ने अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के मद्देनजर एअर इंडिया के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन से बात की। ऑर्टबर्ग ने यह जानकारी दी। ऑर्टबर्ग ने एक बयान में कहा, एअर इंडिया की (बोइंग 787 ड्रीमलाइनर की) उड़ान संख्या 171 में सवार यात्रियों और चालक दल के सदस्यों के प्रियजनों के साथ-साथ अहमदाबाद में प्रभावित सभी लोगों के प्रति हमारी गहरी संवेदना है। उन्होंने कहा, मैंने एअर इंडिया के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन से बात की है और अपना पूरा समर्थन देने की पेशकश की है।

### ईंधन जलने से बढ़े तापमान में बचाने की गुंजाइश नहीं थी : शाह

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान का तापमान ईंधन जलने के कारण इतना अधिक था कि किसी को बचा पाने की कोई गुंजाइश ही नहीं थी। शाह ने संवाददाताओं से कहा, विमान के अंदर 1.25 लाख लीटर ईंधन था। विमान गर्म हो गया था, इसलिए किसी को भी बचाने की गुंजाइश नहीं थी। उन्होंने कहा कि इस त्रासदी के बाद पूरा देश गहरे सदमे में है। शाह ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, अधिकारी मृतकों की संख्या डीएनए की जांच और पीड़ितों की पहचान के बाद आधिकारिक तौर पर जारी करेंगे। शाह ने कहा, अच्छी खबर यह है कि दुर्घटना में एक व्यक्ति बच गया है और मैं उससे मिलने के बाद यहां आया हूं।



### विमानन सुरक्षा मजबूत करने के लिए समिति गठित करेगी सरकार

**मुंबई।** केंद्र सरकार एअर इंडिया विमान दुर्घटना के मद्देनजर विमानन सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एक उच्च स्तरीय बहु-विषयक समिति गठित करेगी। लंदन के गैटविक जा रहा एअर इंडिया का विमान गुरुवार दोपहर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद एक आवासीय इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में दो पायलट और चालक दल के 10 सदस्य सहित 242 लोग सवार थे। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) की ओर से निर्धारित अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुरूप विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने हादसे की औपचारिक जांच शुरू कर दी है। दुर्घटनास्थल का दौरा करने वाले नायडू ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "इसके अलावा, सरकार इस घटना की गहन जांच के लिए विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय समिति गठित कर रही है।" उन्होंने बताया, "समिति विमानन सुरक्षा को मजबूत करने और भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए काम करेगी।




### हंसते-खेलते परिवार ने ली आखिरी सेल्फी... सभी की हादसे में मौत

**राजस्थान।** राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के रहने वाले डॉ. प्रदीप व्यास फैमिली के साथ लंदन शिफ्ट होने वाले थे। डॉ. प्रदीप व्यास और उनकी पत्नी डॉ. कोनी व्यास ने विमान में ही तीन बच्चों के साथ सेल्फी ली थी। सभी लंदन जाने की खुशी में नजर आ रहे थे। यह अब उनकी आखिरी सेल्फी हो गई। इस हादसे में डॉ. प्रदीप व्यास के परिवार के पांचों सदस्यों की दर्दनाक मौत हो गई।

**लंदन शिफ्ट हो रही थी डॉ. कोनी फैमिली :** डॉ. कोनी व्यास उदयपुर के एक हॉस्पिटल में काम करती थी, जबकि उनके पति डॉ. प्रदीप जोशी में लंदन में डॉक्टर थे। डॉ. कोनी ने पति के साथ लंदन शिफ्ट होने के लिए कुछ दिनों पहले ही उदयपुर की नौकरी छोड़ दी थी। उदयपुर के एक हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि डॉ. कोनी व्यास ने एक महीने पहले यहां से जॉब छोड़ दी वे उनके पति के साथ ही रहने के लिए लंदन जा रही थी, इसलिए उन्होंने इस्तीफा दिया।



### शांत स्वभाव और दृढ़ प्रशासनिक शैली के लिए जाने जाते थे रूपाणी

**अहमदाबाद।** एअर इंडिया विमान दुर्घटना में जान गवाने वाले गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी अपने शांत स्वभाग और दृढ़ प्रशासनिक शैली के लिए जाने जाते थे। रूपाणी (68) अगस्त 2016 से सितंबर 2021 तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और उन्होंने गुजरात को कोरोना से उभारने में राज्य का नेतृत्व करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने कॉलेज के दिनों में रूपाणी एक छात्र नेता थे जिन्होंने कई आंदोलनों का नेतृत्व किया और उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के रूप में काम किया। रूपाणी ने 1975 में आपातकाल के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए भावनगर जेल में एक वर्ष के कारावास की सजा काटी थी। राजकोट नगर निगम में पार्षद चुने जाने के साथ ही 1987 में उन्होंने जन सेवा में प्रवेश किया और बाद में वह महापौर बने। वह 2006 से 2012 के बीच राज्यसभा के सदस्य भी रहे। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में राज्य औद्योगिक नीति 2020 की शुरूआत और आदिवासी उत्थान के लिए पहल देखी गई। रूपाणी ने सितंबर 2021 में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और उनकी इस पहल से राज्य चुनावों से पहले ही भूपेंद्र पटेल के लिए मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया।



### एक हफ्ते में इन रूटों पर भरी थी उड़ान

**6 जून :** यह प्लेन दिल्ली से फ्रैंकफर्ट गया और फिर वापस आया।

**7 जून :** यह विमान दिल्ली से पेरिस गया और फिर वापस आया।

**8 जून :** प्लेन दिल्ली से मेलबर्न गया और फिर वापस आया।

**9 जून :** प्लेन दिल्ली से टोक्यो गया और 10 जून को वापस आया।

**11 जून :** यह प्लेन एआई 147 नंबर से दिल्ली से पेरिस के लिए सुबह 5:27 पर रवाना हुआ।

**12 जून :** एआई 148 नंबर से पेरिस से दिल्ली सुबह 1:10 बजे पहुंचा।

**12 जून :** यह प्लेन एआई 423 नंबर से सुबह 10:07 दिल्ली से उड़ान भरा, सुबह 11.40 पर अहमदाबाद पहुंचा।

**12 जून :** एआई 171 नंबर से दोपहर 1:38 पर अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ा और उड़ान भरते ही क्रैश हो गया।

आषाढ़ कृष्ण पक्ष द्वितीया 03:19 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
शुक्रवार, 13 जून 2025
वर्ष 6, अंक 203, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



इरान पर हमला करने की तैयारी में इजरायल 16
महिलाओं को 33% आरक्षण देने को प्रतिबद्ध 14

# सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा के लिए आगे आएं छात्र : योगी

## मुख्यमंत्री ने लोकभवन में मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विद्यार्थियों को नसीहत दी कि वे समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का भाव रखें। सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करने का आह्वान करते हुए कहा कि नुकसान पहुंचाने वाले उपद्रवियों की कंप्लेंट करें। संपत्ति नष्ट करने वालों का वीडियो वायरल करें, बाकी पोस्टर लगाकर सबक सिखाने के लिए सरकार है।

मुख्यमंत्री ने मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए गुरुवार को लोकभवन में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सार्वजनिक संपत्ति निजी संपत्ति नहीं है। यह पूरे समाज के योगदान से बनती है। अगर कोई इसे नुकसान पहुंचाता है तो वह राष्ट्र को नुकसान पहुंचा रहा होता है। इस तरह के कृत्यों को उजागर किया जाना और रोका जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप सभी के पास मोबाइल फोन हैं। अगर किसी को सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हुए देखते हैं, तो उसका वीडियो बनाएं और उसे वायरल करें। हम सुनिश्चित करेंगे कि उस व्यक्ति की पहचान करके उससे वसूली की जाए। यूपी बोर्ड, सीबीएसई व अन्य बोर्ड परीक्षा के टापर रहे 166 मेधावियों को स्कूटी, लैपटॉप व एक-एक लाख रुपये देकर सम्मानित करने और 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेलों में 179 पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार देने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने उन्हें नसीहतें भी दीं। मुख्यमंत्री ने संस्कृत शिक्षा परिषद व निदेशालय के नए भवन का शिलान्यास भी किया।

उन्होंने यह भी कहा कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परिणाम बताते हैं कि बालिकाएं ज्यादा मेहनत करती हैं, जबकि बालक मेहनत करने में थोड़ा पीछे हैं। जिन छात्रों ने यहां पर मेरिट में स्थान प्राप्त किया है उन्हें एक लाख रुपया नकद, एक टैबलेट, एक प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान किया गया है। इस अवसर वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा एवं वित्त दीपक कुमार और डीजी स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा मौजूद भी रहे। माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी संभल से वर्चुअल कार्यक्रम से जुड़ीं।



लोकभवन में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह की शुरुआत करते मुख्यमंत्री योगी।

### पहली बार स्कूली खेलों के पदक विजेता हुए सम्मानित

प्रदेश के 363 खिलाड़ियों ने 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें 179 पदक प्राप्त किए हैं। इसमें 51 स्वर्ण पदक, 46 रजत पदक और 82 कांस्य पदक शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 75 हजार रुपये, रजत पदक प्राप्त करने वाले को 50 हजार रुपये और कांस्य पदक प्राप्त करने वाले को 30 हजार रुपये प्रोत्साहन के रूप में दिए। टीम गेम्स में जिन छात्र-छात्राओं ने स्वर्ण पदक जीता उन्हें 35-35 हजार रुपये, रजत पदक पर 25-25 हजार और कांस्य पदक पर 15-15 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई।

# ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स में भारत 131वें स्थान पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- विश्व आर्थिक मंच की ताजा रिपोर्ट में दो पायदान नीचे खिसका

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की 'ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025' में भारत पिछले साल की तुलना में दो स्थान फिसलकर 148 देशों की सूची में 131वें स्थान पर पहुंच गया है। गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, मात्र 64.1 प्रतिशत के स्कोर के साथ भारत दक्षिण एशिया में सबसे निचली रैंक वाले देशों में से एक है। पिछले साल भारत 129वें स्थान पर था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2025 में भारत 64.4 प्रतिशत के समग्र लैंगिक समानता स्कोर के साथ 131वें स्थान पर रहा। वर्ष 2024 की तुलना में दूसरी अर्थव्यवस्थाओं के बेहतर प्रदर्शन के कारण भारत की रैंकिंग में तुलनात्मक रूप से गिरावट आई है। वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक में लैंगिक समानता को चार प्रमुख आयामों-आर्थिक भागीदारी व अवसर, शैक्षिक उपलब्धि, स्वास्थ्य व जीवन रक्षा, तथा राजनीतिक सशक्तीकरण के आधार पर आंका जाता है। भारतीय अर्थव्यवस्था के समग्र प्रदर्शन में 0.3 अंकों का सुधार हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में जिन आयामों में समानता बढ़ी है, उनमें से एक आर्थिक भागीदारी है, जहां इसका स्कोर .9 प्रतिशत बढ़कर 40.7 प्रतिशत हो गया है।

### श्रम बल भागीदारी में बेहतर हुआ प्रदर्शन

श्रम बल भागीदारी दर में अंक पिछले वर्ष के समान (45.9 प्रतिशत) रहा - जो कि भारत में अब तक का सर्वोच्च है। रिपोर्ट में कहा गया है कि शैक्षिक प्रगति के मामले में भारत ने 97.1 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं, जो साक्षरता और उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए महिलाओं की हिस्सेदारी में सकारात्मक बदलाव को दर्शाता है। रिपोर्ट के अनुसार इसके परिणामस्वरूप समग्र उपसूचकांक के स्कोर में सकारात्मक सुधार हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कि भारत में स्वास्थ्य और जीवन रक्षा में भी उच्च समानता दर्ज की गई है। यह जन्म के समय लिंगानुपात और स्वस्थ जीवन प्रत्याशा में सुधार के कारण संभव हुआ है।

### राजनीतिक सशक्तीकरण में पिछड़ीं महिलाएं

रिपोर्ट के अनुसार कि भारत में राजनीतिक सशक्तीकरण के मामले में पिछले संस्करण के बाद से समानता में मामूली गिरावट (-0.6 अंक) दर्ज की गई है। संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 14.7 प्रतिशत से घटकर 2025 में 13.8 प्रतिशत हो गया, जिससे लगातार दूसरे वर्ष सूचकांक 2023 के स्तर से नीचे रहा। इसी प्रकार, मंत्रिस्तरीय भूमिकाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी 6.5 प्रतिशत से घटकर 5.6 प्रतिशत हो गई है और इस तरह इस वर्ष संकेतक स्कोर अपने उच्चतम स्तर (2019 में 30 प्रतिशत) से और कम हो गया है।

# खुदरा महंगाई 75 महीने के निचले स्तर 2.82 % पर आई

नई दिल्ली, एजेंसी



- फल और सब्जियों के दाम घटने से मई में घटी कीमतें

फलों एवं सब्जियों की कीमतों में नरमी से मई में खुदरा मुद्रास्फीति छह साल के निचले स्तर 2.82 प्रतिशत पर आ गई। यह लगातार चौथा महीना है जब खुदरा मुद्रास्फीति (महंगाई) भारतीय रिजर्व बैंक के चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से कम रही है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल में 3.16 प्रतिशत और मई, 2024 में 4.8 प्रतिशत थी। खुदरा मुद्रास्फीति का पिछला निचला स्तर फरवरी, 2019 में रहा था जब यह 2.57 प्रतिशत थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की तरफ से गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, मई में खाद्य मुद्रास्फीति 0.99 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी महीने में 8.69 प्रतिशत थी। मई, 2025 की खाद्य मुद्रास्फीति का यह आंकड़ा अक्टूबर, 2021 के बाद सबसे कम है। एनएसओ ने कहा कि मई, 2025 के महीने में मुद्रास्फीति में गिरावट मुख्य रूप से दालों एवं उत्पादों, सब्जियों, फलों, अनाज एवं उत्पादों, घरेलू सामान एवं सेवाओं, चीनी एवं मिठाई और अंडे की कीमतों में नरमी के कारण है।

# शेयर बाजार में निवेशकों के डूबे 5.98 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के चलते गुरुवार को निवेशकों की संपत्ति 5.98 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई सेंसेक्स में एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

- शेयर बाजार में बड़ी गिरावट

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच कमजोर वैश्विक बाजार रुझानों के अनुरूप प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 823.16 अंक यानी एक प्रतिशत गिरकर 81,691.98 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स 991.98 अंक यानी 1.20 प्रतिशत गिरकर 81,523.16 अंक पर आ गय था। इस गिरावट से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 5,98,759.27 करोड़ रुपये घटकर 4,49,58,383.92 करोड़ रुपये (5,260 अरब डॉलर) रह गया। बीएसई पर 2,729 शेयरों में गिरावट आई, 1,282 शेयरों में तेजी आई ।

# आगरा में चांदी फैक्ट्री में धमाका, दो लोगों की मौत

आगरा, एजेंसी

- सिलेंडर फटने से हुआ हादसा, चार घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया

आगरा शहर के किनारी बाजार में गुरुवार को चांदी गलाने के कारखाने में रखे गैस सिलेंडर में विस्फोट से लगी आग में झुलकर दो लोगों की मौत हो गई तथा चार अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सोनम कुमार ने यहां बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के किनारी बाजार में अपराह्न करीब दो बजे चांदी गलाने के कारखाने में रखे गैस सिलेंडर में अचानक विस्फोट हो गया और इससे कारखाने में आग लग गई जिसमें झुलसने से कारखाना मालिक सुनील पाटिल (50) और एक श्रमिक आदित्य (19) की मौत हो गई। डीसीपी ने बताया कि इस घटना में चंद्र प्रकाश, अवदूत, राहुल और शैलेन्द्र नामक अन्य व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं और सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम और अग्निशमन विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। उनके मुताबिक, करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

# अदालत ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री को बरी किया



- पुलिस के खिलाफ टिप्पणी मामला

**हैदराबाद।** तेलंगाना की एक अदालत ने पुलिस पर टिप्पणी करने के मामले में प्रदेश के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को गुरुवार को बरी कर दिया । पुलिस के खिलाफ टिप्पणी करने के लिए 2023 में उनके खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया था।

सांसद -विधायक अदालत ने फैसले में कहा कि आरोपी को आईपीसी के तहत दर्ज मामले में दोषी नहीं पाया गया, इसलिए आरोपी को बरी किया जाता है। अपने खिलाफ मामले में रेड्डी इस साल दो बार अदालत के सामने पेश हुए थे। उन्होंने अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया था। अदालत ने 22 मई को कहा था कि मामले में 12 जून को फैसला सुनाया जाएगा।

# आरसीबी के विपणन प्रमुख सहित 4 होंगे रिहा

- बेंगलुरु भगदड़ मामले में कोर्ट ने दिए निर्देश

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने चार जून को बेंगलुरु में मची भगदड़ के सिलसिले में गिरफ्तार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) विपणन प्रमुख निखिल सोसले और तीन अन्य लोगों को गुरुवार को रिहा करने का आदेश दिया। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। हाईकोर्ट से राहत पाने वाले अन्य लोगों में सुनील मैथ्यू, किरण कुमार एस और कार्यक्रम आयोजक कंपनी के शमंत एनपी माविनाकेरे शामिल हैं। उन्हें छह जून को गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने गिरफ्तार किए गए लोगों से अपना पासपोर्ट जमा करने को कहा है। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत का जश्न मनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी।

# यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्त मंत्रालय ने कहा कि एमडीआर लेने के दावे पूरी तरह निराधार एवं भ्रामक

वित्त मंत्रालय ने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) मंच के जरिए लेनदेन पर कोई मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) नहीं लेने की जानकारी दी है।

मंत्रालय ने एक्स पर कहा कि यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर वसूले जाने की अटकलें और दावे पूरी तरह से झूठे, निराधार एवं भ्रामक हैं। इस तरह की निराधार और सनसनी फैलाने वाली अटकलें हमारे नागरिकों के बीच अनावश्यक अनिश्चितता, भय व संदेह उत्पन्न करती हैं। सरकार यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। एमडीआर वह लागत है जो व्यापारी द्वारा बैंक को अपने ग्राहकों से डिजिटल माध्यम से भुगतान स्वीकार करने के लिए चुकाई जाती है। व्यापारी छूट दर लेनदेन राशि के प्रतिशत में व्यक्त की जाती है। यह स्पष्टीकरण उन खबरों के बाद आया है, जिनमें दावा किया गया था कि सरकार बड़े यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर लगाने की योजना बना रही है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मई में यूपीआई लेनदेन 25.14 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले महीने की तुलना में पांच प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

# सोनम को भी मृतक साबित करने का था प्लान

शिलांग, एजेंसी

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**

- राजा के हत्यारों ने बनाई थी योजना, पूछताछ में किया खुलासा
- सोनम का प्रेमी राज कुशवाह ही था हत्याकांड का मास्टर माइंड

राजा रघुवंशी के हत्यारों की योजना किसी महिला की हत्या कर उसके शव को जलाने की थी, ताकि उसे राजा की पत्नी सोनम का शव बताया जा सके और सोनम सच्चाई सामने आने तक कुछ और दिनों तक छिपी रहे। मेघालय पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मेघालय पुलिस को यह भी पता चला कि सोनम का कथित प्रेमी राज कुशवाह हत्या की साजिश का मास्टरमाइंड था और वह सह-साजिशकर्ता थी।

सोनम से पूछताछ के पहले दिन उसके कथित प्रेमी राज और तीन अन्य ने यह भी खुलासा किया कि वह (सोनम) बुर्का पहनकर मेघालय से भागी थी और टैक्सी, बस और ट्रेन जैसे विभिन्न परिवहन साधनों का उपयोग करके मध्यप्रदेश के इंदौर पहुंची थी। पूर्वी खासी हिल्स जिले के पुलिस अधीक्षक विवेक सायम ने बताया कि राजा की हत्या की साजिश 11 मई को सोनम के साथ उसकी शादी से ठीक पहले इंदौर में रची गई थी तथा इसका मास्टरमाइंड राज कुशवाह है, जबकि सोनम ने इस साजिश के लिए सहमति जताई थी। सायम ने कहा कि तीनों युवक दोस्त थे और उनमें से एक राज का चचेरा भाई है। यह हत्या की सुपारी देने का कोई मामला नहीं है। हां, योजना हत्या की थी और उन्होंने अपने दोस्त राज की मदद करने के लिए ऐसा किया। उन्होंने बताया कि वारदात की योजना फरवरी में इंदौर में शुरू हुई थी।

### सोनम को बचाने के लिए बनाया था दो प्लान

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपियों की एक योजना यह थी कि लोगों को विश्वास दिलाया जाए कि वह झरने में बह गई होगी। दूसरी योजना यह थी कि किसी अनजान महिला की हत्या कर दी जाए, उसके शव को दोपहिया वाहन पर लाद दिया जाए, शव को जला दिया जाए और दावा किया जाए कि यह सोनम का शव है।

BDA
बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली





रामगंगा नगर आवासीय योजना एवं ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के विभिन्न सेक्टरों में कॉमर्शियल कम आफिस काम्पलैक्स में शोरूम/आफिस एवं होटल भूखण्ड/पेट्रोल पम्प/स्कूल भूखण्ड/व्यवसायिक भूखण्डों तथा दुकान भूखण्डों को प्राप्त करने का सुनहरा अवसर

पंजीकरण दिनांक 26/05/2025 से 26/06/2025 तक
नीलामी दिनांक 27/06/2025

| क्रम सं0 | सेक्टर | सम्पत्ति का प्रकार | अनुमानित क्षेत्रफल (वर्ग0मी0 में) | रिक्त सम्पत्तियों की संख्या | दर प्रति वर्ग मीटर रू0 | धरोहर धनराशि (5 प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सेक्टर-5 कामर्शियल काम्पलैक्स ब्लॉक-ए में निर्मित | शोरूम (भूतल) | 147 से 151 | 7 | 1,21,420.00 | 9,16,721.00 |
| | | आफिस (प्रथम तल) | 101 से 112 | 10 | 76,250.00 | 4,27,000.00 |
| 2 | सेक्टर-5 कामर्शियल काम्पलैक्स ब्लॉक-सी में निर्मित | शोरूम (भूतल) | 72.00 | 5 | 1,21,420.00 | 4,37,112.00 |
| | | आफिस (प्रथम तल) | 72.00 | 8 | 76,250.00 | 2,74,500.00 |
| 3 | 4-अलखनंदा इंक्लेव | व्यवसायिक भूखण्ड सं0 1 से 5 व 7 | 135.00 | 6 | 71,600.00 | 4,83,300.00 |
| 4 | सेक्टर-5 | व्यवसायिक स्पेस 2 | 538.39 | 1 | 71,600.00 | 19,27,437.00 |
| | | व्यवसायिक स्पेस 3 | 462.06 | 1 | 71,600.00 | 16,54,175.00 |
| 5 | 8-शिप्रा इंक्लेव | व्यवसायिक भूखण्ड सं0 21 व 22 | 200.00 | 2 | 71,600.00 | 7,16,000.00 |
| | | दुकान भू0सं0 7 से 16 | 35.00 | 10 | 71,600.00 | 1,25,300.00 |
| 6 | 8-शिप्रा इंक्लेव | हाईस्कूल भूखण्ड | 2216.34 | 1 | 35,800.00 | 39,67,249.00 |
| 7 | 9-सत्यम इंक्लेव | दुकान भूखण्ड सं0 3,4, 12 से 16 | 34.80 | 7 | 71,600.00 | 1,24,584.00 |
| 8 | 11-पंचवटी इंक्लेव | पेट्रोल पम्प भूखण्ड | 2281.62 | 1 | 71,600.00 | 81,68,200.00 |
| 9 | 11-पंचवटी इंक्लेव | होटल भूखण्ड | 2031.20 | 1 | 71,600.00 | 72,71,696.00 |
| 10 | 11-पंचवटी इंक्लेव | शोरूम भूखण्ड | 400.00 | 1 | 71,600.00 | 14,32,000.00 |
| 11 | 11-पंचवटी इंक्लेव | व्यवसायिक भू0 सं02 | 524.09 | 1 | 71,600.00 | 18,76,243.00 |
| | | व्यवसायिक भू0 सं05 | 709.41 | 1 | 71,600.00 | 25,39,688.00 |
| | | व्यवसायिक भू0 सं01 से 10 | 200.00 | 10 | 71,600.00 | 7,16,000.00 |
| | | व्यवसायिक भू0 सं0 4, 5, 6, 8 से 14 | 150.00 | 10 | 71,600.00 | 5,37,000.00 |
| | | व्यवसायिक भू0 सं0 1 से 5 | 112.50 | 5 | 71,600.00 | 4,02,750.00 |
| | | व्यवसायिक भू0 सं0 9 से 18 | 60.00 | 10 | 71,600.00 | 2,14,800.00 |
| 12 | 2ए-ग्रेटर बरेली आवासीय योजना | इण्टर कालेज भूखण्ड | 8251.98 | 1 | 32500.00 | 1,34,09,468.00 |

बरेली विकास प्राधिकरण की रामगंगा नगर आवासीय योजना एवं ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के विभिन्न सेक्टरों में कॉमर्शियल कम आफिस काम्पलैक्स में शोरूम/आफिस एवं होटल भूखण्ड/पेट्रोल पम्प/स्कूल भूखण्ड/व्यवसायिक भूखण्डों तथा दुकान भूखण्डों का निविदा- सह-नीलामी पद्धति के माध्यम से दिनांक-26.05.2025 से दिनांक-17.06.2025 तक आवेदन आमन्त्रित किये जा रहे है। आवेदन की तिथि दिनांक 26.06.2025 तक बढ़ा दी गई है। जिसकी नीलामी **रामगंगा नगर आवासीय योजना के सेक्टर-02 में नव-निर्मित प्राधिकरण कार्यालय में दिनांक-27.06.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से प्रारम्भ** होगी। नीलामी की नियम व शर्ते प्राधिकरण की बेवसाइट www.bdainfo.org पर प्राप्त की जा सकती है। आवेदन प्रपत्र रू0-590.00 (जी0एस0टी0 सहित) का भुगतान कर प्राधिकरण अधिकृत बैंक पंजाब नैशनल, शाखा-राजेन्द्र नगर, बरेली से प्राप्त किये जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त आवेदन प्रपत्र प्राधिकरण की बेवसाइट www.bdainfo.org से भी ऑनलाइन डाउनलोड किये जा सकते है। ऑनलाइन डाउनलोड किये गये आवेदन प्रपत्र के लिये शुल्क रू0-590.00 का भुगतान पृथक से आवेदन पत्र के साथ जमा कराया जाना अनिवार्य है।

रामगंगा नगर आवासीय योजना, सेक्टर-2, बरेली
Ph.: 0581-2300081, Mob.: 9568006429, 9568006423 | E-mail:bdabareilly@gmail.com | blybda@nic.in | website: www.bdainfo.org

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी)
3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# उप समिति के सामने समस्याओं का अंबार, घिरे अफसर

## नगर निगम, वन विभाग, जीएसटी, परिवहन विभाग के मामलों में समिति के सभापति ने जताई नाराजगी, सुधार के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश विधानसभा की प्रतिनिहित विधायन समिति की उपसमिति की बैठक में बृहस्पतिवार को कई मुद्दे जोरशोर से उठे। कई विभागों की मनमानी और अफसरों की सुस्त कार्यशैली पर सभापति ने नाराजगी जाहिर करते हुए सुधार के निर्देश दिए। समिति ने डीएम से लेकर तहसीलदार के स्तर तक लंबित सभी मामलों का निस्तारण समय सीमा में करने की चेतावनी दी। कई विभाग के अधिकारी गोलमोल जवाब देकर बचते नजर आए।

कलेक्ट्रेट सभागार में उपसमिति के सभापति विपिन कुमार डेविड की अध्यक्षता और समिति के सदस्य अरुण पाठक, गणेश चंद्र, राघवेन्द्र शर्मा, संयुक्त सचिव अजित कुमार वर्मा, समीक्षा अधिकारी ज्ञान प्रकाश की मौजूदगी में बैठक में मामला उठा कि शहरी क्षेत्र में सिटी सीनियर सिटीजन सेंटर का निर्माण कराया गया है। कार्य पूरा हुए एक साल से ज्यादा हो गया लेकिन तीन माह पहले हैंडओवर हुआ है। संचालन अब तक नहीं हुआ। इस पर सभापति ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी लोग सुविधा से वंचित है। उन्होंने जवाबदेही तय करने के साथ 15 दिन में संचालन के आदेश नगर आयुक्त को दिए।



कलेक्ट्रेट सभागार में अफसरों के साथ समीक्षा बैठक करते उपसमिति के सभापति विपिन कुमार डेविड।

नगर आयुक्त ने कहा कि 15वें वित्त आयोग के तहत 74 कार्य स्वीकृत हैं। 61 पूरे हो गए हैं। 13 कार्य प्रगति पर हैं। उपवन योजना 2024-25 में परसाखेड़ा गौटिया में मियावांकी वन लगाए जाने के लिए प्रक्रिया टेंडर में है। कहा कि इसके लिए पूर्व में टेंडर निकाला गया था, मगर किसी ने प्रतिभाग नहीं किया। सीवर और जल निकासी का मामला उठा तो बताया गया कि 197 नाले हैं। इनमें 30 बड़े नाले हैं। सफाई का का कार्य चल रहा है। समिति ने निर्देश दिए कि सिल्ट को समय से उठाया जाए।

जीएसटी के अधिकारियों की कार्रवाई पर सभापति ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अधिकारी अचानक कहीं भी छापा मार देते हैं। इससे व्यापारी परेशान होते हैं। उनके पास न कोई आईकार्ड होता है और न ही पुष्टि करने के लिए कोई नंबर। उन्होंने व्यापारियों का शोषण नहीं करने की हिदायत दी। सभापति ने जीएसटी अधिकारी से व्यापारियों को टोल फ्री नंबर जारी करने और माह में दो बैठकें व्यापारियों के साथ करने के निर्देश दिए।

अमृत 2.0 योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन घरों में सबमर्सिबल के कनेक्शन हैं, वहां पर पानी की सप्लाई न देकर जरूरतमंद लोगों को पानी की उपलब्धता कराई जाए। योजना का उद्देश्य पानी की बर्बादी को कम करना और 24 घंटे पानी उपलब्ध कराना है। सड़क खोदने के बाद उन्हें समय से पाट दें, नहीं तो बारिश में मिट्टी दबने से हादसे की आशंका रहेगी। उन्होंने कहा कि लापरवाही पर कार्रवाई होगी। सबसे पहले उन वार्डों को चयनित करें, जहां पर बिल्कुल भी कार्य नहीं हुआ है। डीएम अविनाश सिंह, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह समेत सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### वन विभाग की 95 प्रतिशत जीवित पौधों की रिपोर्ट पर सभापति ने जताई हैरानी

वन विभाग की समीक्षा के दौरान डीएफओ दीक्षा भंडारी ने रिपोर्ट प्रस्तुत की कि रोपे गए पौधों में 95 प्रतिशत जीवित हैं। रिपोर्ट पर सभापति ने हैरानी जताई और वास्तविक रिपोर्ट तैयार करने के आदेश दिए। डीएफओ ने बताया कि वर्ष 2024 में पौधरोपण के बाद जीवित नहीं बचने वाले पौधों के स्थान पर दूसरे पौधे लगाए गए। वर्ष 2025 में मिले 42 लाख 72 हजार पौधरोपण का लक्ष्य सभी विभागों को आवंटित कर दिया गया है।

### परिवहन विभाग की बैठकों में जनप्रतिनिधियों को नहीं बुलाने पर तय करें जिम्मेदारी

परिवहन विभाग की समीक्षा में मामला उठा कि बैठकों में जनप्रतिनिधियों को नहीं बुलाया जाता है। कहा कि शासनादेश के बाद भी 2023 से जनप्रतिनिधियों को बैठकों में क्यों नहीं बुलाया गया। सभापति ने इसके लिए जिम्मेदारी तय करने के आदेश दिए। एआरटीओ प्रशासन ने बताया जिले में 35 ब्लैक स्पॉट चिह्नित हैं। समिति ने अवैध कटों की जानकारी लेने के साथ ही इन स्थानों पर सड़क हादसों को रोकने के लिए बेहतर प्रबंध करते हुए इसकी रिपोर्ट सौंपने को कहा है।

### 10 हजार बच्चे जूता-मोजा, यूनिफार्म स्वेटर की धनराशि पाने से वंचित

बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा में सामने आया कि करीब 10 हजार ऐसे बच्चे हैं, जिनके परिजनों के खातों में डीबीटी के माध्यम से यूनिफार्म, स्वेटर, जूता-मोजा, बैग की धनराशि नहीं पहुंच सकी है। इसकी वजह आधार से फीडिंग होने में दिक्कत बताई गई। सभापति ने लखनऊ में बैठक बुलाकर समस्या का समाधान कराने के आदेश दिए। सभी विद्यालयों में फर्नीचर की व्यवस्था कराने के आदेश दिए।

### आंगनबाड़ी भर्ती में धांधली करने वालों पर करें कार्रवाई

बैठक में आंगनबाड़ी भर्ती में धांधली का मुद्दा उठा। बताया कि तीन लोगों पर कार्रवाई हुई। सभापति ने कहा कि मामले में शामिल सभी लोगों पर कार्रवाई करें। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य दिसंबर तक हर हाल में पूरा करने के आदेश दिए। राजस्व विभाग में लंबित मामलों की समीक्षा कर बहेड़ी, फरीदपुर, मीरगंज में लंबे समय से वाद लंबित मिले। निस्तारण और अवैध कब्जे हटाने के आदेश दिए। खनन विभाग में मीरगंज में बालू के दो पट्टों के लिए 6 हजार आवेदन आए। एक पट्टे का आवंटन हो गया। कहा कि किसानों को बेवजह परेशान न करें। पंचायती राज विभाग की त्रिनेत्र योजना में तेजी लाने के लिए कहा।

# कूड़ा देने से मना करने वाली 55 हाउसिंग सोसाइटियां निशाने पर

- नगर आयुक्त ने सोसाइटियों का सर्वे कर कार्रवाई के दिए निर्देश
- जुर्माना लगाने के साथ ही दर्ज कराया जाएगा मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर निगम डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन से मना करने वाली करीब 55 सोसाइटियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी में है। ऐसी कालोनियों की सूची तैयार कर संबंधित के अध्यक्षों को नोटिस भेजा जा रहा है। इनके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई के साथ नगर निगम रूल्स तोड़ने का मुकदमा दर्ज कराएगा।

शहर की 55 से अधिक हाउसिंग सोसाइटियां डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में रूचि नहीं दिखा रही हैं। सोसाइटी के बाहर खाली स्थानों पर कूड़ा डंप कर रही हैं। इसके कारण सही तरीके से कूड़े का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। इसी सोसाइटियों का सर्वे शुरू कर दिया गया है, जो डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए जाने वाले वाहनों को कूड़ा न देकर खुले में फेंक रही हैं। मामले में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने स्वास्थ्य विभाग और डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाली एजेंसी संचालकों के साथ बैठक कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। एजेंसी संचालकों ने नगर आयुक्त को बताया है कि हाउसिंग सोसाइटी के कुछ लोगों ने कूड़ा देने के लिए सुबह पांच बजे का समय तय किया था। जब कूड़ा कलेक्शन के लिए वाहन गया तो उन्हें भगा दिया। कूड़ा देने से मना कर दिया।

# शिकायतों के समाधान के लिए डीडीओ को बनाया नोडल

**बरेली, अमृत विचार :** जिले के ग्रामीण इलाकों से प्रतिदिन आने वाली शिकायतों के समाधान के लिए सीडीओ देवयानी ने डीडीओ दिनेश कुमार को नोडल अधिकारी नामित कर दिया है। डीडीओ रोजाना समस्याएं सुनकर कम से कम समय में उसका निस्तारण कराएंगे।

सीडीओ ने बताया कि उन्होंने पाया कि लोग अलग-अलग समस्याओं के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से रोजाना जिला मुख्यालय आते हैं। एक बार में समस्या का निस्तारण नहीं होने पर उन्हें बार-बार आना पड़ता है। इस समस्या के निदान के लिए डीडीओ को नोडल अधिकारी बना दिया है। डीडीओ दिनेश कुमार का सीयूजी नंबर 9454464644 भी जारी किया है। लोग इस नंबर पर अपनी समस्या बता सकते हैं।

# पश्चिमी रिंग रोड ने भरी रफ्तार, 150 किसानों को पौने दो सौ करोड़ आवंटित

- झुमका तिराहे से चौबारी तक करीब 11 सौ किसानों की भूमि का किया जाना है अधिग्रहण
- करीब सात सौ करोड़ रुपये विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय को आवंटित करना है
- तहसील सदर से रिपोर्ट आने पर दस्तावेज चेक कर किसानों के खाते में भेजी जा रही धनराशि

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** लखनऊ, दिल्ली के साथ बदायूं हाईवे को जोड़ने के लिए बनाए जा रहे पश्चिमी रिंग रोड ने रफ्तार पकड़ ली है। जल्द निर्माण शुरू कराने के लिए झुमका तिराहे (धंतिया) से चौबारी तक फोरलेन रिंग रोड की जमीन अधिग्रहण करने के लिए किसानों को तेजी से मुआवजा बांटा जा रहा है। अब तक 150 किसानों को पौने दो सौ करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की जा चुकी है।

चौबारी तक करीब 11 सौ किसानों की भूमि अधिग्रहण होनी है। तकरीबन सात सौ करोड़ रुपये आवंटित किए जाने हैं। तहसील सदर से रिपोर्ट आने के बाद विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय के अधिकारी दस्तावेज जांचने के बाद किसानों को मुआवजा (प्रतिकर) धनराशि उनके खातों में भेज रहे हैं।

रिंग रोड का निर्माण दिल्ली-नेशनल हाईवे पर झुमका चौराहा (धंतिया गांव) के पास से नेशनल हाईवे-30 लखनऊ रोड पर इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी के पास तक बनेगा। पहले चरण में धंतिया से चौबारी तक रिंग रोड का निर्माण किया जाना है, इसलिए बादशाह नगर, बेहटी देह जागीर, चौबारी मुस्तकीम, धंतिया, महेशपुर ठाकुरान, महगवां उर्फ ऊंचा, रसूला चौधरी, रोंधी मुस्तकीम, सहसिया हुसैनपुर, सराय तल्फी, सराय तल्फी मुस्तकीम और सरनियां गांव की जमीनें पहले अधिग्रहण की जा रही हैं। विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों के अनुसार रिंग रोड के लिए अधिग्रहण होने वाली भूमि पर 863 करोड़ रुपये खर्च होने हैं। 29.92 किमी लंबे रिंग रोड पर तीन रेलवे ओवरब्रिज, 17 अंडरपास और तीन चौराहे बनाए जाएंगे। फिलहाल, 150 किसानों को धनराशि आवंटित की जा चुकी है।

# सीएम ग्रिड योजना के दूसरे चरण का 35 करोड़ रुपये से होगा काम

- कोहाड़ापीर से सूद धर्मकांटा और कुदेशिया फाटक तक दो सड़कों के चौड़ीकरण की योजना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (सीएम ग्रिड योजना) के दूसरे चरण के काम पर 35 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। जिसका शासन स्तर से टेंडर हो गया है। इससे चौड़ीकरण, सौन्दर्यीकरण और फुटपाथ, भूमिगत केबल आदि का निर्माण होगा।

योजना के दूसरे चरण में कोहाड़ापीर से सूद धर्मकांटा और कुदेशिया फाटक तक दो सड़कों का चौड़ीकरण होगा। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद सड़कों के किनारे अतिक्रमण हटा कर काम शुरू किए जाएंगे। यहां पर नालियां और स्टॉर्म वाटर ड्रेन का निर्माण होगा। सड़क के दोनों ओर फुटपाथ बनेगा और पौधरोपण किया जाएगा। सभी बिजली के पोल को हटाकर भूमिगत केबल डाली जाएगी।

सीएम ग्रिड योजना के तहत तीन चरणों में काम होने हैं। इसमें पहले चरण में मॉडल टाउन में काम चल रहा है। मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने बताया कि सीएम ग्रिड के दूसरे चरण का टेंडर शासन स्तर हुआ है। इसमें कोहाड़ापीर से सूद धर्मकांटा और कुदेशिया फाटक तक काम किया जाएगा।

# तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस पहुंचा, गर्मी से लोग हुए बेहाल

**बरेली, अमृत विचार:** जिले में भीषण गर्मी से लोग बेहाल हो रहे हैं। दिन के साथ रात में भी गर्मी पड़ने से लोगों की नींद भी पूरी नहीं हो पा रही है।

गुरुवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस अधिक 40.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो इस जून में सबसे अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.8 डिग्री अधिक 29.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने शुक्रवार से पांच दिनों तक तेज हवा चलने और बारिश का अनुमान जताया है। इससे गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है।

# मच्छरों का हमला हुआ तेज मझगवां में एमएमयू करेगी जांच

- जिले में मलेरिया के मामले 247 पहुंचने के बाद स्वास्थ्य विभाग हुआ अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** जिले में मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। शहर की तुलना में देहात क्षेत्र में मच्छर अधिक प्रभावी हैं। अब तक देहात के ही पांच ब्लॉकों में सर्वाधिक मलेरिया के नए मामले सामने आए हैं। इनमें पहले नंबर पर मझगवां ब्लॉक है। यहां मलेरिया विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर लोगों को मलेरिया से बचाव के साथ ही इलाज भी मुहैया करा रहीं है लेकिन अब मेडिकल मोबाइल यूनिट को भी जांच और स्क्रीनिंग के लिए लगाया जाएगा। सीएमओ ने एमएमयू प्रभारी को इस संबंध में आदेश जारी किया है।

मलेरिया विभाग से मिली रिपोर्ट के अनुसार जिले में मलेरिया मरीजों की संख्या दो सौ के पार पहुंच गई है। इनमें मझगवां ब्लॉक में सबसे अधिक 77 मरीज सामने आ चुके हैं।

वहीं फतेहगंज पश्चिमी, शेरगढ़, क्यारा और मीरगंज ब्लॉक भी मलेरिया को लेकर संवदेनशील घोषित किए गए हैं। इस संबंध में सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि बेहतर प्रयास और जांचों की संख्या बढ़ने के बाद भी बीते बरसों की तुलना में इस वर्ष मलेरिया का प्रकोप काफी कम है लेकिन लोगों का बचाव और मरीजों को तुरंत इलाज मुहैया कराया जा सके।

Lifelines OF BAREILLY
MEDICAL
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में संतुष्टीकरण का कार्यकाल

- भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बोले-आज के समय में भारत घुसकर मारने की नीति पर चलता है, न कि चुप्पी साध लेने की

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व वित्तमंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि भाजपा ने 11 साल के कार्यकाल के दौरान तुष्टीकरण की जगह संतुष्टीकरण का काम किया है। सबका साथ सबका विकास का काम किया है। आज के समय में भारत घुसकर मारने की नीति पर चलता है, न कि चुप्पी साध लेने की।

शुक्रवार को अपने आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 साल में कई ऐतिहासिक काम हुए हैं। वर्ष 2014 से प्रारंभ हुई यह यात्रा केवल सत्ता परिवर्तन नहीं बल्कि सुशासन सेवा और संतुलित विकास की क्रांतिकारी पहल थी, जिसने भारत को वैश्विक



प्रेसवार्ता में जानकारी देते राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, साथ में सांसद छत्रपाल।

मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाई है।

प्रधानमंत्री के कार्यकाल में बिना भेदभाव के समाज के हर वर्ग को योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान अनुच्छेद 370 को समाप्त कर भारत की अखंडता मजबूत करने का काम किया है। 16 हजार से अधिक जन औषधि केंद्रों के जरिए लोगों को सस्ती दवाइया उपलब्ध कराई हैं। काशी कॉरिडोर और राम मंदिर निर्माण जैसे सांस्कृतिक गौरव के काम हुए हैं। आपरेशन सिंदूर के जरिए आतंकवाद पर देश की जीरो टॉलरेंस नीति प्रमाणित की है। इसके साथ किसान सम्मान निधि, महिलाओं के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। देश की जीडीपी ने जापान को पीछे छोड़ दिया और पांच ट्रिलियन इकोनॉमी बनने की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर भी कई केंद्रीय परियोजनाओं का लाभ मिला है। कटरा हुलसा नगर क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज, बरेली में हवाई अड्डे का निर्माण, टनकपुर- काठगोदाम ट्रेन का विस्तार, बरेली से मुम्बई तक ट्रेन सेवा का प्रस्ताव, मेट्रो, राजकीय इंटर कालेज को आर्मी स्कूल में बदलने का प्रस्ताव, अवंतीबाई लोधी महिला महाविद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव है। प्रेसवार्ता के दौरान सांसद छत्रपाल गंगवार, एससी-एसटी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया मौजूद रहे।




### आज का मौसम

बादल छाए रहने और हल्की बारिश के आसार।



41.0⁰ अधिकतम तापमान | 28.0⁰ न्यूनतम तापमान

### शहर में आज

- कलेक्ट्रेट परिसर में नवनिर्मित साक्षी वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष का लोकार्पण मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल द्वारा दोपहर 12 बजे।
- उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता की सर्किट हाउस में अफसरों के साथ बैठक दोपहर 2:30 बजे।
- मॉडल टाउन स्थित गुरुद्वारा गुरु गोबिंद सिंह में गुरमति समागम एवं कीर्तन दरबार शाम 8 से 10 बजे तक।
- इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन बरेली चैप्टर की ओर से नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष सीए दिनेश गोयल का सम्मान समारोह शाम 8 बजे।
- क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय के सहयोग से फ्यूचर यूनिवर्सिटी कैंपस में मेगा जॉब फेयर सुबह 10 बजे।
- अंकित चतुर्वेदी स्मारक डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन चैंपियनशिप स्पोर्ट्स स्टेडियम में दोपहर 3 बजे।

### एक नजर

## शत-प्रतिशत बिलिंग नहीं करने वाले मीटर रीडरों को हटाने के निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने गुरुवार को नगरीय वितरण मंडल के तहत कामर्शियल वर्टिकल 1, 2 और रेड वर्टिकल की समीक्षा बैठक की। जिसमें राजस्व लक्ष्यों एवं बिलिंग को शतप्रतिशत प्राप्त करने के निर्देश दिए। मुख्य अभियंता ने कहा कि बिलिंग को शतप्रतिशत प्राप्त न करने वाले मीटर रीडरों की छंटनी की जाएगी। इसके साथ ही राजस्व लक्ष्यों को प्राप्त न करने वाले अवर अभियंता और सहायक अभियंताओं के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सबसे कम राजस्व लक्ष्यों को प्राप्त करने वाले कर्मचारियों का ट्रांसफर किया जाएगा। अधीक्षण अभियंता ब्रह्मपाल, अधिशासी अभियंता अंकित गंगवार, सतेन्द्र चौहान आदि मौजूद रहे।

## बिजली चोरी रोकने को निकाला फ्लैग मार्च

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर सबस्टेशन के रैन बसेरा फीडर, 33/11केवी कुतुबखाना उपकेंद्र से 11 केवी सराय खान फीडर तक अधिकारियों ने फ्लैग मार्च निकालकर उपभोक्ताओं को जागरूक करते हुए बिजली चोरी नहीं करने की अपील की।

# सीबीगंज सबस्टेशन ओवरलोड, चार घंटे की कटौती से लोग हुए बेहाल

## सनसिटी सबस्टेशन के बन्नूवाल नगर में बंच केबल जलने से आपूर्ति बाधित, शहर के अन्य इलाकों में भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग की रही समस्या

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** गर्मी का पारा चढ़ते ही शहर में बिजली संकट लगातार गहराता जा रहा है। सीबीगंज सबस्टेशन ओवरलोड हो जाने से गुरुवार को चार घंटे की कटौती की गई। उसके बाद लोहिया विहार सबस्टेशन से आपूर्ति को बहाल कराया गया। वहीं सनसिटी सबस्टेशन के बन्नूवाल नगर में बंच केबल में आग लग जाने से आपूर्ति प्रभावित हो गई। शहर के अन्य इलाकों में भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान होते रहे।

सीबीगंज सबस्टेशन के सीबीगंज, खलीलपुर रोड, स्लीपर रोड, लोहिया विहार, शिवनगर, पिंक सिटी आदि मोहल्लों में गुरुवार दोपहर 2 बजे बिजली गुल हो गई। उसके बाद शाम 6 बजे आपूर्ति बहाल हो सकी। एसडीओ अभिषेक कपासिया ने बताया कि सीबीगंज सबस्टेशन ओवरलोड हो गया था, जिसकी वजह से शटडाउन लेकर कुछ लोड कम करके लोहिया विहार सबस्टेशन पर डालकर आपूर्ति को बहाल कराया गया। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने भी अधीक्षण अभियंता के साथ लोहिया विहार सबस्टेशन का निरीक्षण किया।

गुरुवार शाम 6 बजे सनसिटी सबस्टेशन के बन्नूवाल नगर में बंच केबल जल गई, जिससे रात 9 बजे तक क्षेत्र में आपूर्ति बाधित रही। इसके अलावा रामपुर गार्डन, कुतुबखाना, हरुनगला आदि जगह पर भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या रही। सुबह, सनसिटी, महानगर, हरुनगला, जगतपुर आदि जगह पर कटौती से उपभोक्ता परेशान हुए। सुभाषनगर, मढ़ीनाथ, किला और डेलापीर से जुड़े इलाके में भी कटौती की गई।

**आज इन इलाकों में गुल रहेगी बिजली:** 33/11 केवी सबस्टेशन सिविल लाइंस-2 पर शुक्रवार को काम कराने के चलते सिविल लाइंस, चौकी चौराहा रोड, अयूब खां चौराहा, इस्लामिया मार्केट, चौपुला रोड, नावल्टी चौराहा, सपा कार्यालय, मिशन कम्पाउन्ड, रेलवे कालोनी, निगम वाली गली, भल्ला मार्केट, पुरानी पुलिस लाइन, जीजीआईसी, नैना हाउसिंग कालोनी, सिटी सब्जी मंडी, डलाव वाली मठिया, बिहारीपुर, शिव पुरी, कुंवरपुर आदि की आपूर्ति सुबह 5 से 09 बजे तक बंद रहेगी।



शेरगढ़ में ट्रांसफार्मर में आग लगने के बाद उठतीं लपटें। ● अमृत विचार

### ट्रांसफार्मर बना आग का गोला, बचे राहगीर

गर्मी में बिजली का लोड बढ़ते ही ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो रहे हैं। शेरगढ़ के मवई काजियान में सलमानी मार्केट के पास रखे 100 केवीए के ट्रांसफार्मर पर 175 घरेलू और कॉमर्शियल कनेक्शन विभाग ने दे रखे हैं। लेकिन कई बार क्षमता वृद्धि के लिए ग्रामीणों ने अधिकारियों के यहां शिकायतें की लेकिन बिजली विभाग ने उसका संज्ञान नहीं लिया। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 15 दिनों से ट्रांसफार्मर से धुआं निकल रहा था, लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया। जिसके चलते गुरुवार की दोपहर को ट्रांसफार्मर में आग लग गई। जिसके बाद ट्रांसफार्मर आग का गोला बन गया। आग की चपेट में आने से कई ग्रामीण बाल-बाल बच गए। आग लगने से बिजली गुल हो गई और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### कटौती से परेशान उद्यमी मुख्य अभियंता से मिले

भोजीपुरा औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों ने गुरुवार को मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश से कार्यालय में मुलाकात की। जिसमें उद्यमियों ने बताया कि लगातार बिजली कटौती और ट्रिपिंग होने से उद्योग प्रभावित हो रहा है। बिजली कटौती पर अंकुश लगाया जाए। मांग करते हुए कहा कि औद्योगिक क्षेत्र को बेहतर आपूर्ति दी जाए, ताकि उद्यमियों को राहत मिले। मुख्य अभियंता ने जल्द ही उनकी समस्या का समाधान का आशवासन दिया है।

### महेंद्रनगर कॉलोनी में बिजली का संकट, घेराव की चेतावनी

महेंद्र नगर कॉलोनी, डोहरा रोड में पिछले सात दिन से बिजली का संकट बना हुआ है। सोशल आउटरीच कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र सहारा 'एडवोकेट' ने बताया कि गर्मी में कटौती से कॉलोनी में त्राहि-त्राहि मची हुई है। इसकी शिकायत कई बार अधिशासी अभियंता और एसडीओ से भी की जा चुकी है मगर अब तक व्यवस्था में कोई सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समाधान नहीं होने पर एक-दो दिन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ ही कॉलोनीवासी एकत्रित होकर अधिशासी अभियंता के कार्यालय का घेराव करेंगे।



लोहिया विहार सबस्टेशन का निरीक्षण करते मुख्य अभियंता।

### मुख्य अभियंता ने 16 टीजी टू के किए ट्रांसफर

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने गुरुवार को जिले के 16 टीजी टू के ट्रांसफर किए हैं। आदेश के तहत टीजी टू राकेश कुमार को विद्युत वितरण खंड बहेड़ी और विवेक कुमार अग्रवाल को विद्युत परीक्षण खंड भेजा गया है। अनिल कुमार, सलीम शाह, रामवीर, रामकुमार, चंद्र प्रकाश, सोहन लाल, सुबोध कुमार, संजीव कुमार मिश्रा को विद्युत वितरण खंड रामपुर रोड भेजा गया है। छोटेलाल, झांझन लाल, प्रमोद कुमार सक्सेना, सुनील तिवारी, राशिद हुसैन जैदी, विशाल गंगवार का विद्युत वितरण खंड शाहजहांपुर रोड ट्रांसफर किया गया है।

## एक जेई पर तीन सब स्टेशनों का जिम्मा, संकट में कैसे संभले हालात

**बरेली, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में बिजली संकट से लोग त्रस्त हैं। लाइनों में फाल्ट और ट्रांसफार्मर में खराबी को सही करने के लिए बिजली विभाग के पास तकनीकी स्टाफ की काफी कमी है। हालात ऐसे हैं कि एक-एक जेई पर तीन-तीन सब स्टेशनों से जुड़े हजारों उपभोक्ताओं की जिम्मेदारी है। स्टाफ की भी कमी है। इसकी वजह से फाल्ट जल्द ठीक नहीं हो पा रहे हैं। शहर के 24 सबस्टेशन पर बिजली आपूर्ति के लिए 11 केवी और हाइटेंशन लाइन देखने की जिम्मेदारी सिर्फ सात जेई और चार एसडीओ पर है। वहीं संविदा कर्मचारियों की छंटनी के बाद स्टाफ में और कमी हो गई। इससे फाल्ट ठीक होने में समय और ज्यादा लग रहा है। शहर में 2.50 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ता हैं। पहले शहरी क्षेत्र के

- **शहर के 24 सबस्टेशन पर बिजली आपूर्ति की जिम्मेदारी सिर्फ 7 जेई देख रहे हैं**
- **पहले 24 जेई देखते थे आपूर्ति संविदा का स्टाफ भी कम होने से हो रही दिक्कत**

सभी सबस्टेशन पर एक-एक जेई की तैनाती थी, लेकिन जनवरी से शहरी क्षेत्र में वर्टिकल व्यवस्था को लागू कर दिया। जिसमें 11 केवी और हाइटेंशन लाइन के लिए चार एसडीओ की टीम बनाकर सात जेई पर शहरी क्षेत्र की जिम्मेदारी दे दी गई। जिसमें सिविल लाइंस 1, 2, 3, सदर कैंट, कुतुबखाना, मिशन, रामपुर गार्डन सबस्टेशन की की आपूर्ति के लिए एसडीओ जसीम अख्तर, जेई रवि भटनागर, कृष्णकांत के साथ 27 कर्मचारियों का स्टाफ है। इसी तरह डेलापीर, इज्जतनगर, राजेन्द्रनगर, शाहदाना, डीडीपुरम, कोहाड़ापीर सबस्टेशन की आपूर्ति के लिए एसडीओ ओपी कुशवाह, जेई सगीर अहमद, मंजीत सिंह के साथ कुल 34 लोगों का स्टाफ है। वहीं किला, सुभाषनगर, मढ़ीनाथ, परसाखेड़ा, सीबीगंज, लोहिया विहार सबस्टेशन की जिम्मेदारी के लिए एसडीओ अभिषेक कपासिया, जेई चंद्रमा प्रसाद और रविन्द्र कुमार के अलावा टीजी टू और संविदा लाइनमैन है। महानगर, सनसिटी, हरुनगला, जगतपुर सबस्टेशन के लिए एसडीओ विपुल शुक्ला के साथ ही एक जेई बिजली आपूर्ति को देख रहे हैं। ऐसे में कई जगह एक समय पर फाल्ट होने पर कर्मचारियों की कमी होने से फाल्ट ठीक होने में समय लगता है।

## ट्रेनों ने कराया इंतजार, अमृतसर स्पेशल 12 घंटे की देरी से पहुंची

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** गर्मी में ट्रेनों की लेटलतीफी रेल यात्रियों के लिए मुसीबत बनी हुई है। गुरुवार को अमृतसर स्पेशल 12 घंटे की देरी से जंक्शन पहुंची। जिससे यात्रियों को इंतजार करना पड़ा। इसके अलावा अन्य स्पेशल ट्रेनें भी लेट होने से यात्री परेशान हुए।

अमृतसर स्पेशल ट्रेन गुरुवार को 12 घंटे 30 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची। 04301 योगानगरी स्पेशल पांच घंटे, 15211 जननायक एक्सप्रेस एक घंटे की देरी से आई। इसके अलावा 04210 चंडीगढ़-लखनऊ स्पेशल, 14650 सरयू यमुना एक्सप्रेस, 13006 अमृतसर-हावड़ा एक्सप्रेस, 12231 चंडीगढ़ सुपरफास्ट, 04030 मुजफ्फरपुर स्पेशल, 22454 राज्यरानी एक्सप्रेस, 12369 कुंभ एक्सप्रेस, 15006 देहरादून-गोरखपुर एक्सप्रेस, 12392 श्रमजीवी एक्सप्रेस, 12318 अकालतख्त एक्सप्रेस समेत अप-डाउन की 20 से ज्यादा ट्रेनें छह घंटे तक की देरी से आईं। 15910 अवध असम एक्सप्रेस, 13152 कोलकाता एक्सप्रेस, 13307 गंगा सतलुज एक्सप्रेस, 13010 दून एक्सप्रेस भी लेट होने से रेल यात्री परेशान होते रहे। जहां भीषण गर्मी में ट्रेनें फुल होकर चल रही हैं। एसी श्रेणियों में भी कंफर्म टिकट नहीं मिला रहा। इस बीच मेरठ, मुरादाबाद, देहरादून से लखनऊ के बीच यात्रा करने वाले लोगों के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस काफी सहूलियत दे रही है। देहरादून-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस गुरुवार को देहरादून से 15 मिनट की देरी से 2:39 बजे चलाई गई।




- **योगनगरी और जननायक एक्सप्रेस भी हुई लेट**

## सिर में गंभीर चोट लगने से हुई सिपाही की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** सिर में गंभीर चोट लगने से सिपाही मुकेश कुमार त्यागी की मौत हुई थी। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजन सिपाही के शव को चंदोसी ले गए। इस मामले में अब तक किसी ने पुलिस को तहरीर नहीं दी है।

सिपाही मुकेश कुमार त्यागी सुभाषनगर थाना क्षेत्र के मढ़ीनाथ में वीरेंद्र पाठक के मकान में पत्नी तरुणा त्यागी और बेटी के साथ किराये पर रहते थे। अत्यधिक शराब पीने के कारण उन्हें निलंबित किया गया था। वह चार दिन से ड्यूटी पर भी नहीं पहुंचे थे। बुधवार को सिपाही का शव उनके कमरे में खून से लथपथ हालत में मिला था। गुरुवार को सिपाही के शव का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। इंस्पेक्टर सुभाषनगर अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस घटना की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार मुकेश की मौत सिर में गंभीर चोट लगने के कारण हुई है।

## चार साल की बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को आखिरी सांस तक कैद

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** चार साल की बच्ची को पचमोला की गोली दिलाने के बहाने बाग में ले जाकर दुष्कर्म और कुकर्म करने के आरोपी आंवला थाना क्षेत्र निवासी ऋषिपाल (20) को कोर्ट ने परीक्षण में दोषी पाया।

स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट देवाशीष ने दोषी को आजीवन कारावास (शेष प्राकृत जीवनकाल के लिए) और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माने की पूरी रकम पीड़िता को मिलेगी। साथ ही अदालत ने पॉक्सो एक्ट के तहत सरकार की योजना के तहत 25 हजार रुपये अतिरिक्त शारीरिक मानसिक आघात के प्रतिकर के रूप में दिये जाने का भी आदेश दिया है।

सरकारी वकील राजीव तिवारी और आलोक प्रधान ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना आंवला में तहरीर देकर बताया था कि 11 नवंबर 2023 को तालाब के किनारे बच्चों के साथ उनकी चार साल की पुत्री खेल रही थी। जब वह तालाब की तरफ गया तो बेटी वहां नहीं थी।

बच्चों से पूछा तो बताया कि बेटी को ऋषिपाल जंगल की तरफ बहला फुसलाकर ले गया। परिवार वालों के साथ ढूंढते-ढूंढते जंगल में पहुंचे तो वहां बाग में बेटी रो रही थी। ऋषिपाल उन्हें देखकर भागने लगा, जिसको पकड़कर थाने लेकर आया। घटना शाम करीब 3-4 बजे की है। पुलिस ने शुरू में छेड़छाड़ की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर दुष्कर्म, कुकर्म, पॉक्सो एक्ट की धाराओं की बढ़ोत्तरी कर आरोप पत्र कोर्ट भेजा था।

शासकीय अधिवक्ता ने नौ गवाह और 11 सबूत पेश किये। वहीं बचाव पक्ष ने आरोपी के मंदबुद्धि होने की दलील दी।

- **पचमोला की गोली दिलाने के बहाने अभियुक्त चार वर्षीय बच्ची को बाग में ले गया था**
- **25 हजार रुपये अतिरिक्त शारीरिक मानसिक आघात के प्रतिकर के रूप में देने का आदेश**

> 'मासूम बच्ची के साथ आरोपी ने मात्र अपनी कामेच्छा की पूर्ति के लिए जघन्य अपराध किया, वह पूर्ण रूप से परिपक्व था और अच्छा बुरा जानता था। अदालत ने आरोपी को उसके कृत्य की सजा भुगतने के लिए आखिरी सांस तक कारावास का दंड देकर पीड़िता के साथ न्याय किया है। दंडादेश के जरिए समाज को संदेश दिया है कि बेटियों के साथ अपराध पर दोषियों को कठोर दंड मिलना तय है।'
>
> -**राजीव तिवारी,** विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट कोर्ट

## बहनोई के हत्यारोपी तहेरे साले की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता, बरेली:** चचेरे बहनोई के हत्यारोपी थाना शाही के ग्राम कुल्छा की गौटिया निवासी सुरेन्द्र की जमानत अर्जी जिला जज सुधीर कुमार ने खारिज कर दी।

डीजीसी क्राइम रीतराम राजपूत ने बताया कि मृतक के पिता प्रेमपाल ने थाना शाही में तहरीर देकर बताया कि 30 दिसम्बर 2024 को दिन में 1 बजे पुत्र सुरेन्द्र और उसकी पत्नी पिंकी दोनों को बेटे का तहेरा साला सुरेन्द्र पुत्र महेंद्रपाल अपने साथ मेहमानदारी के लिए कुल्छा की गौटिया ले आया था। शाम करीब 4:30 बजे पुत्र के साथ उसके ससुराल वालों ने विवाद किया। पुत्र के ससुर शेरबहादुर ने फोन कर कहा कि तुम आ जाओ नहीं तो हम सुरेन्द्र को जान से मार देंगे। इसके बाद गांव पहुंचे तो कुछ नहीं बताया, पता चला कि उसके बेटे को पेड़ पर लटका दिया है। बेटे के ससुरालवालों ने उसकी फांसी लगाकर हत्या कर दी थी।

# कार्रवाई का नहीं डर, हैदरी दल का एक और वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** हैदरी दल के सदस्यों पर पुलिस की कार्रवाई का भी कोई असर नहीं पड़ा। सोशल मीडिया पर अब दो वीडियो और पोस्ट किए हैं, जिनमें दल के कुछ लोग एक युवक को पीटते दिख रहे हैं। युवक ने हिजाब पहने युवती से बातचीत की थी। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में आक्रोश है।

7 जून को गांधी उद्यान में हिजाब पहने युवतियों से पूछताछ करने और उनके वीडियो वायरल करने के बाद सामने आए हैदरी दल के दो सदस्यों को दो दिन पहले कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया था, लेकिन पुलिस की इस कार्रवाई का असर इस दल के सदस्यों पर नहीं पड़ा। बल्कि कार्रवाई के बाद इंस्टाग्राम आईडी पर एक बाद एक कई वीडियो अपलोड किए हैं। जिनमें दल के सदस्य ऐसे कार्य और बयान दे रहे हैं, जिससे आपसी सौहार्द बिगड़े।

**समाज में पनप रही नफरत :** लोगों का कहना है कि इस तरह के दल सोशल मीडिया पर संचालित होने गलत हैं। इससे बरेली में सांप्रदायिक सौहार्द पर असर पड़ेगा। इस तरह के दलों के सदस्यों पर पुलिस को कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। ये लोग दल नहीं बल्कि बरेली में नफरत के बीच वो रहे हैं। शांति और सौहार्द को बिगाड़ने की साजिश रच रहे हैं।




हैदरी दल के दो सदस्यों के छूटने के बाद वायरल किए फोटो।




बरेली शरीफ नाम की इंस्टाग्राम आईडी पर भी पोस्ट किए फोटो।

- **हिजाब पहने युवती से बात करने पर एक युवक को जमकर पीटा**
- **वीडियो वायरल होने के बाद से लोगों में आक्रोश, सख्त कार्रवाई की मांग**

### इस तरह के डाले वीडियो

इंस्टाग्राम आईडी पर हैदरी दल के सदस्यों ने एक वीडियो अपलोड किया, जिसमें दूसरे धर्म का लड़का हिजाब पहने युवती से बात करते हुए दिख रहा है। जिस ऑटो से युवती जा रही है। उसमें भी युवक बातचीत कर रहा है। इस पर उन्होंने लिखा है बिफोर और उसी वीडियो पर लिखा है आफ्टर जिसमें हैदरी दल के कई सदस्य बातचीत करने वाले युवक को लात घूंसों से पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके अलावा आरोपियों ने एक बरेली शरीफ नाम से इंस्टाग्राम पर एक आईडी बनाई है। जिसमें लिखा है अभी तो सिर्फ हमारी पहचान बनी है बेटा, नाम तो ऐसा करेंगे कि हैदरी दल का नाम पूरी दुनिया में गूंजेगा। वहीं इंस्टाग्राम पर बनी हैदरी दल यूपी 25 नाम की आईडी पर भी पोस्ट किया गया है कि अभी तो सिर्फ पहचान बनी है, काम ऐसे करेंगे कि हैदरी दल नाम पूरी दुनिया में गूंजेगा। उसके नीचे लिखा है कि डरने की जरूरत नहीं है। ग्रुप के दोनों बंदे छूट गए हैं।

## चालक को कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर ई-रिक्शा लूटा

**बरेली, अमृत विचार :** बदमाशों ने ई-रिक्शा चालक को कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया और ई-रिक्शा लूटकर उसे फेंक दिया। पीड़ित की शिकायत पर थाना बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एजाजनगर गौटिया निवासी सत्तार ने बताया कि वह किराये पर ई-रिक्शा लेकर चलाता है। 5 जून को उसने राजकुमार से किराये पर ई-रिक्शा लिया था। ई-रिक्शा राजकुमार की पत्नी लक्ष्मी के नाम पर है। वह दोपहर के समय ईंट पजाया चौराहा से छोटी विहार जा रहा था। उसमें चार सवारियां थीं। रास्ते में एक सवारी ने उसे कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया, जिससे वह बेहोश हो गया। इसके बाद आरोपी उसे रामगंगा नगर कॉलोनी की ओर फेंक कर ई-रिक्शा लेकर भाग गए।

## सिपाही से रिश्वत मांगने वाले बाबू पर कार्रवाई की संस्तुति कर रिपोर्ट भेजी

**बरेली, अमृत विचार:** एनपीएस फंड से 50 हजार रुपये निकलवाने के एवज में तीन हजार रुपये की रिश्वत मांगने वाले कोषागार के बाबू दीपक के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति करते हुए डीएम की रिपोर्ट मुख्यालय भेजी गई है। मुख्य कोषाधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि बाबू के खिलाफ मुख्यालय से कार्रवाई होगी। मुख्यालय अपने स्तर से जांच कराएगा, ताकि आरोपी को बचने का मौका न मिल सके।

दरअसल, सीडीओ के गनर रह चुके सिपाही आकाश कुमार ने कुछ दिन पहले कोषागार में बाबू दीपक से एनपीएस फंड निकालने के लिए आवेदन किया। आरोप है कि बाबू ने सिपाही से फंड निकलवाने के बदले में पहले पांच हजार की मांग की। जब आकाश ने कहा कि वह सीडीओ का गनर रह चुका है, तब बाबू ने दो हजार रुपये कम करके तीन रुपये की मांग की। ये सभी बातें सिपाही ने मोबाइल में भी कैद कर लीं। जब मामले की शिकायत डीएम से की गई तो उन्होंने एडीएम सिटी को जांच करने के आदेश कर दिए। एडीएम सिटी सौरभ दुबे की जांच में बाबू दोषी मिला। इसके बाद डीएम अविनाश सिंह ने बाबू पर कार्रवाई करने की संस्तुति करते हुए मुख्य कोषाधिकारी को रिपोर्ट भेज कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

- **वीडियो वायरल होने पर एडीएम सिटी ने जांच कर रिपोर्ट डीएम को सौंपी थी**

## चक चुंगी के पास मिला युवक का शव

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी पुलिस को चक चुंगी के पास युवक का शव मिला। आधार कार्ड के आधार पर युवक की पहचान विजय कुमार के रूप में हुई।

मृतक की पत्नी मीनू ने बताया कि विजय मंगलवार को घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं आए। विजय शराब पीने के आदी थे। विजय की मौत के बाद पत्नी और दो बेटियों का रो रोकर बुराहाल है।

- **विजय कुमार के रूप में हुई शिनाख्त**






सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक
30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता
महिला या पुरुष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।
चिकित्सक



डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant
महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज
जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)



डॉ. संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAP)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist
पुरुषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।
पुरुषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज
निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृतिम गर्भाधान की सुविधा
सम्पर्क
प्रातः 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द
सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कॉलोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली
मो. 9927788842
0581-2510177

खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
पंजी. सं. 19706
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामिया मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

## जीरो पॉवर्टीः वृद्धावस्था पेंशन के पात्र मिले लोगों के आय प्रमाण पत्र बनाने का आदेश

**बरेली,अमृत विचार** : सीडीओ ने जीरो पॉवर्टी अभियान के तहत सर्वे और सत्यापन के बाद चिह्नित किए वृद्धावस्था पेंशन के पात्रों के जल्द से जल्द आय प्रमाण पत्र जारी करने के आदेश सभी एसडीएम को दिए हैं। अभियान के तहत 1 अक्टूबर तक जिले को गरीबी से मुक्त घोषित करना है। इसके लिए सरकारी योजनाओं से वंचित लोगों का सर्वे और सत्यापन का कार्य पूरा हो चुका है। 27 हजार से अधिक लोगों को अलग-अलग योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। कई विभागों ने पात्रों को लाभ देना शुरू कर दिया है। वहीं, सत्यापन में अपात्र मिले लोगों का भी सीडीओ के आदेश पर दोबारा से सत्यापन किया जा रहा है, ताकि कहीं कोई पात्र छूटने न पाए। सत्यापन के बाद वृद्धावस्था पेंशन का लाभ देने के लिए 927 लोग चिह्नित किए गए हैं। समाज कल्याण विभाग से इन्हें प्रति माह एक हजार रुपये की किश्त दी जाएगी। हालांकि योजना में शामिल करने के लिए आय प्रमाण पत्र बनना जरूरी है। सीडीओ देवयानी ने सभी एसडीएम को आदेश दिए हैं कि जल्द से जल्द सभी का आय प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाए।

# एक तरफ बन तो दूसरी तरफ से उखड़ रही सड़क

## लोक निर्माण विभाग की ओर से दिल्ली रोड मथुरापुर से बड़ा बाईपास तक बनाई जा रही है सड़क

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** मथुरापुर से बड़ा बाईपास तक की सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग करा रहा है। एक तरफ सड़क बन रही है तो दूसरी तरफ उखड़ जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण में घटिया सामग्री लगाई जा रही है और बारिश में सड़क और खराब हो जाएगी। इससे पहले ग्रामीणों ने मिट्टी साफ किए बिना गुणवत्ताविहीन तरीके से सड़क बनाने का आरोप लगाया था, लेकिन जिम्मेदार अफसरों ने इसे नजरअंदाज कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि यदि जांच नहीं कराई गई तो वह मुख्य अभियंता का घेराव करेंगे। इससे पहले शेरगढ़ में सड़क उखड़ने का मामला सामने आया था।

मथुरापुर गांव से बड़ा बाईपास को जाने वाली सड़क से मथुरापुर, बंडिया, खना गौटिया, तिलियापुर, बोहित, बिबियापुर, घुसा, परधौली समेत करीब 10 गांव के हजारों लोगों का आना-जाना है।

सड़क पर अधिक गड्ढे होने पर पिछले साल ही पैचवर्क पर लाखों रुपये खर्च किए गए थे। इस साल फिर से नए सिरे से टेंडर निकाला गया। पिछले महीने सड़क बनने पर लोगों ने राहत की सांस ली लेकिन अब सड़क बनने के बाद ही उखड़ जा रही है।

### लोगों ने घटिया सामग्री लगाने का लगाया आरोप

सड़क बनने के बाद ही उखड़ने लगी है। इससे न केवल सरकारी धन की बर्बादी हो रही है, बल्कि लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।
**- अरुण शर्मा**, बंडिया

मथुरापुर से बड़ा बाईपास जाने वाले मार्ग पर काम बेहद घटिया तरीके से हो रहा है। बिना मिट्टी साफ किए सड़क पर कोलतार मिलाकर बजरी डाली जा रही है।
**- सद्दाम**, तिलियापुर

पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को सड़क निर्माण की गुणवत्ता की मौके पर जाकर जांच करनी चाहिए। पिछले साल भी पैचवर्क पर लाखों रुपये का बजट खपाया था।
**-आरिफ**, मथुरापुर

सड़क का घटिया निर्माण किया जा रहा है। कहीं न कहीं भ्रष्टाचार किया जा रहा है। सड़क खराब होने से लोगों की परेशानी और बढ़ जाएगी।
**-इमरान**, बंडिया

### ठीक तरीके से हो रहा काम, कराएंगे जांच

सड़क निर्माण की जांच के लिए पिछले दिनों सहायक और अवर अभियंता को भेजा गया था। छिटपुट कमियां मिलने पर ठेकेदार को चेतावनी दी थी। सड़क बनने के बाद उखड़ने का मामला संज्ञान में नहीं है। इंजीनियरों को मौके पर भेजकर सड़क गुणवत्ता की जांच कराई जाएगी।- **भगत सिंह**, एक्सईन प्रांतीय खंड लोनिवि



मथुरापुर में बनने के बाद कुछ इस तरह उखड़ रही सड़क। ● अमृत विचार

सुखी एवं वैवाहिक जीवन के लिए सम्पर्क करें
डॉ. पुष्कर राज अरोरा क्लीनिक
(पुरुष गुप्त रोगी मिलें)
यदि आप भी धात, स्वप्न दोष, मर्दाना कमजोरी गुप्त रोगों एवं शुक्राणुओं की कमी का राज वैद्यों के नुस्खों पर आधारित कीमती एवं बहुमूल्य रत्नों, भस्मों द्वारा उचित आयुर्वेदिक इलाज करवाना चाहते हैं तो शीघ्र मिलें
निकट शाही बस स्टैंड, रामपुर रोड, बरेली
शनिवार, रविवार
लाल पुल मवेशी अस्पताल के सामने, बदायूं
गुरूवार, शुक्रवार
भुर्जी टोला, आंवला
सोमवार
समय : सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
8273105033, 9412555559

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है
● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना



धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुडाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

## चार स्कूलों का निर्माण पूरा, आठ एसीआर बने

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में उच्च प्राथमिक विद्यालय बहरोली, हिम्मतपुर, सिमरा बोरीपुर और मझगवां का निर्माण पूरा हो चुका है। वहीं, आठ एसीआर (एडीशनल क्लास रूम) में से छह का कार्य पूरा हो गया है। अफसरों के अनुसार उच्च प्राथमिक स्कूल करीमगंज, टाडा, खंजनपुर, पट्टीबिहारीपुर, म्यूड़ी खुर्द और अलीनगर में एसीआर तैयार हो गए हैं। जबकि दो विद्यालयों में 75 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। जबकि पीएमश्री के 15 प्रस्तावित विद्यालयों में 13 में बालवाटिका, एसीआर का निर्माण 75 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

# मौलाना तौकीर का गिरफ्तारी देने का एलान बोले, मुसलमानों के साथ हो रही नाइंसाफी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **आईएमसी प्रमुख बोले, हैदरी दल पर पुलिस ने की एकतरफा कार्रवाई**

**अमृत विचारः** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने गुरुवार को सिटी स्टेशन के सामने एक मदरसे में हुए कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि मुसलमानों के साथ नाइंसाफी की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाफ एकतरफा कार्रवाई की जा रही है। अब खामोश बैठने का समय नहीं है। रविवार को वह अपनी गिरफ्तारी देंगे।

आईएमसी प्रमुख ने कहा कि कुछ लोग आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के तलवे चाट रहे थे। उस वक्त सच्चे देश भक्त मुसलमानों पर अंग्रेजों की लाठियां चल रही थीं, लेकिन आज सच्चे हिन्दुस्तानी मुसलमान जो देश के लिए अपनी जान दे सकते हैं उन्हीं पर पुलिस की लाठियां चल रही हैं। जो गद्दार देश को लूट रहे हैं, उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

मौलाना ने कहा कि हमारे खिलाफ मॉब लिंचिंग हो रही है। बहन बेटियों को बेइज्जत किया जा रहा है। जब तक यह तरीका बंद नहीं किया जाता तब तक हमें आजाद रहने का कोई हक नहीं है। उन्होंने कहा जो कहते हैं कि मुसलमानों का कत्ल कर दो, उनकी बहन बेटियों को बहका कर शादियां करो, नकाब खींचते हैं उन पर कार्रवाई नहीं होती। पिछले दिनों शहर के एक पार्क में मुस्लिम लड़कियों को समझाने वाले लोगों पर एकतरफा कार्रवाई कर दी गई। मौलाना ने कहा अब खामोश बैठने का वक्त नहीं है।

### शमशाद बाबू बने आईएमसी जिलाध्यक्ष

लंबे समय से भंग चल रहे आईएमसी संगठन को गुरुवार को आईएमसी प्रमुख के निर्देश पर बहाल कर दिया गया है। जिसमें शमशाद बाबू को बरेली जिलाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि बरेली महानगर की जिम्मेदारी पार्षद अनीस सकलैनी को सौंपी गई है। कार्यक्रम का संचालन मुफ्ती एहसानुल हक चतुर्वेदी ने किया। इस मौके पर मुनीर इदरीसी, साजिद सकलैनी, सलीम खान, वकील खान, आबिद मंसूरी, रिजवान अंसारी, अल्तमश रजा, इस्तेखार अहमद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# सपा के पीडीए से गायब है मुसलमानः शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचारः** आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने गुरुवार को कहा कि आजकल समाजवादी पार्टी की पीडीए बैठकों का सिलसिला शुरू हो रहा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव पीडीए के जरिए आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में कामयाबी का दम भर रहे हैं, लेकिन अफसोस की बात है इस पीडीए से मुसलमान गायब है।

अखिलेश यादव जब किसी सभा या प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित करते हैं तो उनकी जुबान पर मुसलमान शब्द नहीं होता है। मौलाना ने कहा कि पुरानी समाजवादी पार्टी और नई समाजवादी पार्टी में बड़ा अंतर है। मुलायम सिंह यादव एक चेहरे वाले लीडर थे। वह मुसलमानों के हितैषी और हमदर्द थे। मुस्लिम धर्मगुरुओं का बड़ा सम्मान करते थे, लेकिन अखिलेश यादव बिल्कुल पलट विपरीत दिशाओं के व्यक्ति हैं। यह मुस्लिम धर्मगुरुओं का सम्मान करना नहीं जानते हैं। मुस्लिम समाज की समस्याओं पर आवाज नहीं बुलंद करते। मुस्लिम जनप्रतिनिधियों से मिलने के लिए इनके पास समय नहीं होता है। इसलिए मुसलमान अखिलेश यादव को अपना हितैषी और हमदर्द नहीं मानता, ये स्वार्थी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा मुसलमानों के लिए अपने बंद दरवाजे खोल दे तो मुसलमान भाजपा में जाने के लिए पुर्नविचार कर सकता है।

# स्वयं सहायता समूह को करोड़पति की श्रेणी में लाने का कार्य करें

● **डीएम ने लखपति दीदी योजना के संबंध में की बैठक**

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने लखपति दीदी योजना के संबंध में बृहस्पतिवार शाम कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में बैठक करते हुए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश हैं कि सभी लोग नौकरी लेने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनें। जिले में बहुत से स्वयं सहायता समूह लखपति की श्रेणी में आ गए हैं, अब उन्हें करोड़पति की श्रेणी में लाने के लिए कार्य करें।

जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूह की दीदियों से कहा कि आप लोग जहां भी कार्य करें, वहां पर अपना बैनर लगाएं, जिससे अधिक से अधिक लोगों को जानकारी हो सके। जो भी उत्पाद बनाएं, उसकी गुणवत्ता उच्च रखें, जिससे उस उत्पाद की बिक्री अधिक हो। खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने-अपने ब्लॉक में प्रेरणा कैंटीन डेवलप करें, स्वयं सहायता समूह की दीदियों को उसकी जिम्मेदारी दें। साथ ही जिन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मानदेय समय पर नहीं मिल रहा, उन्हें शीघ्र मानदेय दिलाएं। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने ब्लाकों में एक बैंक्वेट हाल खुलवाएं, स्वयं सहायता सहायता समूह की दीदियों को कैटरिंग का काम दें, जिससे उन्हें रोजगार मिल सके। डीसी एनआरएलएम, समस्त खंड विकास अधिकारी, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, बैंक सखी आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## अब 26 को होगा एलएलबी का पेपर

**बरेली, अमृत विचारः** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने चौथी बार एलएलबी की स्कीम बदल दी है। शुक्रवार को होने वाला एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर का द्वितीय पेपर अब 26 जून को 11 बजे से दो बजे की पाली में होगा। परीक्षा नियंत्रक ने अपरिहार्य कारणों से पेपर हटाने की बात कही गई है।

इससे पहले भी तीन बार स्कीम में बदलाव किया जा चुका है। ऐसे में बार-बार परीक्षा कार्यक्रम बदलने से उन छात्रों को दिक्कत होती है जो बाहर से परीक्षा देने आते हैं। छात्रों को बार-बार नया प्रवेश पत्र भी डाउनलोड करना होता है। यूनिवर्सिटी कैंपस में संचालित एमएड द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाओं की तारीख निर्धारित कर दी गई है। परीक्षा 18 से 30 जून तक 11 बजे से दो बजे की पाली में कराई जाएंगी।

# जलकल विभाग के पास सामान की कमी, हजारों लीटर पानी हो रहा बर्बाद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **जगतपुर में एक माह से पाइप के लिए लोग कर रहे हैं इंतजार**

**अमृत विचारः** नगर निगम के जलकल विभाग के पास सामानों की कमी के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पाइप न होने की वजह से लीकेज कई दिनों तक ठीक नहीं हो रहे हैं और हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है।

जगतपुर वार्ड में नलकूप के पास करीब एक माह से लीकेज हो रहा है। इस वजह से हर रोज हजारों लीटर पानी बर्बाद हो जा रहा है। इस कारण पानी का प्रेशर भी आसपास के मोहल्लों में कम हो गया है। पार्षद प्रतिनिधि चंद्रपाल राठौर ने बताया कि नलकूप के पास लीकेज की जानकारी देने पर नगर निगम की टीम ठीक करने के लिए आई लेकिन बैंड पाइप विभाग के पास नहीं था। इसकी वजह से गाजियाबाद और नोएडा से पाइप को मंगाना पड़ा। इसी तरह सिविल लाइंस, सूफी टोला, पुराने शहर सहित अन्य जगहों पर लीकेज होने के कारण पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इनके मरम्मत के लिए पाइप आने का इंतजार है।



जगतपुर में नलकूप में लीकेज होने से बर्बाद हो रहा पानी। ● अमृत विचार

### बिजली कटौती से 18 वार्डों में पेयजल व्यवस्था लड़खड़ाई

भीषण गर्मी में बिजली संकट का असर पेयजल व्यवस्था पर भी पड़ रहा है। निगम के जलकल विभाग की बातों पर गौर किया जाए तो करीब 18 वार्डों में इन दिनों बिजली ठीक से न मिलने के कारण पानी की टंकी पूरी तरह से नहीं भर पा रही है। कई जगहों पर बार-बार बिजली गुल होने से टंकी खाली हो जा रही है। इसके कारण लोगों को पानी स्टोर करना पड़ा रहा है और पानी खरीदना भी पड़ा रहा है। वहीं नगर निगम के शिकायत प्रकोष्ठ में पानी न मिलने की शिकायतों की संख्या बढ़ी है।

# सांसारिक उलझनों से ऊपर उठने और परमात्मा से जुड़ने की दी प्रेरणा

## जनकपुरी गुरुद्वारे में मनाया प्रकाश पर्व, शुक्रवार को होगा अमृत संचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली



जनकपुरी गुरुद्वारे में कीर्तन करता रागी जत्था। ● अमृत विचार



प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारे में कीर्तन में शामिल संगत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिन्द साहिब जनकपुरी में श्री गुरु हरगोबिन्द साहिब के पावन प्रकाश पर्व को समूह संगत ने जोरशोर से मनाया। गुरुद्वारे में गुरुवार को मुख्य दीवान सजाया गया। सुबह 4 बजे श्री सुखमणि साहिब व नितनेम के पाठ से शुरू हुआ कार्यक्रम दोपहर 3 बजे तक चला। कार्यक्रम में पहले हजूरी रागी सतवंत सिंह ने आसा दी वार गायन किया, जिसमें जीवन की सांसारिक उलझनों से ऊपर उठने और परमात्मा से जुड़ने की प्रेरणा दी गई।

गुरुद्वारा मंझी साहिब श्री अमृतसर से धर्म प्रचारक ज्ञानी हरमित्तर सिंह ने धर्म की बारीकियों को बताया। साथ ही शुक्रवार को होने वाले अमृत संचार में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि बिना अमृत छके कोई गुरु वाला बन ही नहीं सकता। अन्त में श्री दरबार साहिब अमृतसर से रागी संदीप सिंह ने संगत को औखी घड़ी न देखन देहि अपना बिरद सम्भाले एवं धन धन हमारे भाग, घर आया फिर मेरा, जमिया पूत भगत गोबिन्द का आदि का गायन कर संगत को निहाल किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तरफ से गुरु साहिब के नाम पर 250 से अधिक पौधे वितरित किए गए। गुरु तेग बहादुर सेवा सोसायटी की तरफ से संगत के लिए गन्ने का रस और अनेकों छबील के स्टॉल लगाए गए। गुरु का लंगर देर शाम तक रहा। कार्यक्रम में कई नेताओं व मंत्रियों ने भी गुरु ग्रन्थ साहिब के समक्ष माथा टेका व गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य सेवादार हर नाम सिंह, रमिंद्र सिंह, रणजीत सिंह, निरमान सिंह बग्गा, परमजीत सिंह दुआ, हरविंदर सिंह, रविन्द्र सिंह बग्गा, रविन्द्र पाल सिंह, राकेश सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।

## तीन दिन के अंदर चलाएं पत्रावली नहीं तो कटेगा वेतन

**बरेली, अमृत विचार :** सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने को लेकर शुरू हुई सख्ती का असर दिखने लगा है। सीडीओ देवयानी के गंभीर होने के बाद डीडीओ दिनेश कुमार ने बृहस्पतिवार को सभी 81 विभागों के अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग की।

डीडीओ ने जिन कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू होने के बाद भी नियमित पत्रावलियां ऑनलाइन नहीं चलाई जा रही हैं, उन अधिकारियों से कहा कि तीन दिन के अंदर इसमें सुधार ले आएं। नियमित फाइलें चलाएं। अगर लापरवाही की जाती है तो वेतन काटने की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अब तक ई-ऑफिस प्रणाली लागू नहीं करने वाले विभागों के अधिकारियों को निर्धारित प्रारूप पर ब्योरा 18 जून तक डीडीओ कार्यालय में भेजने के आदेश दिए हैं।

डीडीओ दिनेश कुमार ई-ऑफिस प्रणाली के नोडल अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि, 81 विभागों के साथ वीसी की गई है। 43 विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू है। 23 विभाग फाइलों को ऑनलाइन आदान-प्रदान कर रहे हैं, जबकि 20 विभाग ऑनलाइन फाइल स्थानांतरित करने में सुस्त हैं। 38 विभागों में ऑनलाइन कामकाज शुरू नहीं हुआ है।

# बैडमिंटन : अंडर 11 में मनप्रीत व शुभ सिंघल पहुंचे फाइनल में

## तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिता की हुई शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, बरेली



स्पोर्ट्स स्टेडियम के स्मार्ट सिटी हॉल में बैडमिंटन मैच खेलते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम के स्मार्ट सिटी बहुद्देशीय हॉल में गुरुवार को तीन दिवसीय अंकित चतुर्वेदी मेमोरियल डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन चैंपियनशिप की शुरुआत हुई। अंडर 11 में मनप्रीत और शुभ ने फाइनल में प्रवेश किया। अलग-अलग वर्गों में करीब 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

पुरुष एकल के मैच में विशाल सिंह ने शौर्य वर्मा को, नमन गांधी ने विशाल पचनंदा को, सचिन पाल ने युवराज जोशी को, अमन सिंह ने नित्यांशु को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। महिला एकल में ईशा सिंह ने प्रीति सिंह को, काव्या ने कोपल गंगवार को, अदिति ने सिमरन को, नेहा सिंह ने अविका गंगवार को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

बालक एकल अंडर 11 में मनप्रीत ने सूर्यांश शर्मा को, शुभ सिंघल ने अजमेरा विहान को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। बालक एकल 15 में कैरव चौधरी ने आनंद अग्रवाल को, आराध्य कौशिक ने रिदित अग्रवाल को, अग्रिम दीक्षित ने राज शर्मा को, यश चन्द्रा ने अब्दुर रहमान को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंडर 17 में युवराज जोशी ने विनायक साहनी को, अस्मित सिंह ने यश चन्द्रा को, रजत कुमार ने अथर्व अग्रवाल को, अमन सिंह ने रनवीर मलिक को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

बालक एकल वर्ग अंडर 19 के मैचों में अमन सिंह ने अंश वर्मा को, शौर्य कुमार दुबे ने शौर्य अग्रवाल को, रक्षित सोलंकी ने अस्मित सिंह को, युवराज जोशी ने शौर्य गंगवार को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। बालिका एकल अंडर 13 में कनिष्का जोशी ने आश्मा अनेजा को, अनविशा साहना ने नंदिका रस्तोगी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। बालक एकल 13 वर्ष में सुनीत सिंह मलिक ने ईशान थपलियाल को, देवाशीष ने शिखर सक्सेना को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव अनिल मेहरोत्रा ने बताया कि शुक्रवार को सभी इवेंट के सेमीफाइनल मैच होंगे। कोषाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी ने बताया कि यह टूर्नामेंट उनके पुत्र की याद में 2014 से प्रत्येक वर्ष कराया जाता है। अध्यक्ष डीएल खट्टर, उपाध्यक्ष राकेश टंडन, एडवाइजर जेडए खान, कोषाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, हरीश छावड़ा, देवेन्द्र थापा आदि उपस्थित रहे।।

## सर्वाइकल, माइग्रेन दर्द के निदान के लिए योग आसन बताए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● गांधी उद्यान में भारतीय योग संस्थान की ओर से शिविर आयोजित

**अमृत विचार :** भारतीय योग संस्थान की ओर से पांच दिवसीय हड्डी रोग निवारण शिविर का आयोजन गांधी उद्यान में हुआ। शिविर में कंधे, रीढ़, घुटने, कोहनी का दर्द, साइटिका दर्द, फ्रोजन शोल्डर, सर्वाइकल, माइग्रेन आदि के निदान एवं रोकथाम के लिए विभिन्न योग आसन, ध्यान एवं प्राणायाम के बारे में बताया गया।

शिविर में डॉ. विनोद पागरानी, डॉ. अशोक अग्रवाल, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, डॉ. आशु अग्रवाल, आशीष सक्सेना जुंबा ट्रेनर ने विस्तृत जानकारी दी। संचालन डॉ. एसी सक्सेना जिला प्रधान, हरिओम अग्रवाल जिला मंत्री ने किया। दयाशंकर, गोपाल सिंह मेहरा, एवं एचडी शाक्य क्षेत्रीय प्रधान, मनमोहन संयोजक, आरएल शर्मा, संजीव सक्सेना क्षेत्रीय मंत्री, अनुपम लखियानी मीडिया प्रभारी, सुभाष पांडेय, माधवेंद्र वर्मा, सीमा क्षेत्री, रीता खंडेलवाल, कविता अग्रवाल, ऊषा अग्रवाल, अंशु लखियानी आदि का सहयोग रहा।




गांधी उद्यान में हड्डी रोग निवारण शिविर में उपस्थित शहर के वरिष्ठ डॉक्टर।

## आत्मरक्षा के लिए छात्राओं को मिलेगी मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग

**बरेली, अमृत विचार :** सरकार ने छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट सिखाने का निर्णय लिया है। इसके लिए 1 जुलाई से रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण की शुरुआत की जाएगी। डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि जिले के सभी 67 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को मार्शल आर्ट की 40 मिनट तक ट्रेनिंग दी जाएगी। सभी राजकीय स्कूलों में ट्रेनर तैनात किए जाएंगे। ट्रेनिंग के दौरान लापरवाही न हो, इसके लिए जिला स्तर पर समिति गठित की जाएगी। समिति में अध्यक्ष डीएम और सचिव डीआईओएस होंगे। तीन महीने की ट्रेनिंग दी जाएगी।

## मोहर्रम की तैयारियां शुरू, इमामबाड़ों की हो रही सफाई

**बरेली, अमृत विचार :** मोहर्रम को लेकर इमामबाड़ों में तैयारी शुरू हो गई है। मोहर्रम के महीने से ही इस्लामी नए साल का आगाज हो जाएगा। मोहर्रम के 10 दिन तकअलग-अलग इमामबाड़ों से जुलूस निकलेंगे।

इमामबाड़े में रंगाई पुताई और साफ-सफाई की शुरुआत हो चुकी है। मलूकपुर पुलिस चौकी स्थित फतेह निशान, खुर्शीद खां का इमामबाड़ा में पुताई का काम शुरू हो गया है। सुभाषनगर के मोहल्ला पुरवा बब्बन खां स्थित चुम्मन बी का पुश्तैनी इमामबाड़ा 5 मोहर्रम को सजाया जाएगा। चुम्मन बी के इमामबाड़े में मोहर्रम के मौके पर बड़ी तादाद में अकीदतमंद आते हैं और मन्नतें मुरादें मानते हैं। पम्मी खां वारसी ने कहा कि मोहर्रम हमें सब्र, हक और सच्चाई की सीख देता है। कर्बला के शहीदों की याद में सबीलें लगाना, जरूरतमंदों की मदद, आपसी प्रेम भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम को भी साफ सफाई के लिए ज्ञापन दिया जाएगा।

B.I.U. BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Admission Open
Session 2025-26
BIU COLLEGE OF PHARMACY BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## सार-संक्षेप

### वनमंत्री ने बच्चों को सम्मानित किया




**बरेली, अमृत विचार :** किड्जोन किंडरगार्टन एंड डे केयर स्कूल में आयोजित समर कैंप के समापन पर बेहतर प्रस्तुति देने वाले बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार ने किया। बच्चों ने आर्ट, कल्चर, डांस, ड्रामा आदि की प्रस्तुति दी। बच्चों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट्स और मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। मुख्य अतिथि ने बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्या रूपम सिन्हा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### कपल डांस में वैभव अग्रवाल और अदिति प्रथम



**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ बरेली की ओर से गुरुवार को बाईपास स्थित रिसोर्ट में लेडीज नाइट का आयोजन हुआ। महिला सदस्य स्काई ब्लू रंग के परिधानों में पहुंचीं। कई तरह के गेम्स हुए। लेडीज सरप्राइज गेम में पुष्पा सक्सेना, फीमेल डांस में राखी मनोहर विजयी रहीं। कपल डांस में वैभव अग्रवाल और अदिति प्रथम रहे। पुरुष एकल सिंगिंग में राहुल अग्रवाल व सुप्रिया अग्रवाल, जेंट्स रैंप वाक में अजय बास विजेता चुने गए। जेंट्स गेम में सचिन गुप्ता पहले स्थान पर रहे। 40 वर्ष से अधिक आयु के गेम में सुधा गुप्ता और 40 से कम आयु के गेम में आयुषी शर्मा प्रथम रहीं। समयनिष्ठा के लिए निधि भावेश अग्रवाल को पुरस्कृत किया गया। अध्यक्ष सीएस अंकित अग्रवाल, सचिव शरद मेहरोत्रा, डीजीई राजेन विद्यार्थी, पूर्व अध्यक्ष नरेश मलिक, मोहन गुप्ता, जया मेहरोत्रा, मानसी गोयल, शालिनी विद्यार्थी, शिल्पी शर्मा, अंजू गुप्ता, मेधा कृष्ण आदि मौजूद रहे।

### हवन-भंडारे के साथ हुआ भागवत कथा का समापन



**बरेली, अमृत विचार :** संजयनगर स्थित एक बारात घर में सात दिनों से चल रही श्रीमद्भागवत कथा का गुरुवार को समापन हो गया। भागवत की विदाई धूमधाम के साथ हवन कर की गई। इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कथा व्यास आचार्य रमाकांत दीक्षित ने बताया कि कई दिनों से चल रही कथा में भक्तों ने हर प्रकार का सहयोग किया। इस मौके पर अरविंद अग्रवाल, यश अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, दीपेश अग्रवाल, विष्णु शुक्ला, देव दीक्षित, अनुराग अवस्थी, प्रवीण अग्रवाल, श्याम बिहारी गोयल, विवेक मित्तल आदि लोग मौजूद रहे।

### सर्किट हाउस में 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधरोपण



**बरेली, अमृत विचार :** 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत सर्किट हाउस में गुरुवार को विधानसभा की उप समिति के सभापति एवं सदस्यों ने पौधरोपण किया। समिति के सभापति विपिन कुमार डेविड, सदस्य अरुण पाठक, गणेश चंद्र और संयुक्त सचिव अजीत कुमार वर्मा ने मौलश्री का पौधा रोपित किया। विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, डीएम अविनाश सिंह, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने भी पौधरोपण किया। पौधरोपण कार्यक्रम में प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भंडारी, क्षेत्रीय वनाधिकारी वैभव चौधरी भी मौजूद रहे।

### श्याम के भजनों पर झूमे भक्त



**बरेली, अमृत विचार :** श्री वृंदावन संकीर्तन मंडल लाडली शरण की ओर से ब्रह्मपुरा स्थित एक बैंक्वेट हॉल में ठाकुर जी को समर्पित नौका विहार उत्सव धूमधाम से मनाया गया। भजन गायक जगदीश भाटिया, अमित अग्रवाल, अंकुर, शिवम ने भजनों की सुंदर रस धारा बहाई। फूलों में सज रहे हैं वृंदावन बिहारी, मेरा दिल दीवाना हो गया मुरली वाले तेरा, ऐरी सखी मंगल गाओ री, मुझको यकीन है आएगा मेरा यार सांवरा आदि भजन गाए गए। फूलों की वर्षा ने सभी भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया। आरती के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया जहां अमरीश शर्मा, शांत वशिष्ठ, अंकित प्रजापति, दिनेश कुमार, मुकेश पांडे, कन्हैया भाटिया आदि उपस्थित रहे।

## डीआईओएस कार्यालय पर 16 से धरना देंगे शिक्षक

**बरेली, अमृत विचार :** शिक्षकों की पदोन्नति, प्रोन्नत वेतनमान आदि प्रकरणों में देरी के विरोध में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) 16 जून से डीआईओएस कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेगा।

संघ के जिलाध्यक्ष नवनीत शर्मा ने बताया कि शासन ने पारदर्शी व्यवस्था बनाने के लिए विभाग के सभी कार्यालयों में नागरिक घोषणापत्र लागू किया है, जिसमें शिक्षकों से संबंधित कार्यालय में लंबित सभी प्रकरणों के निस्तारण के लिए समयबद्ध व्यवस्था की गई है, लेकिन डीआईओएस कार्यालय में इसे लागू नहीं किया जा रहा है। इससे शिक्षकों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि संगठन ने 30 मई और 9 जून को डीआईओएस को ज्ञापन दिया, फिर भी ध्यान नहीं दिया गया। मंडलीय अध्यक्ष डॉ. रणविजय सिंह, मंडलीय मंत्री डॉ. नरेश सिंह, जिलामंत्री मुन्नेश अग्निहोत्री, कोषाध्यक्ष रामानंद कोली ने कहा कि शिक्षक 16 जून से डीआईओएस कार्यालय पर गांधीवादी तरीके से शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन करेंगे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

### सूचना

मैं अपने पुत्र पंकज व उसकी पत्नी प्रीति के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर सम्बन्ध विच्छेद व अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, यह दोनों अपने कृत्यों व लेन-देन के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **कुंवर पाल सिंह पुत्र श्री हर पाल सिंह निवासी ग्राम फैजुल्लापुर तहसील चन्दौसी जिला सम्भल थाना कुढ फतेहगढ। हाल निवासी पटेल विहार बदायूं रोड थाना सुभाषनगर बरेली।**

### सूचना

मेरी पुत्री सरगम पाठक को जन्म के बाद खुशबू पाठक (Khushbu Pathak) के नाम से पुकारा जाता था, स्कूल में प्रवेश के समय मेरी पुत्री खुशबू पाठक का नाम सरगम पाठक (Sargam Pathak) लिखवाया गया। मेरी पुत्री की जन्म तिथि त्रुटिवश विद्यालय अभिलेख में 09/06/2000 के स्थान पर 09/06/2001 दर्ज हो गई, जो आगे यथावत रही, यही जन्मतिथि आगे के सभी प्रपत्रों में अंकित है । **ब्रजेश कुमार शर्मा पुत्र श्री रामेश्वर प्रसाद पाठक निवास - डी/12, शास्त्री नगर, निकट सोमनाथ मंदिर, बरेली**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

यथाशक्ति चिकीर्षन्ति यथाशक्ति च कुर्वते।
न किञ्चिदवमन्यन्ते नराः पण्डितबुद्धयः ॥

विवेकशील और बुद्धिमान व्यक्ति सदैव ये चेष्टा करते हैं की वे यथाशक्ति कार्य करें और वे वैसा करते भी हैं तथा किसी वस्तु को तुच्छ समझकर उसकी उपेक्षा नहीं करते, वे ही सच्चे ज्ञानी हैं।

## संपादकीय

# उन्नत खेती के सूत्र

पिछले 15 दिनों से देश में चल रहे 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की विशेषता रही कि इसमें किसानों को पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के समन्वय का महत्व समझाया गया जिससे वे पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ, लाभकारी और दीर्घकालिक कृषि रणनीतियों को अपनाने की दिशा में प्रेरित हो सकें। इस दौरान वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खेती को लाभकारी और टिकाऊ बनाने पर बल देते हुए किसानों को नवीनतम तकनीकों के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के समापन पर केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को किसानों से प्राकृतिक खेती करने का आह्वान किया। इस साल साढ़े सात लाख हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती का लक्ष्य रखा गया है। 18 लाख किसान इसके लिए तैयार भी हुए हैं। गौरतलब है कि रासायनिक उर्वरकों के इस्तेमाल से धरती खराब हो रही है। इसलिए सरकार ने प्राकृतिक खेती मिशन बनाया है ताकि अगली पीढ़ी के लिए धरती बची रहे। प्राकृतिक खेती मिशन के तहत, देश भर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए एक करोड़ किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ) शुरू किया गया है। प्राकृतिक खेती मिशन एक महत्वपूर्ण पहल है जो किसानों के लिए लाभकारी और पर्यावरण के लिए भी सुरक्षित है। प्राकृतिक खेती से लागत घटती है और उत्पादन भी प्रभावित नहीं होता और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्राप्त होते हैं।

खेती को उन्नत बनाने के छह सूत्र-उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन की लागत घटाना, किसानों को उत्पादन के ठीक दाम सुनिश्चित करना, नुकसान की स्थिति में उचित मुआवजा, कृषि विविधिकरण और मिट्टी की उर्वरकता बनाए रखते हुए आने वाली पीढ़ी के लिए धरती को सुरक्षित रखना है। विशेषज्ञों के मुताबिक वर्ष 2047 तक औसत कृषि आकार घटकर 0.6 हेक्टेयर रह जाने की उम्मीद है, जिससे आधुनिक कृषि तकनीकों को लागू करना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। खेती में उन्नत किस्मों का प्रयोग, मशीनीकरण, प्रति बूंद-अधिक फसल, सिंचाई में पानी का बेहतर उपयोग, नए बीजों के प्रयोग जरूरी है, जिस दिशा में आगे बढ़ना होगा। प्राकृतिक खेती मृदा स्वास्थ्य में सुधार, जैव विविधता में वृद्धि और पानी का अधिक विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करती है। महत्वपूर्ण है कि सरकार उन्नत कृषि के जरिए किसानों की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकारें भी योजनाएं चलाती हैं। प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूकता बढ़ाकर किसानों को इसे अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

# तकनीकी व वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिशन



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

गौरतलब है कि गगनयान मिशन भारत का अपना पहला स्वदेशी मानव मिशन है, जिसमें एक भारतीय को भारतीय रॉकेट के ज़रिए श्रीहरिकोटा स्टेशन से, यदि सब कुछ ठीक रहा तो, वर्ष 2027 में अंतरिक्ष भेजा जाएगा।

भारत ने चंद्रयान-3 मिशन के तहत 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी और यह मिशन चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2 के बाद भारत का तीसरा चंद्र मिशन था। चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जिससे भारत ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। इसी प्रकार से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो ने 6 जनवरी 2024 को देश के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 को पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया था।

भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में विश्व में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है और अब भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला एक्सिओम -4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन यानी आईएसएस जा रहे हैं। वे 14 दिनों के लिए अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में रहेंगे तथा अंतरिक्ष यान स्पेसएक्स रॉकेट के ज़रिए फ्लॉरिडा के नासा केनेडी स्पेस सेंटर से लांच होगा। कहना ग़लत नहीं होगा कि उनकी यात्रा की सफलता पर एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों की नजरें टिकी हुई हैं। इस कमर्शियल मिशन में पहली बार कोई भारतीय एस्ट्रोनॉट शामिल हो रहा है। शुभांशु शुक्ला के साथ तीन और एस्ट्रोनॉट इस मिशन में भेजे जा रहे हैं और यह हमारे देश के लिए एक ऐतिहासिक पल होगा। ऐतिहासिक इसलिए क्योंकि 41 साल बाद हमारा एस्ट्रोनॉट अंतरिक्ष में जा रहा है। दरअसल, शुभांशु ऐसे दूसरे भारतीय हैं जो अंतरिक्ष यात्रा पर जा रहे हैं। इससे पहले राकेश शर्मा पहले भारतीय थे, जो वर्ष 1984 में रूसी मिशन के तहत स्पेस में गए थे।

शुभांशु लखनऊ के रहने वाले हैं तथा उनकी स्कूलिंग लखनऊ के सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, अलीगंज से हुई है। मीडिया में आई रिपोर्ट्स के अनुसार 17 जून 2006 को उनको भारतीय वायुसेना के फाइटर विंग में शामिल किया गया था तथा वह एक शानदार फाइटर पायलट और टेस्ट पायलट हैं। उनके पास 2,000 घंटे से ज्यादा का फ्लाइंग एक्सपीरियंस है। उन्होंने सुखोई-30 एमकेआइ, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डोर्नियर और एएन-32 जैसे कई फाइटर जेट्स उड़ाए हैं। मार्च 2024 में उन्हें ग्रुप कैप्टन की पोस्ट पर प्रमोट किया गया। वह एक फाइटर कॉम्बैट लीडर भी हैं। वर्ष 2019 में इसरो ने शुभांशु को भारत के पहले ह्यूमन स्पेस मिशन गगनयान के लिए चुना गया था। दरअसल इस मिशन के लिए क्रमशः चार एस्ट्रोनॉट्स शुभांशु शुक्ला, ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, ग्रुप कैप्टन अजित कृष्णन और ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप को चुना गया था। गगनयान की तैयारी के लिए शुभांशु ने वर्ष 2019-2021 तक रूस के यूरी गागरिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में सख्त ट्रेनिंग ली तथा इसके बाद 27 फरवरी 2024 को उनको एक्सिओम मिशन-4 के लिए ऑफिशियली चुना गया। बहरहाल, यहां यह उल्लेखनीय है कि यह अभियान पहले मई के आख़िरे हफ्ते में जाना था, फिर इसे आठ जून को अंतरिक्ष स्टेशन की ओर रवाना होना था, लेकिन ख़राब मौसम की वजह से ये अभियान 11 जून को लांच होने की संभावना थी। लेकिन अब तकनीकी कारणों से इसे आगे के लिए टाल दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स बतातीं हैं कि एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला की आइएसएस यात्रा लिक्विड ऑक्सीजन लीक के कारण टल गई है। यह मिशन एक्सिओम स्पेस नाम की अमेरिकी कंपनी, नासा और स्पेस एक्स के साथ मिलकर ऑपरेट किया जा रहा है। नासा के अलावा इस मिशन में भारत के इसरो, पौलेंड के ईएसए और हंगरी के हंगेरियन टू ऑरबिट सहयोग दे रहे हैं। इसमें चार अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। मिशन कमांडर हैं-अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन जिन्हें पांच बार अंतरिक्ष यात्रा का अनुभव प्राप्त है।

वास्तव में, एक्सिओम-4 मिशन एक कमर्शियल स्पेस फ्लाइट है तथा ह्यूस्टन की कंपनी एक्सिओम स्पेस इस अभियान को चला रही है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार भारत ने इस मिशन के लिए 550 करोड़ रुपये की कीमत चुकाई है। एक्सिओम-4 मिशन को भारत के गगनयान अभियान के लिहाज़ से अहम बताया जा रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि इस मिशन से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को अपने मानव मिशन( गगनयान मिशन ) की दिशा में मदद मिल सकेगी।

गौरतलब है कि गगनयान मिशन भारत का अपना पहला स्वदेशी मानव मिशन है, जिसमें एक भारतीय को भारतीय रॉकेट के ज़रिए श्रीहरिकोटा स्टेशन से, यदि सब कुछ ठीक रहा तो, वर्ष 2027 में अंतरिक्ष भेजा जाएगा। वास्तव में वर्तमान में जो मिशन अंतरिक्ष में भेजा जाना है, वह एक प्रकार से गगनयान मिशन की ओर छोटे-छोटे कदम बढ़ाने जैसा है, क्योंकि इस मिशन से भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को बहुत कुछ सीखने की उम्मीदें हैं। जानकारी के अनुसार इसरो के पास अभी तक ह्यूमन स्पेस फ्लाइट का अनुभव नहीं है। जैसा कि मानव मिशन एक मुश्किल व चुनौतीभरा काम है, ऐसे में इस मिशन से हमें अंतरिक्ष के क्षेत्र में फायदे मिल सकेंगे ऐसी उम्मीदें जताई जा रहीं हैं। जानकारी के अनुसार इस मिशन में साइंस, आउटरीच और कमर्शियल एक्टिविटीज़ पर फ़ोकस होगा। शुभांशु शुक्ला समेत एक्सिओम-4 की टीम बीज अंकुरण और अंतरिक्ष में पौधे कैसे उगते हैं, इस पर भी अध्ययन करेगी। वास्तव में अंतरिक्ष में लगभग ज़ीरो ग्रैविटी पर पौधे कैसे उगते हैं और इन पौधों में क्या विशेषताएं होंगी, ये भी जानने की कोशिश की इस मिशन के अंतर्गत की जाएगी। भारत ने अंतरिक्ष में वहां से वापस आने वाले एस्ट्रो-बायोलॉजी के एक्सपेरिमेंट नहीं किए हैं। पहली बार ये होगा जब भारत कोई एक्सपेरिमेंट भेज जा रहा है, जो अंतरिक्ष से वापस भी आएंगे और यह भारत का इस क्षेत्र में पहला अभूतपूर्व कदम होगा। इस मिशन में करीब 60 साइंटिफ़िक एक्सपेरिमेंट किए जाने हैं, जो एक्सिओम के पिछले तीन मिशनों में नहीं किए गए थे। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत के वैज्ञानिकों ने इनमें से सात एक्सपेरिमेंट का सुझाव दिया है। जानकारी के अनुसार सात के अलावा भी पांच ऐसे एक्सपेरिमेंट भी हैं जो इसरो और नासा मिलकर करेंगे। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि आज भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में विश्व के बड़े देशों जैसे कि अमेरिका, रूस और चीन के समकक्ष एक बड़ी ताकत बनकर उभरा है। भारत अपने मंगल, चंद्र और आदित्य अभियानों को सफलतापूर्वक अंजाम दे चुका है।

भारत ने चंद्रयान-3 मिशन के तहत 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी और यह मिशन चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2 के बाद भारत का तीसरा चंद्र मिशन था। चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जिससे भारत ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। इसी प्रकार से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो ने 6 जनवरी 2024 को देश के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 को पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया था। बहरहाल, यदि आगे भी सब कुछ अच्छा चलता रहा, तो वह दिन दूर नहीं जब हमारा देश भारत आने वाले दस सालों में यानी कि वर्ष 2035 तक अंतरिक्ष में अपना स्पेस स्टेशन स्थापित करने और वर्ष 2040 में चंद्रमा पर अपने अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने में सफल हो पाएगा। वास्तव में कहना ग़लत नहीं होगा कि आज पूरी दुनिया में इसरो की पहचान एक ऐसी स्पेस एजेंसी के रूप में बन चुकी है, जो बहुत कम खर्च में बड़ी सफलता हासिल कर सकती है। इसरो ने अब तक अनेक देशों के (30 से अधिक देशों) तीन सौ से भी ज्यादा विदेशी सैटेलाइटों को लांच किया है, जिनमें अमेरिका, इंग्लैंड, कनाडा, जर्मनी और सिंगापुर जैसे देश भी शामिल रहे हैं। वर्तमान मिशन अंतरिक्ष के क्षेत्र में भावी रणनीतिक, तकनीकी, वैज्ञानिक प्रगति की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आने वाले समय में हमारा इसरो अंतरिक्ष के क्षेत्र में और भी बड़े कीर्तिमान स्थापित करेगा और हम अंतरिक्ष के क्षेत्र में विश्व का सिरमौर देश होंगे।

## प्रसंगवश

# विवाहेतर संबंधः भावना, भ्रम और भयावहता का त्रिकोण

प्रेम-एक ऐसा शब्द जो सुनने में सरल लगता है, लेकिन जब जीवन में अपनी सीमाओं से बाहर निकलता है, तो सबसे अधिक जटिल और खतरनाक रूप धारण कर लेता है। खासकर तब, जब यह विवाह की सामाजिक और नैतिक चौहद्दियों को लांघता है। विवाहेतर संबंध कोई नई बात नहीं हैं, लेकिन हालिया वर्षों में इनसे उपजे अपराध, हिंसा और आत्महत्याओं की कड़ियां केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं हैं। यह उस सामाजिक ढांचे में फैलती दरारों की स्पष्ट गवाही हैं, जिन्हें वर्षों से नैतिकता के पर्दे से ढंकने की कोशिश की गई है। अब प्रेम केवल भावना नहीं रहा- यह स्वामित्व, अपेक्षा, अधिकार और असहमति के बीच फंसी एक विस्फोटक रासायनिक प्रक्रिया बन चुका है। जब रिश्तों में पारदर्शिता और संवाद की जगह संदेह और आत्मीयता की जगह अधिकार खड़ा हो जाता है, तो वह रिश्ता एक प्रयोगशाला बन जाता है-जहां ज़रा सी चूक भी विस्फोटक परिणाम ला सकती है। और यह विस्फोट अब निजी नहीं रहता, वह सार्वजनिक भी होता है, और अक्सर जानलेवा भी। विवाहेतर संबंधों से उपजी हालिया हत्याएं, आत्महत्याएं और प्रतिशोध की घटनाएं एक पैटर्न पर आधारित दिखती हैंः पारदर्शिता और संवाद का अभाव, भावनात्मक असंतुलन, विश्वास का ह्रास, और वह अपमान- जो किसी एक पक्ष के लिए असहनीय हो जाता है। ये घटनाएं उस सड़न को उजागर करती हैं जिसे 'निजी मामला' कहकर टाला या छुपाया जाता रहा है। आज रिश्ते केवल अपराध के कारण नहीं, खुद अपराध बन चुके हैं। अब अपराध लिंग-निर्भर नहीं हैं। न केवल पुरुष दोषी हैं, न महिलाएं केवल पीड़िता। कुछ घटनाओं में पुरुष अपने जीवन साथी और उसके सहयोगियों के षड्यंत्र का शिकार बने, तो कई मामलों में महिलाएं उन संबंधों की बलि चढ़ीं, जिनमें प्रेम दरअसल छल, वासना और नियंत्रण का दूसरा नाम था। यह किसी एक वर्ग की नैतिक विफलता नहीं-यह उस समाज की गिरावट है, जो रिश्तों को निभाने, छिपाने और खींचते रहने में गर्व महसूस करता है, लेकिन संवाद, स्पष्टता और फैसले लेने की संस्कृति से कतराता है। डिजिटल माध्यमों ने इन संबंधों को और भयावह बना दिया है। अब प्रेम स्मृति नहीं, स्क्रीनशॉट्स, चैट्स, रिकॉर्डिंग और वीडियो की शक्ल में संग्रहीत है-जो भावनात्मक दस्तावेज़ नहीं, बदले के हथियार बन जाते हैं। जब कोई रिश्ता टूटता है, तो उसका मलबा अब मन में नहीं, इंटरनेट पर बिखरता है और यह आभासी हिंसा, असल हिंसा से कहीं अधिक गहरी चोट दे जाती है। विवाहेतर संबंधों का अस्तित्व किसी इनकार से नहीं मिटता। लेकिन यह मान लेना कि हर ऐसा रिश्ता केवल 'भावनात्मक खालीपन' की भरपाई है- यह भी एक सुविधाजनक झूठ है। असंतोष का अर्थ यह नहीं कि कोई तीसरा व्यक्ति उस बंधन को तोड़ने का नैतिक अधिकार ले आए। तब 'प्रेम' सिर्फ बहाना बनता है-और उसके नीचे पलती है अव्यवस्था, लालच और खुदगर्ज़ी। यही असंतुलन अपराध की ओर ले जाता है। और जब ये अपराध होते हैं, तो कीमत एक व्यक्ति, एक परिवार, और कई बार पूरे सामाजिक संतुलन को चुकानी पड़ती है। विवाह अब स्थायित्व की गारंटी नहीं, बल्कि संदेह, असुरक्षा और अव्यक्त टकरावों का मैदान बन चुका है।



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

जब इसमें तीसरे की मौजूदगी जुड़ती है- भावनात्मक हो या शारीरिक-तो यह एक खतरनाक त्रिकोण बन जाता है, जिसमें अंततः सब कुछ टूटता हैः भरोसा, संबंध, और कभी-कभी-जीवन भी। ये घटनाएं केवल पुलिस केस नहीं हैं। ये उस भीतर गहराई से उठी चीखें हैं, जहां कोई खुद को खत्म करने के सिवा कुछ और नहीं सोच पाता। यह उस समाज की पराजय है, जो किसी व्यक्ति को टूटने से पहले बोलने की इजाज़त तक नहीं देता। जहां संवाद को दुर्बलता और पारदर्शिता को असहजता माना जाता है। असली हार वहीं है-जहां ऐसे हादसों को या तो नैतिकता की चादर से ढंक दिया जाता है, या सनसनी बनाकर बेच दिया जाता है। लेकिन हर बार नतीजा एक-सा रहता है- एक और शव, एक और वायरल वीडियो, एक और घर, जो एक झटके में ढह गया। जब तक रिश्तों में स्पष्टता, जवाबदेही और एक रेखीय प्रतिबद्धता नहीं होगी स्थिति बिगड़ती ही रहेगी, क्योंकि कोई भी रिश्ता तभी टिकता है, जब वह बोझ न बने। और बोझ वहीं बनता है, जहां संवाद थम जाता है।

# तेल-गैस कंपनियों के निवेशकों की कमाई पर खतरा



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

निवेशकों के लिए भी अब सतर्कता जरूरी है। आज निवेश से पहले सिर्फ लाभांश दर ही नहीं, बल्कि कंपनी की पर्यावरणीय रणनीति, कार्बन उत्सर्जन प्रबंधन और जलवायु अनुकूलन क्षमताओं का आकलन करना आवश्यक है। भारत की तेल और गैस कंपनियां एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी हैं। जलवायु परिवर्तन ने इनकी पारंपरिक लाभप्रदता और निवेशकों के भरोसे को गंभीर चुनौती दी है। जो कंपनियां समय रहते हरित ऊर्जा में रूपांतरण, तकनीकी नवाचार और पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाएंगी, वे न केवल टिकाऊ रहेंगी, बल्कि निवेशकों को दीर्घकालिक लाभ भी दिला सकेंगी।

आज पूरी दुनिया जब नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की ओर तेजी से बढ़ रही है, वहीं पारंपरिक तेल और गैस कंपनियां जलवायु परिवर्तन के कारण आर्थिक और परिचालन दोनों स्तरों पर गहरे संकट में हैं। भारत जैसे विकासशील देश में, जहां ऊर्जा की मांग निरंतर बढ़ रही है, वहां ये कंपनियां जलवायु जोखिम, नीति दबाव और प्राकृतिक आपदाओं से दोहरी मार झेल रही हैं। इसका सीधा असर कंपनियों की लाभप्रदता पर तो पड़ ही रहा है, साथ ही निवेशकों के रिटर्न में भी भारी गिरावट आ रही है। भारत की प्रमुख तेल कंपनियां-जैसे ओएनजीसी, ऑयल इंडिया लिमिटेड, इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, रिलायंस इंडस्ट्रीज़ और नायरा एनर्जी-इन सभी पर जलवायु परिवर्तन का असर देखा जा रहा है। उदाहरण के लिए ओएनजीसी ने वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में 11,500 करोड़ रुपये का लाभ कमाया, लेकिन कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में 7 प्रतिशत की गिरावट और रिफाइनिंग मार्जिन के दबाव के कारण उसके राजस्व में गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज़, जो ग्रीन एनर्जी में बड़े निवेश की दिशा में अग्रसर है, तुलनात्मक रूप से अधिक स्थिरता बनाए हुए है।

2020 में ऑयल इंडिया लिमिटेड की असम स्थित साइट पर गैस रिसाव और आगजनी की घटना ने यह साफ कर दिया कि जलवायु जोखिम केवल सिद्धांत नहीं, बल्कि ठोस वित्तीय और परिचालनीय झटके भी दे सकता है। उस एक घटना में कंपनी को 700 रुपये रोड़ से अधिक का नुकसान हुआ और उसकी ब्रांड छवि को भी भारी नुकसान पहुंचा। उस समय कंपनी का शेयर 15 प्रतिशत तक गिर गया था।

शेयर बाजार के प्रदर्शन पर नज़र डालें तो जलवायु परिवर्तन के प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखते हैं। बीपीसीएल ने जुलाई 2022 से जून 2024 के बीच महज़ 2.5 प्रतिशत सालाना रिटर्न दिया, जबकि इसी अवधि में निफ्टी 50 इंडेक्स ने 12 प्रतिशत से अधिक का वार्षिक रिटर्न दिया।

दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज़ ने जब 2021 में 75,000 रुपये करोड़ का ग्रीन एनर्जी निवेश घोषित किया, तब उसके शेयर में स्थिरता और निवेशकों का भरोसा बना रहा। यह उदाहरण दर्शाता है कि पर्यावरणीय रूप से ज़िम्मेदार रणनीति अपनाने वाली कंपनियां ही आज निवेशकों का ध्यान आकर्षित कर पा रही हैं। डिविडेंड की बात करें तो पहले जो कंपनियां 6-8 प्रतिशत का मजबूत डिविडेंड यील्ड देती थीं, अब वे भी दबाव में हैं।

इन समस्याओं का समाधान केवल नीति या सरकारी समर्थन से नहीं निकलेगा, बल्कि कंपनियों को अपने अंदर से बदलाव लाने होंगे। सबसे पहले, उन्हें मेथेन उत्सर्जन पर नियंत्रण करना होगा, जो कि सीओ 2 की तुलना में 80 गुना अधिक प्रभावशाली ग्रीनहाउस गैस है। इसके अलावा, कार्बन कैप्चर टेक्नोलॉजी को अपनाना, ऊर्जा कुशल तकनीकों में निवेश करना, और संचालन में ईएसजी रिपोर्टिंग को मजबूत करना आज की जरूरत है।

व्यावसायिक विविधीकरण भी आवश्यक है। रिलायंस ने सोलर और ग्रीन हाइड्रोजन में निवेश शुरू कर दिया है। अदानी समूह ने 70,000 रुपये करोड़ हरित ऊर्जा में निवेश की योजना बनाई है। भारत सरकार भी गैस इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने के लिए 41,000 रूपये करोड़ का निवेश जम्मू-कश्मीर और नॉर्थ-ईस्ट में कर रही है, ताकि स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार हो।

निवेशकों के लिए भी अब सतर्कता जरूरी है। आज निवेश से पहले सिर्फ लाभांश दर ही नहीं, बल्कि कंपनी की पर्यावरणीय रणनीति, कार्बन उत्सर्जन प्रबंधन और जलवायु अनुकूलन क्षमताओं का आकलन करना आवश्यक है। भारत की तेल और गैस कंपनियां एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी हैं। जलवायु परिवर्तन ने इनकी पारंपरिक लाभप्रदता और निवेशकों के भरोसे को गंभीर चुनौती दी है। जो कंपनियां समय रहते हरित ऊर्जा में रूपांतरण, तकनीकी नवाचार और पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाएंगी, वे न केवल टिकाऊ रहेंगी, बल्कि निवेशकों को दीर्घकालिक लाभ भी दिला सकेंगी। दूसरी ओर, जो कंपनियां बदलाव से दूर रहेंगी, उनके लिए निवेशकों का विश्वास जीतना और बाजार में स्थायी बने रहना बेहद कठिन हो जाएगा।

## सोशल फोरम

# क्षमाशीलता का अभाव

जो क्षमाशील नहीं हैं वे दूसरों को क्षमाशील मान ही नहीं पाते। मानव स्वभाव की सीमा। वह दूसरों को समझने में स्वयं को प्रक्षेपित करता है। लिहाज़ा अपने वर्चस्व के दौर में उन्होंने या उनके पूर्वजों ने अन्याय-अत्याचार से जिन लोगों को त्रस्त किया था, उन्हें वे संभावित शत्रु मानते है। ख़ुद के कमज़ोर पड़ने पर यह मानकर चलते हैं कि पूर्व में उनसे त्रस्त हुए लोग बदले की भावना से उन्हें ज़रूर त्रस्त करेंगे। वे मान ही नहीं पाते कि उनके या उनके पूर्वजों से त्रस्त हुए लोग सहज, क्षमाशील मानव-स्वभाव के अनुरूप समय के साथ उनके या उनके के पूर्वजों द्वारा किए गए अन्याय-अत्याचार को भूल चुके होंगे और मित्र भाव से मिलजुल कर आगे बढ़ना चाहते होंगे। वे उन्हें स्थाई शत्रु के रूप में देखते हैं और असुरक्षा-भाव से ग्रस्त रहते हैं। आदमी का स्वभाव, स्मृति में अन्याय की लंबी श्रृंखला लिए हुए जीता है। लिहाज़ा, न चैन से बैठ सकता है, न औरों को बैठने दे सकता है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

स्वतंत्रता-आंदोलन के दौरान एक वर्ग उसके पूर्वजों द्वारा अपने वर्चस्व-काल में किए गए अन्याय-अत्याचार के शिकार लोगों को अनायास शत्रुभाव से देखने लगा, उनसे असुरक्षित महसूस करने लगा।

ईश्वर की माया, क्षमाशीलता से महरूम ऐसे लोगों की संख्या किसी भी समूह, किसी भी संप्रदाय, किसी भी देश और किसी भी काल में क्षमाशील लोगों की अपेक्षा अधिक होती है। कारण, प्रकृति के तीन गुणों, सत्व, रज और तम, में तम रज से और रज सत्व से कई गुना अधिक होता है। क्योंकि सत्व रज से और रज तम से कई गुना सूक्ष्म होता है। प्रकृत्या सूक्ष्म मात्रा में स्थूल से हमेशा कम होता है। इतने बड़े शरीर के जटिल किन्तु स्थूल तानेबाने में अभिनिविष्ट हमारी चेतना की मात्रा कितनी होती है? इतनी स्वल्प कि न उसे देखा जा सकता है, न उसका स्पर्श किया जा सकता है, जब कि मेरी चेतना ही 'मैं' है, शरीर और अंग प्रत्यंग उसी के हैं। वही हमारी समझ, हमारी सोच, हमारे भावसंसार, हमारे चयन, हमारे प्रेम, हमारी घृणा, हमारे क्रोध, हमारी शान्ति, हमारे दुःख-सुख की निर्धारक होती है। मनुष्य का उन्नयन या पतन वस्तुतः उसकी चेतना का ही उन्नयन या पतन होता है।

-फेसबुक वॉल से

# सामाजिक सुरक्षा का बढ़ता दायरा



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

गौर करें तो सामाजिक सुरक्षा वैश्वीकरण और उसके कारण होने वाले संरचनात्मक और तकनीकी परिवर्तनों से उपजी चुनौतियों से निपटने में अधिक सकारात्मक रवैए के निर्माण में सहायता प्रदान करती है।

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के आंकडों से उद्घाटित हुआ है कि भारत में 94 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा लाभ के दायरे में आ गए हैं। ये आंकड़े रेखांकित करते हैं कि सामाजिक सुरक्षा के संदर्भ में अब भारत चीन के बाद दूसरे नंबर है। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2015 में भारत में सोशल सिक्योरिटी कवरेज महज 19 प्रतिशत था जो अब बढ़कर 64.3 प्रतिशत हो गया है। आईएलओ का कहना है कि दुनिया भर में सबसे तेज सामाजिक सुरक्षा दायरे का विस्तार भारत में हुआ है। यह स्थिति भारत के लिए बेहद उत्साहजनक है। गौर करें तो सामाजिक सुरक्षा वैश्वीकरण और उसके कारण होने वाले संरचनात्मक और तकनीकी परिवर्तनों से उपजी चुनौतियों से निपटने में अधिक सकारात्मक रवैए के निर्माण में सहायता प्रदान करती है। सामाजिक सुरक्षा में यह परिकल्पना की जाती है कि नागरिकों को सभी प्रकार के सामाजिक जोखिमों से रक्षा की जाएगी जो उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति में अनावश्यक मुश्किलें उत्पन करती हैं। यह सच्चाई है कि कामगारों के पास बीमारी, दुर्घटना, वृद्धावस्था, रोग और बेरोजगार आदि के कारण उत्पन जोखिमों का सामना करने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन नहीं होता है और संकट के समय में उनकी सहायता करने के लिए जीविका का वैकल्पिक साधन का अभाव होता है। इसलिए कामगारों को सामाजिक सुरक्षा देना राज्य का दायित्व है। 19 वीं शताब्दी के अंत तक अधिकांश राज्य अपने को पुलिस राज्य रखकर ही संतुष्ट थे। उनका मुख्य काम शांति व व्यवस्था कायम रखना था। वे सामाजिक सुरक्षा का कार्य व्यक्तियों और व्यक्तियों के समूहों के जिम्मे छोड़ रखे थे। लेकिन धीरे-धीरे राज्य के स्वभाव में बुनियादी बदलाव आया और उसकी प्राथमिकता में सामाजिक सुरक्षा की औपचारिक व्यवस्था शीर्ष पर हो गई।

गौर करें तो संपूर्ण यूरोपीय देशों में विस्तृत सामाजिक सुरक्षा लागू है। संयुक्त राज्य अमेरिका में भी जनता को लाभ पहुंचाने संबंधी विस्तृत सामाजिक सुरक्षा योजनाएं चालू हैं। भारतीय संदर्भ में सामाजिक सुरक्षा एक समग्र अधिगम है जिसका निर्माण व्यक्ति को आर्थिक अभाव से बचाने और व्यक्ति के खुद के लिए तथा उसके आश्रितों के लिए, उन्हें आर्थिक अनिश्चितता की स्थिति से बचाने हेतु एक न्यूनतम आय की सुनिश्चितता के लिए किया गया है। यह तथ्य भारत के नीति-नियंताओं द्वारा पहचाना गया और तद्नुसार सामाजिक सुरक्षा से संबद्ध विषयों को राज्य के नीति-निर्देशक तत्व और समवर्ती सूची में संबद्ध किया गया। भारतीय संविधान की समवर्ती सूची में भी सामाजिक सुरक्षा और बीमा, रोजगार और बेरोजगार, कार्य परिस्थिति, भविष्यनिधियां, नियोक्ताओं का दायित्व, कामगारों की क्षतिपूर्ति अवैधता, श्रम कल्याण, वृद्धावस्था पेंशन और मातृत्व लाभ का उल्लेख है।

भारत में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने एक सामाजिक सुरक्षा प्रभाग की स्थापना की है जो कर्मगार सामाजिक सुरक्षा से संबंधित सभी कानूनों के प्रशासन के लिए सामाजिक सुरक्षा नीति एवं योजनाएं बनाने और क्रियान्वित करने का कार्य करता है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए आज देश में पोषण सुरक्षा की देखभाल राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, समन्वित बाल विकास योजना, किशोरी शक्ति योजना, किशोर लड़कियों के लिए पोषण कार्यक्रम और प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना चलाई जा रही है। राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम लगभग पूरे भारत में चल रहा है। समन्वित बाल विकास योजना का विस्तार भी चरणबद्ध ढंग से हो रहा है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अंत्योदय अन्य योजना का दायरा बढ़ा दिया गया है।

राज्यों के अंतर्गत लक्षित जन वितरण प्रणाली के तहत पहचान किए गए गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों में से, अत्यंत ही गरीब परिवारों की पहचान करने का कार्य अंत्योदय योजना के तहत किया गया है। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग को संशोधित कर लघु एवं ग्रामीण उद्योगों के जरिए ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजन करने के लिए सुनिश्चित किया गया है। असंगठित क्षेत्र को सामाजिक सुरक्षा से लैस करने के लिए राष्ट्रीय उद्यम आयोग की स्थापना एक पारदर्शी निकाय के रुप में की गई है। वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा 4 करोड़ से अधिक लोगों को आवास उपलब्ध कराया गया है। आने वाले दिनों में 3 करोड़ और आवास निर्मित करने का लक्ष्य सुनिश्चित किया गया है। लोगों का स्वास्थ्य रहे इसके लिए सरकार आयुष्मान योजना को लागू की है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा असंगठित सामाजिक सुरक्षा के तहत ही समाज के कमजोर वर्गों को कानूनी सहायता देने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। निश्चित रुप से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से सामाजिक सुरक्षा मजबूत हुई है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# एटीएस : फिटनेस जांच में 61 फीसदी वाहन फेल

## 15 मई से 10 जून तक 335 में से 129 वाहन हुए पास, पहले मैनुअल तरीके से 95 फीसदी वाहन हो जाते थे पास

कार्यालय संवाददाता, बरेली


ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन पर ट्रक की फिटनेस जांच करता कर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** ऑटोमेटिक टेस्टिंग सेंटर (एटीएस) में वाहनों की फिटनेस जांच शुरू होने के बाद गड़बड़ी पर काफी हद तक रोक लग गई है। एटीएस से पहले आरटीओ कार्यालय में मैनुअल फिटनेस जांच के लिए पहुंचने वाले 95 फीसदी वाहन पास हो जाते थे लेकिन अब 39 फीसदी वाहन बमुश्किल से पास हो रहे हैं।

15 मई से 10 जून तक एटीएस में पहुंचे 335 वाहनों में से 129 वाहन ही जांच में पास हुए हैं, यानी 61 फीसदी वाहन जांच में फेल हो गए। ऐसे में सवाल भी उठ रहे हैं कि कहीं पहले बिना जांच के ही फिटनेस प्रमाणपत्र जारी हो जाते थे। वर्तमान में जिले में 31 हजार व्यावसायिक वाहन पंजीकृत हैं। बड़ा बाईपास पर पीपीपी मॉडल पर ऑटोमेटिक टेस्टिंग सेंटर 15 मई को शुरू हुआ था। पहले आरटीओ कार्यालय में मैनुअल तरीके से आरआई की ओर से वाहन की जांच कर फिटनेस सर्टिफिकेट दिया जाता था। आरटीओ कार्यालय में प्रतिदिन 30 से 35 वाहन पहुंचते थे। इनमें अधिकांश छिटपुट-कमियां होने पर भी पास कर दिए जाते थे। तब अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगते थे। एटीएस पर तैनात कर्मचारियों की मानें तो यहां प्रतिदिन करीब 30 वाहन फिटनेस जांच के लिए आ रहे हैं।

इनमें अधिकांश फेल हो रहे हैं। कुछ अधूरे मानक निकलने वाले वाहनों का मानक पूरे कराने के बाद दोबारा परीक्षण किया जा रहा है, तब जाकर कहीं 25 प्रतिशत ही वाहन पास हो पा रहे हैं। फिटनेस सेंटर पर वाहन मालिक विनोद कुमार ने बताया कि एटीएस पर ऑटोमेटिक मशीन से बताई गई कमी दूर कराकर जब दोबारा पहुंचते हैं तो वाहन पास हो जाते हैं, लेकिन उन्हें फीस के फिर से रुपये देने पड़ते हैं। साथ ही समय भी अधिक लगता है, जबकि आरटीओ कार्यालय में टेस्टिंग के दौरान थोड़ी बहुत कमियां होने पर कर्मचारी और अधिकारी वाहन पास कर देते थे।

> टेस्टिंग में अधिकांश वाहन फेल हो रहे हैं। टेस्टिंग सेंटर पर आधुनिक मशीनों से वाहनों की कमी छिप नहीं पाती। अधिकांश वाहनों में रिफ्लेक्टर, इंडिकेटर और पार्किंग लाइट जैसे सामान्य मानक अधूरे मिल रहे हैं। –**अनुज सिंह,** ऑपरेशन मैनेजर, एटीएस

**फिटनेस शुल्क रुपये में**

| | |
|---|---|
| भारी वाहन | 12,500 |
| मध्यम वाहन | 10,000 |
| हल्के वाहन | 7,500 |
| थ्री व्हीलर | 3,500 |
| टू व्हीलर | 1000 |

## अश्लील मेसेज भेजकर परेशान कर रहा शोहदा

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र निवासी महिला ने बदायूं के एक युवक के खिलाफ थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने बताया कि उसका मायका बदायूं जिले के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के एक गांव में है।

22 अप्रैल 2024 को उसका विवाह इज्जतनगर क्षेत्र निवासी युवक के साथ हुआ था। बदायूं के गांव सीताबगढ़ निवासी अरनीस शर्मा उसे कॉल करने लगा। जब उसका नंबर ब्लॉक कर दिया तो फेसबुक मैसेंजर पर अश्लील मेसेज भेजता और अपने पास आने को कहता है। ऐसा न करने पर धमकी दी है कि उसके पति की हत्या कर देगा। एसएसपी के निर्देश पर इज्जतनगर पुलिस ने आरोपी अरनीस शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## पति की प्रताड़ना से आहत महिला ने आग लगाकर दी जान

- पति मायके से दहेज लाने और पिता का मकान अपने नाम करने का डालता था दबाव

**बरेली, अमृत विचार :** पति के उत्पीड़न से परेशान महिला ने खुद को आग लगा ली। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुरुवार को इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मायके पक्ष ने पति पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है।

सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव अटरिया निवासी आकिल हुसैन ने बताया कि बेटी रिजवाना की शादी करीब पांच वर्ष पहले पीलीभीत जिले के थाना पूरनपुर के गांव शेरपुर कलां निवासी अब्दुल रहमान से की थी। अब्दुल रहमान शाहजहांपुर के खुटार क्षेत्र के गांव उमरपुर में एक मस्जिद में इमाम है। रिजवाना भी अब्दुल रहमान के साथ उमरपुर में ही रहती थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही अब्दुल रहमान रिजवाना पर दबाव बनाता था कि वह पिता के नाम का मकान बेचकर उसे पैसे दे दे। जब वह मना करती तो अब्दुल रहमान मारपीट करता। 7 जून को अब्दुल ने रिजवाना से दोबारा कहा कि वह अपने पिता से कहे कि मकान बेचकर पैसे उसे दे दे। रिजवाना ने विरोध किया तो अब्दुल ने उसे पीटा। इससे आहत होकर रिजवाना ने उमरपुर स्थित किराये के मकान में खुद को आग लगा ली। अकील हुसैन ने बताया कि उनकी बेटी ने इलाज के दौरान बताया था कि जब वह जल रही थी तो उसका पति अब्दुल बचा नहीं रहा था, बल्कि हंस रहा था। अकील अहमद ने कहा कि वह तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराएंगे।

### सार-संक्षेप

## जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में 12 लोगों ने किया रक्तदान



**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्त की यूनिट की कमी है। इसके लिए 14 जून विश्व रक्तदाता दिवस से पहले शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। गुरुवार को अस्पताल के ब्लड बैंक में आयोजित शिविर में सिविल डिफेंस के 12 सदस्यों ने रक्तदान किया। इससे रक्त की कमी से परेशान मरीजों को काफी हद तक राहत मिलेगी। अस्पताल के ब्लड बैंक में बीते दो माह से पॉजिटिव और निगेटिव दोनों ग्रुपों के ब्लड यूनिट की कमी चल रही थी जिसके चलते यहां मरीजों के तीमारदार को निजी ब्लड बैंक के चक्कर लगाने पड़ रहे थे। गुरुवार को शिविर में रक्तदान करने वालों को जिला अस्पताल प्रबंधन ने प्रमाण पत्र देने के साथ ही आभार भी व्यक्त किया। जिला अस्पताल की एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि 14 जून तक लगातार जिले भर में टीमें भेजकर शिविर का आयोजन किया जाएगा। वर्तमान में बैंक में ए, बी और निगेटिव ग्रुप की कमी है लेकिन शिविर के आयोजन से काफी हद तक कमी दूर हो सकेगी। इसलिए लोगों से अपील है कि अधिक से अधिक रक्तदान करें, एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। वहीं रक्तदान करने से शरीर में तमाम संक्रमण से बचाव भी होता है।

## अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर निकाली रैली



**बरेली, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर गुरुवार को श्रम विभाग, एएचटीयू, चाइल्ड लाइन, बाल कल्याण समिति और स्वयं सेवा संस्था और श्रमिक प्रतिनिधियों के साथ रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम अविनाश सिंह, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, उप श्रम आयुक्त डॉ. दिव्य प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली कलेक्ट्रेट से होते हुए चौकी चौराहा, सिविल लाइंस, नेहरु युवा केंद्र पर पहुंची। रैली में नारे लगाकर कहा गया कि बाल मजदूरी को मिटाकर देश को आगे बढ़ाना है। इस मौके पर सहायक श्रम आयुक्त बाल गोविंद, श्रम प्रवर्तन अधिकारी वी राम, आरके चतुर्वेदी, रात अवतार शर्मा, राकेश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## ठिरिया निजावत खां में कराया सामूहिक निकाह



**बरेली, अमृत विचार :** ठिरिया निजावत खां के एक शादी हॉल में गुरुवार को गुलिस्ताने मदार वेलफेयर सोसाइटी की तरफ से सामूहिक निकाह का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सपा नेता इं. अनीस अहमद, संस्था के संरक्षक इंतखाब आलम, नगर पंचायत चेयरमैन ठिरिया इमरान अली खान, मो. कलीमुद्दीन, मयंक शुक्ला, रोशनी खान, डॉ. आसिफ ने जोड़ों को मुबारकबाद दी। इस मौके पर माशूक खान, अफसर खान, परबेज खान, फहीम खान, राशिद यार खान, मो. नबी खां, बब्बु, शादाब, जुबैर हुसैन, सोहल खान, असलम हुसैन, आसिफ शेख मौजूद रहे।

## चिमन दास आयलानी साई बने सिंधी सेंट्रल पंचायत अध्यक्ष



**बरेली, अमृत विचार :** सिंधु नगर में सांस्कृतिक भवन में गुरुवार को सिंधी सेंट्रल पंचायत की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। मुरलीधर पागरानी को सरंक्षक, चिमन दास आयलानी साई को अध्यक्ष, हरीश खानचंदानी को सह अध्यक्ष, राधाकृष्ण मूलचंदानी को सचिव, प्रदीप राजानी को कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुर्गेश खटनानी, प्रकाश आयलानी व जुगल सुखानी, उपाध्यक्ष अशोक पारदासानी, देवी दास कवलानी, किशन असनानी, घनश्याम गुरनानी और जीतू देवनानी बने। वहीं, सह सचिव प्रदीप देवनानी, ऑडिटर वासुदेव लौगवानी, मीडिया प्रभारी लेखराज मोटवानी और दिलीप केसवानी बनाए गए। किशन रतनानी, अनिल देवानी, विजय मूलचंदानी, वीरू खानचंदानी, हेमन दास सतंवानी, सुरेश आयलानी मौजूद रहे।

## विमान हादसा बेहद दुखद: शमीम खां



**बरेली, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा कि विमान हादसा बेहद दुखद एवं पीड़ादायक है। विमान में सवार जिन यात्रियों की मृत्यु हुई है, उनके प्रति पार्टी और मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। मृतकों के परिवारों को कष्ट सहन करने की शक्ति मिले।

# एक दिन बाद ही कोविड मुक्त हुआ जिला, मरीज की रिपोर्ट निगेटिव

**बरेली, अमृत विचार:** जिला एक दिन बाद ही कोविड मुक्त हो गया है। कोराना पॉजिटिव मरीज की निजी लैब में जांच रिपोर्ट निगेटिव आ गई है। आईडीएसपी ने शासन को रिपोर्ट भेज दी है।

स्वास्थ्य विभाग को बुधवार को शहर के एजाजनगर निवासी युवक के कोरोना पॉजिटिव मिलने की सूचना मिली थी। गुरुवार को युवक ने निजी लैब से कोरोना की जांच कराकर रिपोर्ट पुराना शहर के स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी को भेजी। प्रभारी ने तुरंत रिपोर्ट एनयूएचएम के नोडल अधिकारी को दी, जिसके चलते अब जिला कोविड मुक्त घोषित हो गया है। युवक पंजाब में लंबे समय से एक कंपनी में कार्य कर रहा है। वहां लक्षण होने पर 5 जून को युवक ने निजी लैब में कोरोना जांच कराई थी संक्रमित आने के बाद वह शहर लौट आया था। उसके संक्रमित होने की रिपोर्ट मिलते ही बरेली आईडीएसपी ने मरीज के नंबर पर संपर्क किया तो मरीज ने खुद को पूरनपुर का निवासी बताया और फोन स्विच ऑफ कर लिया। 12 घंटे के बाद शुक्रवार को जांच कराने के बाद मरीज ने पुराना शहर स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी को व्हाट्सएप पर रिपोर्ट साझा कर निगेटिव होने की सूचना दी।

- आईडीएसपी ने शासन को भेजी रिपोर्ट

### ओपीडी में आए आठ मरीजों में कोविड के लक्षण

शासन के आदेश पर जिला अस्पताल स्थित लैब में कोरोना जांच शुरू कराई गईं हैं। चार दिन पहले जहां दो संदिग्ध मरीजों को ओपीडी से जांच के लिए भेजा गया था। वहीं गुरुवार को सांस संबंधी गंभीर समस्या से ग्रसित आठ मरीजों को डॉक्टरों ने लैब में कोविड जांच कराने की सलाह दी, जिस पर सभी की जांच हुई लेकिन किसी भी मरीज में कोविड की पुष्टि नहीं हुई है।

## कोविड का पलटवार, भीड़ अनजान


चार साल पहले कोरोना में लापरवाही से सैकड़ों लोगों की जानें गई थीं। अब फिर से कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर जिले में सतर्कता शुरू हो गई है। आजकल जिला अस्पताल में मरीजों और बरेली कॉलेज में प्रवेश कराने के लिए छात्रों की भीड़ उमड़ रही है लेकिन यह भीड़ कोविड से अनजान नजर आ रही है। इन सभी को समझना चाहिए, उनकी यह लापरवाही जीवन को संकट में डाल सकती है। प्रवेश फार्म जमा करने के लिए बरेली कॉलेज के बीबीए बिल्डिंग में स्टूडेंट्स की उमड़ी भीड़ को देखकर कर्मचारी और शिक्षक चिंतित हो गए। ● मोहित कुमार सिंह

## श्रीमद् भागवत के अंतिम दिन सुदामा चरित्र की कथा सुनाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** माधोबाड़ी बाड़ी स्थित श्री रामायण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का गुरुवार को समापन हो गया। आचार्य शशांक भारद्वाज ने सुदामा चरित्र और राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा सुनाई।

उन्होंने बताया कि सुदामा एक गरीब ब्राह्मण थे, जबकि कृष्ण द्वारका के राजा थे। सुदामा की पत्नी ने उन्हें कृष्ण से मदद मांगने के लिए प्रेरित किया। कृष्ण को सुदामा की दीन दशा देखकर दुख हुआ। लेकिन सुदामा ने भगवान से कुछ नहीं मांगा। लेकिन कृष्ण ने बिन मांगे ही हर तरह से सुदामा की सहायता कर दोस्ती निभाई। आचार्य ने बताया कि राजा परीक्षित को एक शाप मिला था कि उन्हें सातवें दिन नाग डस लेगा। राजा परीक्षित ने शुकदेव से श्रीमद् भागवत कथा सुनने का निर्णय लिया। शुकदेव ने राजा परीक्षित को श्रीमद् भागवत कथा सुनाई, जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। सातवें दिन नाग ने राजा परीक्षित को डसा, लेकिन वह मोक्ष प्राप्त करने में सफल हुए। इस दौरान मदन अरोड़ा, मनोज अरोड़ा, पवन अरोड़ा, मंदिर प्रबंधन समिति के सचिव नवीन अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

# सम्मान पाकर खिल उठे विद्यार्थियों के चेहरे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- हाईस्कूल और इंटर के 17 मेधावियों को किया सम्मानित
- विकास भवन में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन


मेधावियों को सम्मानित करते सांसद छत्रपाल गंगवार और मेयर उमेश गौतम।

**अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में गुरुवार को यूपी बोर्ड के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें हाईस्कूल और इंटर के 17 मेधावियों को सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर मेधावियों के चेहरे खिल उठे।

कार्यक्रम में सांसद छत्रपाल गंगवार, मेयर उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल , विधायक डॉ. एमपी आर्य और अधिकारियों ने हाईस्कूल की प्रशंसा, कृष्ण कुमार, शेखर राठौर, आर्यन शाक्य, आयुष गुप्ता, कोमल, आख्या गंगवार, मनीषिका वशिष्ठ, संजू और कविता पटेल और इंटरमीडिएट की अनन्या मौर्य, निम्मी पून, सादिया खान, खुशबू, अंजलि, अनुराग सिंह और ईशू शाक्य को 21-21 हजार रुपये, टेबलेट, प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। वहीं, 68 वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता अनमोल कुमार और विनय तोमर को 30-30 हजार रुपये और मेडल देकर सम्मानित किया गया। सांसद ने छात्रों को निरंतर कड़ी मेहनत करने और दृढ़ संकल्प के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी।संयुक्त शिक्षा निदेशक राकेश कुमार, क्षेत्रीय सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद नीरज पांडेय, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एडीआईओएस डॉ. गिरीश चन्द्र यादव, जसवंत सिंह, डॉ. लोकेश चन्द्र , रामआसरे गंगवार आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. अवनीश ने किया। वहीं, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी हुआ। मुख्यमंत्री ने लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में इंटरमीडिएट की छात्रा तुबा खान, डिम्पल मौर्य, रिया सोमवंशी और सीबीएसई 12 वीं यशस्वी और केशव भाटिया को एक लाख रुपये, टेबलेट, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल से सम्मानित किया।

# अपनी जिम्मेदारी समझें पदाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



संवाद कार्यक्रम में बोलते प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी ने बृहस्पतिवार को नैनीताल रोड स्थित एक होटल में अनुसूचित जाति कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि पार्टी के अभियानों में जिस पदाधिकारी को जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे पूर्ण रूप से निभाए और बूथ स्तर तक पहुंचाए।

उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को भी जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करना होगा। इसके लिए जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। प्रत्येक पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी को समझें और कार्य करें। साथ ही अपने-अपने क्षेत्र में प्रवास भी करें। लोगों की समस्याओं को सुनकर उसका निदान करें। सरकार सबका साथ सबका विकास करने के लिए संकल्पित है। इस दौरान सांसद छत्रपाल गंगवार, ब्रज क्षेत्र महामंत्री राकेश मिश्रा अनवा, जिला प्रभारी देवेंद्र सिंह चौधरी, जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, मेयर डॉ. उमेश गौतम, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. एमपी आर्य, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप, पवन शर्मा, अनिल कुमार एडवोकेट, रविंद्र सिंह राठौर, मीडिया प्रभारी बंटी ठाकुर, अंकित महेश्वरी, वीरपाल गंगवार, चंचल गंगवार, डॉ. तृप्ति गुप्ता, रेखा श्रीवास्तव, प्रभु दयाल लोधी, विष्णु शर्मा, अरुण कश्यप, मनोज थपलियाल विष्णु अग्रवाल आदि मौजूद रहे। सेटेलाइट बस स्टैंड के पास प्रदेश संगठन महामंत्री का महानगर अध्यक्ष की अगुवाई में स्वागत किया गया।

- अनुसूचित जाति कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में बोले भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह

## पार्षद को घेरकर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार:** इंग्लिशगंज के पार्षद मोहम्मद नासिर की चुनावी रंजिश में दबंगों ने घेरकर पिटाई कर दी। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। फाईक एंक्लेव निवासी मोहम्मद नासिर ने बताया कि कॉलोनी में प्रशासन से शिकायत करने के बाद समिति का चुनाव नायब तहसीलदार की देखरेख में कराया गया था। जिसमें वह और कॉलोनी का अकरम प्रत्याशी थे। समिति के चुनाव में अकरम खां की हार हुई थी, इससे वह रंजिश मानने लगा। 8 जून को रात में करीब 11 बजे वह कॉलोनी में खाना खाने के बाद टहल रहे थे, तभी अकरम खां, रेहान अंसारी और शाहजेब ने उन्हें घेर लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें पीटा। 11 जून को दोबारा आरोपियों ने उन्हें पीलीभीत बाईपास पर घेर लिया और धमकी दी कि समिति के अध्यक्ष का पद छोड़ दो नहीं तो जान से मार दूंगा।

## पुराने और युवा साथियों को जोड़कर पार्टी को करें मजबूत


तुलसीनगर कार्यालय में बैठक में मौजूद पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी के तुलसीनगर स्थित कार्यालय पर गुरुवार को आयोजित मंडलीय बैठक में प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड शमसुद्दीन राईन ने चारों जिलों की विधानसभाओं की सेक्टर व बूथ कमेटियों की विधानसभा वार समीक्षा की।

उन्होंने निर्देश दिए कि पुराने व युवा साथियों को जोड़कर पार्टी को मजबूत करें। कहा कि आज भाजपा और सपा हिंदू मुस्लिम के नाम पर राजनीति कर रही है। बसपा सर्वसमाज को आपस में मिलाकर भाईचारा कायम कर सरकार बनाने की बात कर रही है। मुख्य कोऑर्डिनेटर रणवीर सिंह कश्यप, मंडल प्रभारी जयपाल सिंह, पंकज कुरील, उदयवीर सिंह, अयोध्या प्रसाद गंगवार, वीआर सागर, श्याम मूर्ति सिंह, रामदास कश्यप, तौफीक प्रधान, राजेंद्र कश्यप, वेद प्रकाश मिंटू, संघप्रिय गौतम, रामसिंह जाटव, सुमेर सिंह गौतम, नरेंद्र कुमार, राजेश सागर, श्याम सिंह, अरविंद, सीबी कुरील आदि मौजूद रहे।

# भाजपा के सदस्यता अभियान को धार देने बरेली आए थे विजय रूपाणी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पिछले साल 20 सितंबर को आए थे गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री
- साथ गुजारे पल यादकर भावुक हुए भाजपा नेता


कैंट विधायक और महानगर अध्यक्ष के साथ पूर्व सीएम विजय रूपाणी (फाइल फोटो)

**अमृत विचार:** अहमदाबाद में बृहस्पतिवार को विमान दुर्घटना में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी का निधन हो गया। उनके निधन पर भाजपा नेताओं ने शोक जताया। पिछले साल सितंबर माह में भाजपा के सदस्यता अभियान को रफ्तार देने के लिए वह बरेली सहित अन्य जनपदों में आए थे। उनके साथ गुजारे गए पल को याद कर भाजपा नेता काफी भावुक हो गए थे।

पूर्व सीएम विजय रूपाणी सितंबर में सदस्यता अभियान के जरिए अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए मंडल के दो दिनों के दौरे पर आए थे। इस दौरान उन्होंने बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत का सघन दौरा किया था। बरेली में उन्होंने बटलर प्लाजा में सदस्या अभियान के लिए लगाए गए शिविर का शुभारंभ किया था। इसके बाद उन्होंने व्यापारियों से संपर्क कर सदस्यता अभियान के तहत प्रमाण पत्र दिया था। बड़ी संख्या में लोगों ने उनके साथ सेल्फी ली थी।

इंदिरा नगर के पार्षद सतीश कातिब मम्मा के आवास पर उन्होंने सदस्यता अभियान को लेकर सभा की थी। पार्षद ने बताया कि मेरे अनुरोध पर पूर्व सीएम ने कई परिवारों से संपर्क किया था। बेटी हृदेश सक्सेना ने गुजराती भाषा में संबोधन कर स्वागत किया तो वह बहुत खुश हुए थे। पीलीभीत लोकसभा के दौरान चुनाव प्रभारी रहे गुलशन आनंद ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का जोर था कि जिस तरह गुजरात में पन्ना प्रमुख सहित संगठन को मजबूत किया गया है, उसी तरह यूपी में होना चाहिए। अचानक उनके निधन से गहरा दुख हुआ है। महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने बताया कि बटलर प्लाजा में उनके साथ सदस्यता अभियान में मौजूद था। उनका सहज भाव हमेशा याद रहेगा।

व्यापारियों को सदस्यता ग्रहण कराया था। मेरे साथ दो दिन रहे, उनकी कमी हमेशा खलेगी। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने बताया कि वह बहुत व्यवहार कुशल नेता थे। खुद ही एक- एक दुकान और घर पर जाकर लोगों से बात करते थे। वह घर पर डिनर पर आए थे।

# अस्थि विसर्जन करने जाते समय दो लोगों की मौत

## बहेड़ी से हरिद्वार जाते समय चिड़ियापुर क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने इको को मारी टक्कर, हादसे में छह अन्य लोग घायल

संवाददाता, बहेड़ी



● कृष्ण पाल की मौत की खबर मिलते ही उनके घर में मचा कोहराम

**अमृत विचार :** बहेड़ी से हरिद्वार अस्थियां विसर्जन करने जाते समय ईको कार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। यह हादसा हरिद्वार के चिड़ियापुर क्षेत्र में हुआ।

पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। जबकि दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतकों की पहचान कृष्ण पाल निवासी जाम सावंत और प्रेम पाल निवासी आंवला के अवादानपुर के रूप में हुई है। कृष्ण पाल अपने बहनोई नुक्ता प्रसाद और बहनोई के साढ़ू के पुत्र अरविंद की अस्थियां लेकर ईको से हरिद्वार जा रहे थे । तभी यह हादसा हुआ। हादसे में भोजीपुरा के मेमोर गांव के कुलदीप, सौरभ, नन्हे, धर्मदास और सिंधौली के पप्पू घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही मृतकों के घरों में कोहराम मच गया। मृतक कृष्णपाल अपने पीछे माता सुशीला, पत्नी प्रीति, पुत्र ओम और पुत्रियों दिव्यांशी और प्रियांशी 6 को रोता बिलखता छोड़ गया। दोपहर में जब शव कृष्ण गोपाल के घर पहुंचा तो घर में कोहराम मच गया और गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## कार ने वृद्ध को रौंदा मौत, हाइड्रा की टक्कर से ठेला चालक की गई जान



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।





मृतक छोटेलाल और साबिर खां।

● ग्रामीणों ने आरोपी चालक को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**रिठौरा, अमृत विचार :** दो अलग-अलग हादसों में एक किसान और एक ठेला चालक की मौत हो गई। हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव लभेड़ा उर्फ बुलंद नगर में गुरुवार सुबह बरेली से अपने गांव सिथरा जा रहे कार सवार रंजीत ने ट्रक से बचने के लिए कार पहले तो पूर्व प्रधान लियाकत खां के दो गोवंशीय पशुओं पर चढ़ा दी, जिससे दोनों घायल हो गए, इसके बाद पास में ही घर के बाहर चारपाई पर सो रहे मोहम्मद साबिर खां (60) की चारपाई में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह उछलकर दूर गिरे। जोर की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। भीड़ ने कार चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं पुलिस ने घायल को तुरंत एम्बुलेंस से शहर अस्पताल भिजवाया जहां उनकी मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही मृतक की पत्नी नगीना बेगम बेसुध हो गईं, उसे दो बेटे पांच बेटियां हैं। वहीं थाना इज्जतनगर के गांव कलापुर के छोटे लाल यादव (50) सड़क किनारे ठेला लगाकर शीतल पेयजल बेचकर परिवार चलाता था । गुरुवार दोपहर बाद वह ठेला लेकर जा रहे थे। बरेली -पीलीभीत हाईवे पर श्री बालाजी मंदिर के निकट हाइड्रा ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने हाइड्रा चालक सुशील यादव निवासी फाजिल महुवा गंगौली रायबरेली को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। मृतक अपने पीछे एक बेटा राजीव और पत्नी हीरा कली को छोड़ गए।

## सीआरपीएफ जवान के मकान का ताला तोड़कर चोरी

**कैंट, अमृत विचार :** कांधरपुर मोहल्ला बरकलीगंज निवासी बृजेश कुमार ने बताया वह गृह मंत्रालय नई दिल्ली में सीआरपीएफ में तैनात हैं।

5 जून को शाम 7 बजे वह दिल्ली से अपने घर आए तो उन्हें अपने कमरे का ताला टूटा मिला, और जेवरात समेत अन्य सामान गायब मिला। इसी मकान के दूसरे हिस्से में रह रही सगी भाभी पूनम शर्मा पत्नी राजेश कुमार से पूछा तो वह आग बबूला हो गई और गाली देने लगी। महिला ने पड़ोसी राकेश उसके बेटे शातुन कुमार, रितिक और देव कुमार को बुला लिया, सभी ने उसके साथ मारपीट की और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की ।

**पब्लिक नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा मुवक्किला हिन्दुआ हाउसिंग फाईनेंस लि. शाखा बरेली से मोहन सिंह पुत्र श्री जसवीर सिंह निवासी ग्राम गहलुईया परगना कावर तहसील बहेड़ी जिला बरेली एक किता मकान रकबई 194.66 वर्गमीटर घरौनी नम्बर 360 वाकै ग्राम गहलुईया परगना कावर तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है जिसकी चौहद्दी पूरब में खाली जगह जसवीर सिंह, पश्चिम में रास्ता 12 फिट, उत्तर में रास्ता 16 फिट व दक्षिण में मकान जसवीर सिंह है, को बंधक रखकर ऋण ले रही है उक्त सम्पत्ति जसवीर सिंह से दानपत्र से प्राप्त हुई जिसकी रजिस्ट्री उपनिबंधक बहेड़ी, बरेली के कार्यालय में बही संख्या 1 जिल्द संख्या 7884 के पृष्ठ 353 से 380 तक क्रमांक 4378 पर दिनांक 28.04.2025 को रजिस्ट्रीकृत किया गया। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति/बैंक/संस्था आदि को उक्त बंधक सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 7 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल हिन्दुजा फाईनेंस लि. बरेली के कार्यालय पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा उक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।

**मुनीश कुमार सक्सेना (एडवोकेट)**
**चैम्बर नं. 27, न्यू बिल्डिंग बंगलिया**
**सिविल कोर्ट, बरेली सूचीबद्ध अधिवक्ता**
**हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेंस लि., बरेली**
**मो. 9997389012**

## एक नजर

### तेज रफ्तार टेंपो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बहेड़ी, अमृत विचार :** तेज रफ्तार टेंपो की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्राम उतरसिया महोलिया निवासी सुखदेव सिंह बाइक से भुड़िया कॉलोनी किसी कार्य से आया था। काम खत्म करने के बाद वह वापस जा रहा था, तभी रास्ते में तेज रफ्तार टेंपो ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। तहरीर मिलने पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### मकान से नकदी जेवर ले गए चोर, रिपोर्ट दर्ज

**शेरगढ़, अमृत विचार :** गांव सिंसाई के एक मकान में मंगलवार रात घुसे चोर नकदी एवं जेवर लेकर भाग निकले, इस दौरान घर के लोग गर्मी से बचने के लिए बाहर सोए हुए थे। मकान मालिक ने चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। ग्राम सिंसाई निवासी अलीम खां ने बताया वह मंगलवार की रात परिवार के साथ आंगन में सो रहा था, रात में किसी समय चोर घर में घुस आए और कमरे में अलमारी में रखी 10 हजार की नकदी और जेवर लेकर भाग निकले।सुबह सोकर उठने पर उन्हें चोरी का पता चला, इसके बाद उन्होंने थाने पहुंचकर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

### डग्गामार बस ने गाय को मारी टक्कर, मौत

**सिरौली, अमृत विचार :** सिरौली थाना क्षेत्र के गांव गुरुगांव मुश्किल में गुरुवार सुबह 10:40 बजे सिरौली की तरफ से आ रही तेज रफ्तार डग्गामार बस ने सोमपाल यादव की गायों को टक्कर मार दी, जिससे सभी घायल हो गई और एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई। घायल गाय को ग्रामीणों और पुलिस की मदद से शिवपुरी पशु अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। सोमपाल यादव ने बताया गुरुवार सुबह वह अपनी गायों को खेत की तरफ चराने ले जा रहे थे। रोड पार करते समय एक तेज रफ्तार डग्गामार बस ने उनकी गाय को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई, दूसरी की सींग टूट गया और कई गंभीर चोट आई है सूचना पर पहुंची सिरौली पुलिस ने बस व ड्राइवर गुड्डू को थाने ले गई।

### अनूसूचित जाति के युवक को रास्ते में घेरकर पीटा

**नवाबगंज, अमृत विचार :** गांव फाजिलपुर निवासी प्रेमपाल ने थाने में दी तहरीर में बताया वह अपने बहनोई अजय के साथ गुरुवार शाम 6 बजे अपने घर जा रहा था। रास्ते में बहोर नगला की पुलिया के पास एक इको कार सवार सात युवकों ने घेर लिया और बेल्टो, लाठी -डंडों से पीटने लगे और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली देने लगे। किसी तरह भागकर उसने जान बचाई।पीड़ित का कहना है आरोपियों के पास अवैध हथियार थे, अगर वह नहीं भागता तो उसे जान से मार देते। पीड़ित ने थाने लिखित शिकायत की है पुलिस ने बताया कि जांच की जा रही है।

### इंवर्टर और बैट्री चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**आंवला, अमृत विचार :** हर घर जल योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन ओवरहेड टैंक परिसर के कमरे से चोर इंवर्टर और दो बैट्री चोरी करके ले गए। कटसारी गांव निवासी जगतपाल गौतम ने बताया उसके गांव में जल निगम के ओवर हेड टैंक का निर्माण हो रहा है। वह उक्त ओवरहेड टैंक पर आपरेटर के पद पर तैनात है। 30 मई की रात चोर ओवरहेड टैंक परिसर में बने कमरे का ताला तोड़कर इंवर्टर और दो बैट्री चोरी करके ले गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### दो पक्षों में मारपीट, छह लोग गंभीर घायल

**भमोरा, अमृत विचार :** मकान और जमीन को लेकर दो भाइयों में मारपीट हो गई, जिसमें छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजकर इलाज कराया। दोनों पक्षों ने एक -दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। ग्राम सिंघा निवासी रविंद्र सिंह और उपेंद्र सिंह सगे भाई हैं। दोनों में मकान और जमीन का पहले भी बंटवारा हो चुका हैं। गुरुवार दोपहर फिर से विवाद हो गया जिनमें एक पक्ष के कौशल, समर पाल व समर की पुत्री मानसी घायल हो गए, वहीं दूसरे पक्ष के उपेंद्र सिंह, सुनील सिंह, साकेत सिंह घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को इलाज के लिए भेजा।

### बहन की मौत के बाद भाई दे रहा जीजा को धमकी

**कैंट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव कांधरपुर निवासी सुनील मिश्रा ने बताया 14 नवंबर 2024 को उनकी पत्नी मीना का बीमारी से निधन हो गया। इसके बाद से उनका साला उमेश पाठक निवासी पचपेड़ा थाना नवाबगंज उनसे रंजिश मानने लगा। आए दिन फोन पर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देता रहता है। 8 जून वह वह उन्हें कैंट के लाल फाटक पुल के पास मिल गया और उनका गिरेबान पकड़कर बाइक से नीचे गिरा दिया। साथ ही जान से मारने तथा उनके घर में आग लगाने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कैंट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# भौआपुर में अवैध रूप से नमाज पढ़ने और मदरसा संचालन की शिकायत

संवाददाता, कैंट

● अधिकारियों ने दोनों पक्षों को समझाया, बाहरियों के नमाज पढ़ने पर रोक

**अमृत विचार :** ब्लॉक क्यारा के गांव भौआपुर में एक मंदिर के पास निजी जगह पर सामूहिक रुप से नमाज पढ़ने और वहां पर मदरसा चलाने का मामला सामने आया है। चर्चा है यहां बाहर के लोग भी आकर नमाज पढ़ते हैं। जबकि उच्च न्यायालय में मामला सूचीबद्ध है। इससे नाराज दूसरे पक्ष (हिंदू पक्ष) के सैकड़ों लोगों ने 10 जून को एसएसपी अनुराग आर्य को सामूहिक प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की थी।

गुरुवार को मामले को संज्ञान में लेते हुए उप जिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अंजना सिरोही, सीओ सिटी प्रथम आशुतोष शिवम, प्रभारी निरीक्षक कैंट राजेश कुमार भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों से वार्ता की। वार्ता के दौरान शिकायतकर्ताओं और सीओ में नोकझोंक भी हुई।अधिकारियों ने बाहरी लोगों के नमाज पढ़ने पर पाबंदी लगाते हुए सख्त हिदायत दी। अधिकारियों को यहां मदरसा संचालित होने का कोई प्रमाण नहीं मिला है। वहीं शिकायतकर्ता ने गुरुवार को एक्स पर सीओ आशुतोष शिवम पर उन्हें धमकाने, जबरन मदरसा संचालित कराने और नमाज पढ़वाने का आरोप लगाते हुए अधिकारियों और मुख्यमंत्री को पोस्ट कर शिकायत की है। पीड़ित ने आरोप लगाया है सीओ ने शिकायतकर्ता पक्ष को नमाज पढ़ने और मदरसा संचालन का विरोध करने पर जेल भेजने की धमकी दी है।

### 2012 में पांच लोगों के नमाज पढ़ने का हुआ था समझौता

एसएसपी को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में शिकायतकर्ताओं ने बताया उक्त जगह दो दर्जन लोगों के नाम दर्ज है, और इसी जमीन पर दूसरे समुदाय के लोग सपा शासन काल 2012 में नमाज पढ़ने के साथ मदरसा संचालित करने लगे थे। उस समय नमाज पढ़ने और मदरसा संचालक का विरोध करने पर तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक कैंट कमरुल हसन ने नमाज का विरोध करने वाले पक्ष को थाने बुलाकर प्रताड़ित किया, और धमका कर जबरन पांच व्यक्तियों को नमाज पढ़ने का समझौता कर दिया, जिससे क्षुब्ध होकर शिकायतकर्ताओं ने 2012 में उच्च न्यायालय में याचिका लगाई। 21 नवंबर 2012 को उच्च न्यायालय ने याचिका सुनने के बाद दोनों पक्षों को नोटिस जारी किए गए। और अग्रिम सुनवाई के लिए याचिका को सूचीबद्ध करने का आदेश पारित कर दिया। आदेश के बाद प्रशासन की ओर से गांव में सामूहिक नमाज तथा मदरसा संचालन पर पाबंदी लगाई थी। शिकायतकर्ताओं का आरोप है वर्तमान में विपक्षियों की ओर से नमाज पढ़ने के साथ ही मदरसा चलाया जा रहा है।

> बाहरी लोगों के नमाज पढ़ने से विवाद हो रहा था। मौके पर पहुंचकर बाहरी लोगों को नमाज पढ़ने से मना किया है। सिर्फ गांव के लोग ही नमाज पढ़ सकेंगे। इसके साथ ही दोनों पक्षों को पाबंद किया गया है। मदरसा संचालन का कोई भी साक्ष्य दूसरा पक्ष नहीं दिखा सका।
>
> -**आशुतोष शिवम**, सीओ सिटी प्रथम

## हादसे में युवक की मौत, बाइक चालक पर रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार :** 15 दिन पहले दो बाइकों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोहल्ला बजरिया निवासी सुषमा ने बताया 28 मई की शाम 6:30 बजे उसके पति वीरेंद्र पाल मौर्य उर्फ सुरेश (37) मोहल्ले के ही मोतीराम मौर्य के साथ बाइक से कुंवरगांव बदायूं जा रहे थे। आंवला बदायूं रोड के एक कॉलेज के समीप एक बाइक ने उसके पति की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दोनों गम्भीर घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आंवला ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने उसके पति को मृत घोषित कर दिया।

## देवर ने की छेड़छाड़, विरोध पर की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**देवरनियां, अमृत विचार :** एक महिला ने देवर पर छेड़खानी और ससुरालवालों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई।

पीड़िता ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया उसकी शादी तीन साल पहले सेमीखेड़ा निवासी भारत रत्न के साथ हुई थी।उसके पिता ने हैसियत के अनुसार दहेज दिया था। महिला का आरोप है उसके पति अधिक शराब पीते हैं और ज्यादातर बाहर रहते हैं। उसका देवर उस पर बुरी नजर रखता है। जब उसने यह पति को बताया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट की। इससे देवर के हौसले और भी बुलंद हो गए। 25 मई को जब वह घर पर अकेली थी, इसी दौरान आरोपी देवर उसके कमरे में घुस आया और उससे छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर गालियां देते हुए कहा अगर कहीं कोई शिकायत की तो तुझे जान से मार दूंगा। जब विवाहिता ने इसकी शिकायत सास -ससुर से की तो उन्होंने उसे मारने पीटने के बाद घर से निकाल दिया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कमालपुर शुमाली वि.खं. शेरगढ़ बरेली**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कमालपुर शुमाली विकास खंड शेरगढ़, बरेली में निम्नलिखित कार्यों का निर्माण कार्य मनरेगा एवं राज्य वित्त / केन्द्रीय वित्त द्वारा कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेन्ट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु अल्पकालीन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मो से निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 17.06.2025 अपराहन 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अपराहन 03:00 बजे खोली जायेंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01. | अन्नपूर्णा खाद्य भंडार का निर्माण। | 8.93 लाख |

**श्रीमती रानी (ग्राम प्रधान)** **प्यारे लाल (सचिव)**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, पीलीभीत**

पत्रांक: 127/न.पा.परि.पी./2025-26 दिनांक: 11.06.2025

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद द्वारा सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अन्तर्गत निम्न विवरण अनुसार ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा प्रपत्र उ.प्र. की ई-प्रक्योरमेंट की वेबसाइट http:etender.up.nic.in में उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| Bid Publishing Date | 13-06-2025 |
| Bid Download and Upload Date | 13-06-2025 |
| Last Date & Time of Bid Submission | 19-06-2025 04:00 PM |
| Date & Time of Technical bid Opening | 19-06-2025 04:30 PM |

1. निविदा खुलने की तिथि में यदि अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। तकनीकी बिड खुलने के बाद फाइनेन्शियल बिड खोली जायेगी। नियम एवं शर्ते पालिका के निर्माण विभाग में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।
2. निविदा मूल्य एवं जमानत धनराशि नगर पालिका परिषद पीलीभीत के ऐक्सेस बैंक खाता सं. 628010100006255 आई.एफ.एस.सी. कोड UTIB0000628 NEFT/RTGS द्वारा जमा करने के उपरान्त रसीद की स्कैन कॉपी कराकर निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है। निविदादाता जमानत धनराशि बैंक एफ.डी.आर./एन.एस.सी. अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, पीलीभीत के नाम बंधक कर भी अपलोड कर सकते है।

**अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, पीलीभीत** **नगर पालिका परिषद, पीलीभीत**

# करंट की चपेट में आने से प्राइवेट लाइनमैन झुलसा

संवाददाता, गुलड़िया

**अमृत विचार:** सिरौली थाना क्षेत्र के गांव गुरुगांव मुश्किल में गुरुवार सुबह 9:10 बजे गांव के ही दो प्राइवेट लाइनमैन दीपक और आकाश बिजली का फाल्ट ठीक करने के लिए अलग -अलग खंबे पर चढ़े और काम कर रहे थे, तभी अचानक लाइट आ गई। दीपक को करंट लगने से वह खंबे से नीचे गिर गया और पूरा शरीर झुलस गया।

आनन फानन वहां मौजूद ग्रामीण दीपक को डॉक्टर के पास ले गए जहां पर उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राइवेट लाइनमैन आकाश ने बताया उसने संविदा कर्मी लाइनमैन विजयपाल से फोन कर शटडाउन लिया, उसने विद्युत उपकेंद्र पर फोन कर राजवीर से शटडाउन दिलवाया था। संविदा कर्मी लाइनमैन विजयपाल का कहना है कि पता नहीं कैसे सप्लाई चालू हो गई, मैंने तो शटडाउन लिया था। बता दें गुरुगांव मुश्किल गांव के लिए चार संविदा कर्मी लाइनमैन लगे हुए, यह लोग फोन करने पर नहीं आते, इसलिए प्राइवेट लाइनमैन से खराबी ठीक करानी पड़ती है।

## तार टूटकर गिरा, करंट से दो बैलों की मौत

**मीरगंज, अमृत विचार :** गांव परचई में जर्जर विद्युत लाइन जमीन पर गिर गई, इस दौरान खेत में पानी लगाकर लौट रहे ठेला में जुड़े एक किसान के दोनों बैलों की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि किसान का बेटा नेत्रपाल ने ठेले से कूदकर जान बचाई। ग्रामीणों ने बताया छोटे और जगदीश के घर के सामने लंबे समय से विद्युत केबल जर्जर थी, शिकायत के बाद भी जिम्मेदारों ने उसे नहीं बदला। गुरुवार शाम 8:30 बजे चलती लाइन टूटकर गिर गई, जिससे पंपसेट का ठेला लेकर आए किसान के दोनों बैलों के पैरों में तार उलझ गए जिससे उनकी मौके पर ही तड़प तड़प कर मौत हो गई ।इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई, जिस पर दुनका चौकी पुलिस और 112 नंबर की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों ने बिजली विभाग की कार्यशैली पर आक्रोश जताया। ग्रामीणों का कहना है कई बार शिकायत के बाद भी जर्जर लाइन को नहीं बदला गया। यदि समय रहते अधिकारी चेत जाते तो ऐसा हादसा नहीं होता।

# पंचायत चुनाव में भाजपा का होगा सफाया: संजय सिंह



आम आदमी पार्टी के सम्मेलन में राज्यसभा सांसद संजय सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखे प्रहार करते हुए जुमला सरकार की संज्ञा दी । भाजपा पर बांटने का आरोप लगाते हुए कहा भाजपा की सरकारें गले तक भ्रष्टाचार में डूबी हुई हैं और समाज को बांटने की राजनीति कर रही हैं।

आम आदमी पार्टी का उद्देश्य ही समाज को जोड़ना है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी की पंचायत चुनाव सीधे जनता से कराने की घोषणा को कोरी बयानबाजी बताते हुए कहा कि सीधे चुनाव कराने में भाजपा का सफाया हो जाएगा और आम आदमी पार्टी का ही परचम लहराएगा। आप नेता ने जात पात से नाता तोड़ों , शिक्षा स्वास्थ्य से नाता जोड़ों का नारा देते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से अभी से विधान सभा चुनाव की तैयारियों में जुटकर आम आदमी पार्टी की नीतियों का प्रचार करने की अपील की ।

नवाबगंज के एक राइस मिल में गुरुवार शाम 4 बजे पहुंचे आप नेता को सुनने के लिए दोपहर से ही कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटी रही । इस आयोजन में पार्टी के रुहेलखंड प्रांत अध्यक्ष इंजी हैदर अली, प्रांत उपाध्यक्ष सुनीता गंगवार, जिलाध्यक्ष रामसिंह मौर्य, पूर्व अध्यक्ष सवाजीत, कैमरी चेयरमैन अंसार अहमद, रामपुर पालिकाध्यक्ष मामून शाह, पार्टी के पीलीभीत जिलाध्यक्ष अमित मिश्रा, प्रान्त कार्यालय प्रभारी वहीद अहमद अंसारी, विधायक आशिक अहमद,जीनत अंसारी और पाकवाड़ा चेयरमैन याकूब अली आदि के साथ ही बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया ।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, सहसवान (बदायूं)**

पत्रांक: 5928/XXIII-टैक्स-2025-26 दिनांक: 12.06.2025

**सार्वजनिक नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्व. चतुर्वेद उपाध्याय पुत्र नन्दकिशोर शर्मा पूर्व प्रधानाचार्य, प्रमोद इण्टर कॉलेज, सहसवान का एक आवासीय भवन जो मो. नयागंज वार्ड सं. 10 (पुरानी सं.) स्व. सुरेश चन्द्र मिश्रा पूर्व प्रधानाचार्य के मकान के निकट, सहसवान (बदायूं) में स्थित है। जिसकी सीमायें निम्नप्रकार हैं- पूर्व सड़क नगर पालिका बादहू मकान हरीसिंह, पश्चिम-मकान स्वर्गीय महाराज किशोर, उत्तर-सड़क नगर पालिका, दक्षिण- मकान पप्पू हैं। यह भवन पालिका जलमूल्य पंजिका में क्रमांक 429 पर दर्ज है। श्री चतुर्वेद उपाध्याय का दिनांक 07.04.1993 तथा उनकी पत्नी श्रीमती विमला उपाध्याय का दिनांक 06.06.2004 में स्वर्गवास हो चुका है। चूंकि श्री चतुर्वेद उपाध्याय का कोई पुत्र नहीं है। इसलिये उनकी तीनों पुत्रियों क्रमशः मंजुला शर्मा पत्नी सुधाकर शर्मा हा.नि. सी-324, डेल्टा-1 ग्रेटर नोएड़ा (गौतमबुद्ध नगर) इन्दु मिश्रा पत्नी प्रदीप मिश्रा हा.नि.सी- 166, सैक्टर-26 नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) तथा बिंदु शर्मा पत्नी संजीव शर्मा हा. नि. 3. दून डिवाइन कॉलोनी पीछे पार्क देहरादून द्वारा उपरोक्त भवन पर अपने संयुक्त नामों से जलकर व गृहकर का निर्धारण कराने हेतु पालिका में एक प्रार्थना पत्र दि. 31.05.2025 प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में तीनों पुत्रियां उपरोक्त भवन की मालिक व काबिज है। वर्तमान में यह भवन विवादित नहीं है। उपरोक्त भवन पर पालिका द्वारा जलकर व गृहकर का निर्धारण किये जाने संबंधित यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के अन्दर 30 दिन अपनी आपत्ति आवश्यक दस्तावेजों सहित लिखित रूप में कार्यालय नगर पालिका परिषद, सहसवान में प्रस्तुत करें। उल्लेखित समय सीमा के अन्दर किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उपरोक्त भवन पर पालिका द्वारा जलकर-गृहकर का निर्धारण कर दिया जायेगा। तथा बाद गुजरने मियाद किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। नोट:- उपरोक्त भवन पर करों का निर्धारण केवल पालिका करों की वसूली के उद्देश्य से होगा। जिसका भवन के स्वामित्व से कोई वास्ता/सरोकार नहीं होगा। अतः आप सूचित हों।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका सहसवान (बदायूं)**

# स्वास्थ्य विभाग को क्लीनिक पर लटके मिले ताले

संवाददाता , मीरगंज

**अमृत विचार :** थाना शाही के गांव लालकुआं के अड्डा के पास एक जून को वर्मा केयर क्लीनिक पर मंसूरगंज निवासी 65 वर्षीय रामपाल की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल पहुंच कर अस्पताल पर हंगामा किया था।

मृतक के पुत्र विनोद ने गलत इलाज से मौत होने की शिकायत पुलिस और सीएमओ से की थी। सीएमओ के निर्देश पर सीएचसी प्रभारी डॉ. संचित शर्मा टीम के साथ गुरुवार को वर्मा केयर क्लीनिक पर पहुंचे। टीम को क्लीनिक पर ताले लटके मिले। बैनर भी हटा लिया गया है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. संचित शर्मा ने बताया क्लीनिक के भवन मालिक और क्लीनिक संचालक से फोन पर सम्पर्क करने का प्रयास किया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। उन्होंने बताया क्लीनिक बंद होने के कारण जांच नहीं हो सकी।

## सीएचसी प्रभारी ने निजी अस्पतालों का किया निरीक्षण

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** खिरका सीएचसी प्रभारी संचित शर्मा ने स्वास्थ्य टीम के साथ कस्बे में चल रहे निजी अस्पतालों का निरीक्षण किया। दो अस्पतालों के पंजीकरण से संबंधित अभिलेख मौके पर मौजूद नहीं मिलने पर शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय में आकर दिखाने का नोटिस दिया है। सीएचसी प्रभारी ने बताया कस्बे में चल रहे एक दर्जन से अधिक प्राइवेट अस्पतालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शाही रोड पर मौजूद अलीशा नर्सिंग होम और दिल्ली रोड पर मौजूद लाइफ लाइन अस्पताल में डॉक्टर स्टॉफ मिला, लेकिन पंजीकरण से संबंधित कोई कागजात नहीं दिखा सके। इसलिए उन्हें शुक्रवार को पंजीकरण के अभिलेख सीएमओ कार्यालय में दिखाने के लिए कहा। उन्होंने बताया अगर शुक्रवार को निजी अस्पताल संचालक अभिलेख नहीं दिखा सके, तो उसे अवैध मानते हुए कार्रवाई की जाएगी।

# लो वोल्टेज और बिजली कटौती से लोग परेशान

**फरीदपुर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में नगर की विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। लोग बिजली कटौती और लो वोल्टेज से परेशान है।

लोगों ने बिजली विभाग के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की। 10 दिन बाद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका। मोहल्ला विधान निवासी अजीम मियां ने बताया उनके मोहल्ले में 20 दिनों से विद्युत व्यवस्था बदहाल है। जिसकी शिकायत उन्होंने एसडीओ से भी फोन पर की। इसके बाद उपकेंद्र जाकर शिकायत की, लेकिन उन्होंने इस ओर ध्यान नहीं दिया। उनका कहना है बिजली कटौती पर जब भी फोन करो कोई उठाता ही नहीं। अभियंता वीरू सिंह ने बताया सभासद ने लो वोल्टेज की शिकायत की थी, जिसका समाधान करवा दिया गया था। अगर उनकी कोई समस्या होगी तो उनसे बात करके उसका भी समाधान करा दिया जाएगा ।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, सहसवान (बदायूं)**

पत्रांक: 5927/XXIII-टैक्स-2025-26 दिनांक: 12.06.2025

**सार्वजनिक नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पालिका अभिलेखों (जलकर व गृहकर पंजिका) मो. नवादा वार्ड सं. 08 (पुरानी सं.) में क्रमांक 3482 पर श्री फिरासत खां पुत्र न्याज मुहम्मद मो. नवादा, सहसवान के नाम से एक आवासीय भवन दर्ज है जिसकी सीमायें निम्नप्रकार हैं पूर्व-सड़क नगर पालिका, पश्चिम-मकान बब्लू, उत्तर-डालिंग रोड तथा दक्षिण- मकान पप्पू हैं यह भवन प्रमोद संस्कृत महाविद्यालय की फील्ड की पश्चिम दिशा में स्थित है। उपरोक्त भवन को श्री कफील अहमद पुत्र श्री अब्दुल वकील नि. मो. नवादा, सहसवान द्वारा श्रीमती फीरोज जहां पत्नी अब्दुल वकील नि. मौ. नवादा, सहसवान तथा श्रीमती मैमूना खातून पत्नी हसनैन मियां (तौहीद रसूल) मौ. ईसापुर नवादा हा. नि. कस्बा गंज डुन्डवारा, तह. पटियाली (कासगंज) से खरीद कर दिनांक 20.11.2024 के अन्तर्गत बैनामा करा लिया गया है। श्री कफील अहमद द्वारा पालिका अभिलेखों में श्री फिरासत खां के नाम के स्थान पर अपना नाम दर्ज करा कर अपने नाम से रसीद जारी कराने हेतु एक प्रार्थना पत्र दिनांक 10.06.2025 को पालिका कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। उनका कहना है कि उपरोक्त भवन लगभग 15 वर्ष पूर्व श्री फिरासत खां द्वारा श्रीमती फीरोज जहां तथा श्रीमती मैमूना खातून पता उपरोक्त से खरीदा गया था जिसका अपूर्ण भुगतान होने की वजह से श्री फिरासत खां द्वारा बैनामा नहीं कराये जाने के उपरान्त भी भवन विक्रेताओं द्वारा भवन उपरोक्त श्री फिरासत खां को निवास हेतु दे दिया गया और इसी निवास के आधार पर जनरल सर्वे के दौरान पालिका द्वारा उपरोक्त भवन पर श्री फिरासत खां के नाम से करों का निर्धारण कर दिया गया था। उनका यह भी कहना है कि श्री फिरासत खां व उनकी पत्नी की मृत्यु उपरान्त मृतक के दोनों पुत्रों श्री मोहत्तल अली खां व आरिफ ने अपने पिता द्वारा भवन विक्रेताओं को पूर्व में दिया गया आंशिक भुगतान भवन विक्रेताओं से वापस लेकर भवन उपरोक्त विक्रेताओं को सौंप दिया है तदोपरान्त ही श्री कफील द्वारा उपरोक्त भवन को खरीद कर बैनामा कराया गया। उपरोक्त के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के अन्दर 30 दिन अपनी आपत्ति आवश्यक दस्तावेजों सहित लिखित रूप में कार्यालय नगर पालिका परिषद, सहसवान में प्रस्तुत कर सकता है। उल्लेखित समय सीमा के अन्दर किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में प्रस्तावित नाम को पालिका के अभिलेखों में गृहकर-जलकर की वसूली के उद्देश्य से नामान्तरण की कार्यवाही करते हुए दर्ज कर दिया जायेगा तथा बाद गुजरने मियाद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। उपरोक्त नामान्तरण का भवन के स्वामित्व से कोई वास्ता/सरोकार नहीं होगा। अतः आप सूचित हों।

| क्र.. | पालिका अभिलेखों में दर्ज क्रमांक | पालिका जलकर-गृहकर पंजिका में वर्तमान में दर्ज भवन स्वामी का नाम व पता | पालिका जलकर-गृहकर पंजिका में नामान्तरण हेतु नाम व पता | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. |
| 01. | 3482 | श्री फिरासत खां पुत्र न्याज मुहम्मद मो. नवादा, सहसवान | श्री कफील अहमद पुत्र श्री अब्दुल वकील नि. मो. नवादा, सहसवान | बैनामा |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, सहसवान**
**बदायूं**

## एक नजर

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शेरगढ़, अमृत विचार :** शेरगढ़-ब्योंधा मार्ग पर गांव मनु नगर स्थित फिलिंग स्टेशन के सामने बाइक एवं कार की भिड़ंत में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए भेजा। थाना नवाबगंज के गांव फाजलपुर निवासी बुंदन शाह बाइक से गांव लौट रहा था। शेरगढ़-ब्योंधा मार्ग पर मनु नगर स्थित पेट्रोल पंप के सामने कार-बाइक में भिड़ंत हो गई, जिसमें बाइक चालक बुंदन शाह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### घर के बाहर बंधे तीन मवेशी चोरी

**गुलड़िया, अमृत विचार :** बड़ागांव में बुधवार रात चोरों ने दो स्थानों से चोरी की, पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर चोरों को पकड़ने की मांग की। बड़ागांव निवासी नन्हें ने बताया चोर उसकी दो भैंस और एक पड़ा छोड़ ले गए। जानकारी होने पर उसने आसपास खोज की, लेकिन कुछ नहीं पता चला। बुधवार रात ही इसी गांव के एक अन्य नन्हें की लड़की की बरात आई थी, उसमें एक बराती की बाइक चोरी हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि बोदूपुरा गांव के प्रेमपाल की बाइक चोरी हुई है जो शादी में शामिल होने आया था।

### फरार आरोपी के घर नोटिस चस्पा

**नवाबगंज, अमृत विचार :** पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी तौफीक उर्फ मुन्ना निवासी नई बस्ती के घर नोटिस चस्पा किया है। चौकी प्रभारी विवेक पाल ने बताया कि नगर की नई बस्ती निवासी आरोपी को एक माह में पुलिस या फिर कोर्ट में आत्मसमर्पण करने का संदेश नोटिस दिया गया है। आरोपी के खिलाफ कई धाराओं में केस दर्ज है, एक माह में हाजिर नहीं होने पर उसके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

### शेरगढ़ में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**शेरगढ़, अमृत विचार :** नवागत थाना प्रभारी राजेश कुमार ने चार्ज संभालने के बाद स्टाफ के साथ बैठक की और कस्बे में पैदल गश्त कर शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को क्षेत्र में पैनी निगाह बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासी शांति और सद्भाव के साथ रहें तथा एक दूसरे की भावना का सम्मान करें। इस अवसर पर वरिष्ठ उप निरीक्षक आदित्य गौरव श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक राम नरेश सिंह, शिवसागर, राहुल पुंडीर आदि समेत पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### महिला ने प्रेमी पर लिखाई शोषण की रिपोर्ट

**बहेड़ी, अमृत विचार :** एक महिला ने प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसका आरोप है उसने शादी का वादा करके संबंध बनाए, लेकिन अब उसके घर वाले शादी करने से इन्कार कर रहे हैं। पीड़िता का कहना है उसके तीन बच्चे हैं, इसके बावजूद प्रेमी ने उससे शादी का वादा करके पांच साल तक अवैध संबंध बनाए। वह तो शादी करने को तैयार है, लेकिन उसके घर वाले राजी नहीं हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है।

# सफाई नहीं होने से कांधरपुर में जलभराव

## जानकी पुलिया मंदिर को जाने वाले कच्चे रास्ते से पैदल निकलना मुश्किल

संवाददाता, कैंट

- सड़क बनवाने की मांग को लेकर विधायक से मिले कांधरपुर के लोग

**अमृत विचार :** ब्लॉक क्यारा की ग्राम पंचायत कांधरपुर में टूटी सड़कें और जाम नालियां लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई हैं। गंदगी और जल निकासी की समस्या के कारण ग्रामीणों में आक्रोश है।

परेशान लोग प्रधान, ब्लॉक अधिकारियों के साथ ही सांसद, विधायकों के पास जाकर नाली, सड़कों को दुरुस्त कराने की मांग लंबे समय से कर रहे है। तमाम जनप्रतिनिधि अधिकारी सड़कों, नालियों को दुरुस्त कराने का आश्वासन तो देते हैं, लेकिन इस पर अभी तक कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। गुरुवार को बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा से प्रधान ओमवती के नेतृत्व में दर्जनों लोग मिले



कांधरपुर में भरा पानी। ● अमृत विचार

और लिखित पत्र के माध्यम से उपरोक्त समस्या के निस्तारण की मांग की। विधायक ने समस्या का शीघ्र निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है। गांव में हर तरफ सफाई के अभाव में नालियां पूरी तरह से जाम और गंदगी से भरी पड़ी हैं, इससे कहीं - कहीं सड़क पर ही पानी जमा हो रहा है। आवागमन में परेशानी होती है। लखौरा, परगवां, उमरसिया, नवीनगर, चनेहटी, चनेहटा, उलैहतापुर, बरकलीगंज आदि गांव के लोग इस मार्ग से गुजरते हैं। विधायक से शिकायत करने वालों में ग्राम प्रधान ओमवती, क्षेत्र पंचायत सदस्य इरफान सैफी, समाजसेवी मो. रजा, अहमद नबी, हरि सिंह, पूरन चंद्र जोशी, श्याम प्रकाश, वेदराम समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### नालियों के चोक होने से फैली गंदगी

नालियों की सफाई न होने से जगह-जगह जाम पड़ी हैं। ग्रामीणों ने बताया यदि बारिश के पूर्व नालियों की सफाई नहीं हुई, तो जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। गांव के अंदर बने सड़क मार्ग भी बदहाल पड़े हुए हैं। वहीं, सड़क के बीच में बनी नालियों पर रखी पटिया भी कई स्थानों पर टूट गई हैं, जिससे आए दिन लोग गिरकर चोटिल होते हैं। बदहाल मार्ग से गुजरने में लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। सबसे खराब स्थिति बारिश के दिनों में होती है। मार्ग पर कीचड़ होने से चलना मुश्किल हो जाता है। संक्रामक रोगों से बचाव के लिए खुली नालियों और जमा कूड़े के बीच में दवाओं का छिड़काव नहीं कराया जाता है, जिससे संक्रामक रोगों का खतरा बना रहता है। साथ ही मच्छरों के पनपने से लोगों को परेशानी होती है। ग्रामीणों ने अविलंब नालियों की सफाई कराकर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराए जाने की मांग की है।

## युवती के अश्लील वीडियो किए वायरल

**नवाबगंज, अमृत विचार:** एक युवक ने पड़ोस की युवती को प्रेमजाल में फंसाकर उसकी अश्लील वीडियो बना ली, युवती के परिजनों का का आरोप है शिकायत पर आरोपी ने वीडियो डिलीट करने के बदले एक करोड़ की रंगदारी मांगी और न देने पर वीडियो वायरल कर दी ।

युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी और उसके परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कस्बे की एक बस्ती निवासी अब्दुल रज्जाक उर्फ मुन्ना ने पड़ोस की एक युवती को प्रेमजाल में फंसाकर उसकी अश्लील वीडियो बनाकर वायरल कर दी। युवती के परिजनों ने आरोपी के घर पहुंचकर जब शिकायत की तो अब्दुल रज्जाक के भाइयों परवेज आलम , अब्दुल रसूल, पिता अब्दुल हमीद और चाचा मो. शफी ने मारपीट कर भगा दिया। अब्दुल ने वीडियो डिलीट करने के बदले एक करोड़ की रंगदारी मांगी है । पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## फर्म चाहती है उसी से ही भूसा खरीदा जाए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सीवीओ ने डीएम को भेजी रिपोर्ट फर्म संचालक के आरोपों को खारिज किया

**अमृत विचार:** भूसा आपूर्ति करने वाली फर्म संचालक की ओर से कमीशनखोरी के लगाए आरोपों को सीवीओ ने झूठा बताया है। साथ ही पूरे प्रकरण की रिपोर्ट डीएम को भेज दी है। जिसमें कहा है कि फर्म संचालक चाहते हैं कि सभी गोशालाओं के लिए उनकी फर्म से भूसा खरीदा जाए। जबकि टेंडर में स्पष्ट है कि भूसा नामित फर्म से खरीदने के लिए बीडीओ को बाध्य नहीं किया जा सकता।

सीवीओ मनमोहन पांडेय ने बताया कि बरेली की गोशालाओं में भूसा आपूर्ति के लिए जुलाई 2024 में ई-टेंडरिंग व्यवस्था के जरिये परसाखेड़ा के मनोज शर्मा की फर्म एमएस इंटरप्राइजेज को जिम्मेदारी मिली थी। फर्म के मालिक का आरोप है कि उनको सालभर में 46 हजार क्विंटल भूसे की आपूर्ति देनी थी। लेकिन अब तक 25-30 गोशालाओं ने ही उनसे 17 हजार क्विंटल भूसा लिया है। नवंबर 2024 से वह लगातार डीएम और सीडीओ से मिलकर समस्या बता रहे हैं। उसके बावजूद बीडीओ की मनमानी जारी है। सीवीओ के मुताबिक टेंडर में स्पष्ट लिखा है कि भूसा के लिए किसी गोशालाओं को बाध्य नहीं किया जा सकता।

## बहन के घर आए युवक को दबंगों ने पीटा, रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार :** बहन - भाई से मारपीट करने वाले पांच लोगों पर पुलिस ने गुरुवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली।

थाना बिथरी चैनपुर के उड़ला जागीर निवासी साजिद खान ने बताया वह 23 मई को सुबह 9:30 बजे बहन आयशा पत्नी एजाज खान निवासी उमरिया सैदपुर खजुरिया थाना कैंट के घर आए थे। इसी दौरान अख्तर रजा, आरिश खां, निजामुद्दीन, शकीलउद्दीन और बबलू उनकी बहन के घर में घुस आए। गाली देने लगे, बहन के विरोध करने पर बबलू ने उस पर धारदार फरसा से हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गई। इसके बाद साजिद खान को भी आरोपियों ने लाठी डंडों से पीटा।

## स्मैक तस्कर को पुलिस ने तमंचे के साथ पकड़ा

संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार :** पुलिस ने स्मैक तस्कर को तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

उप निरीक्षक शिवम कुमार को मुखबिर से सूचना मिली नगर में कर्बला की तरफ एक युवक तमंचा और कारतूस लेकर घूम रहा है। पुलिस में घेराबंदी करते हुए उसे पकड़ लिया, तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा 12 बोर और दो कारतूस बरामद हुए। आरोपी ने अपना नाम फैयाज हुसैन निवासी मोहल्ला ऊंचा कस्बा व थाना फरीदपुर बताया, उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में नीटू मलिक, अंकित कुमार, भानु आदि मौजूद रहे।



तस्कर फैयाज हुसैन।

बता दें 18 अगस्त 2021 को ग्राम पढ़ेरा निवासी छोटे प्रधान को 20 किलो स्मैक के साथ फरीदपुर और फतेहगंज पूर्वी की पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था, उसी के पार्टनर फैयाज हुसैन ने भी काली कमाई से अकूत संपत्ति अर्जित की थी। उसकी संपत्ति को पुलिस ने फ्रीज करते हुए मुनादी भी कराई थी। जेल से रिहा होने के बाद फैयाज हुसैन ने अपने काले कारनामे फिर शुरू कर दिए। पुलिस ने बुधवार शाम कर्बला के पास से गिरफ्तार कर लिया।

## भारत तेल डिपो में की गई मॉक ड्रिल

**आंवला, अमृत विचार:** भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड में गुरुवार को अर्ध वार्षिक मॉक ड्रिल हुई । जिसमें डिपो स्टॉफ और अग्निश्मन विभाग ने उत्तम प्रदर्शन किया।

मॉक ड्रिल में टैंक लॉरी फिलिंग गेट पर आग लगने की स्थिति का अनुकरण किया गया, जिसे डिपो स्टाफ और अग्निशमन दल ने मिलकर सफलतापूर्वक नियंत्रित किया। इस दौरान डिपो स्टॉफ, अग्निशमन अधिकारी, पुलिस अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## अहमदाबाद हादसे पर जताया दुख



**आंवला :** अहमदाबाद में विमान हादसे में यात्रियों की मौत को लेकर हिंदू संगठनों ने दुख प्रकट किया और कस्बे में कैंडल मार्च निकाल कर मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कस्बेवासियों के साथ मृत विमान यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए दुख प्रकट कर कैंडल मार्च निकाला।

## संगठन को मजबूत बनाने के लिए कांग्रेसियों ने की चर्चा

**मीरगंज, अमृत विचार :** नगर पंचायत क्षेत्र में गुरुवार को कांग्रेस पार्टी ने जन संवाद कर संगठन सृजन अभियान का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला प्रभारी अनूप वर्मा रहे। इस दौरान संगठन सृजन के तहत संगठन का विस्तार करने और बूथ कमेटी गठित करने के निर्देश दिए गए। जिसके माध्यम से न्याय पंचायत, ग्राम पंचायत , क्षेत्र पंचायत, ब्लॉक एवं नगर पंचायत में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करने का काम किया जाएगा। यह कार्यक्रम मीरगंज नगर अध्यक्ष इरफान अंसारी के आवास पर हुआ। इस दौरान कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव मुराद बेग एडवोकेट, कमरुद्दीन सैफी, छेदा लाल गुर्जर, संदीप शर्मा, नदीम अख्तर , शाही नगर अध्यक्ष रेहान अहमद, फरमान शेख, फरजान मसूदी समेत अन्य मौजूद रहे। इसी क्रम में शाही में जावेद हुसैन उर्फ सन्नी पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी के निवास पर कार्यक्रम हुआ। जिसमें अनूप वर्मा, जिला अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी समेत अन्य रहे।

## हड़ताल को सफल बनाने की रणनीति बनाई

**बरेली, अमृत विचार:** जनरल इंश्योरेंस इम्पलाइज ऑल इंडिया एसोसिएशन (जीआईईएआईए) की ओर से गुरुवार को नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के स्टेशन रोड स्थित मंडलीय कार्यालय पर बैठक हुई, जिसमें 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया गया।

राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक सिंह ने कहा कि सरकार का '2047 तक सभी के लिए बीमा' का लक्ष्य तभी साकार हो सकता है, जब पीएसजीआईसीएस का विलय कर उन्हें एकीकृत और सशक्त बनाया जाए। कहा कि एलआईसी के समान वेतन पुनरीक्षण, एनपीएस में 14 प्रतिशत नियोक्ता अंशदान और पारिवारिक पेंशन को 30 प्रतिशत तक बढ़ाने जैसी मांगों को लगातार अनदेखा किया जा रहा है। संजीव महरोत्रा ने कहा कि एसोसिएशन केंद्र सरकार की श्रमिक, सार्वजनिक क्षेत्र और जन-विरोधी नीतियों के खिलाफ 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेने वाले केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र महासंघों के साथ पूरी एकजुटता व्यक्त करता है।




बैठक को संबोधित करते राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक सिंह। ● अमृत विचार

## बाबा साहेब की प्रतिमा का सांसद ने किया अनावरण

संवाददाता, भुता

**अमृत विचार:** गांव नगीरामपुर में बाबा भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह अनावरण किया। सांसद का ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

इस मौके पर भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी कांशीराम जिला प्रभारी पवन सागर व उपाध्यक्ष अमित आजाद ने कार्यकर्ताओं के साथ उनका स्वागत किया। सांसद ने बाबा साहेब की नीतियों के बारे में लोगों को अवगत कराया। इसके साथ ही भाजपा सरकार में हो रहे अन्याय से बचने के लिए आने वाले चुनाव में एकजुट होने का मंत्र भी दिया।

इस मौके पर आम आदमी पार्टी के नेता जनक प्रसाद, रामनिवास कश्यप, प्रधान अहमद रजा व सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सोशल मीडिया से सड़क सुरक्षा अभियान को बनाया सशक्त



पुलिस कर्मियों को सम्मानित करते एडीजी रमित शर्मा।

**बरेली, अमृत विचार :** जोन मुख्यालय पर गुरुवार को पुलिस सोशल मीडिया टीमों के सम्मान में समारोह का आयोजन हुआ। एडीजी रमित शर्मा ने कहा कि ' परवाह (केयर) ' डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान में बरेली जोन में जनजागरूकता की नई मिसाल कायम की। पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से सशक्त अभियान चलाया। इसे एक करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंचाया गया। रामपुर और बरेली की सोशल मीडिया की टीमों ने बेहतर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि अफवाहों से लड़ने का सबसे अच्छा तरीका है कि सही और रचनात्मक जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाई जाए। रामपुर के सोशल मीडिया प्रभारी ने बताया कि अभियान की शुरुआत थाना स्तर पर वाट्सएप ग्रुप बनाकर और नोडल अधिकारियों की नियुक्ति से हुई। ट्रैफिक कांस्टेबल पूजा ने बताया कि पुलिस की टीमों ने स्कूल, कॉलेज, कोचिंग, खेल मैदान और सामाजिक आयोजनों में जाकर लोगों को प्रत्यक्ष रूप से जागरूक किया। सोशल मीडिया पर आकर्षक क्रिएटिव्स और स्लोगन के जरिए विशेष रूप से युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान बेहतर कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया।

**सलाह** | एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में विश्व फैटी लिवर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

# संतुलित खानपान से ही रुकेगा फैटी लिवर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** फैटी लिवर तेजी से बढ़ती हुई वैश्विक महामारी है। शुरुआत में लक्षण स्पष्ट न होने से लिवर के खराब होने की जानकारी नहीं होती। दूसरे या तीसरे चरण में पहुंचने पर फैटी लिवर के लक्षण प्रतीत होते हैं।

इससे पीड़ित 70 फीसदी मरीज मोटापे से ग्रसित मिलते हैं। 75 फीसदी को टाइप 2 डायबिटीज और 20-80 फीसदी हाइपरलिपिडिमिया से ग्रसित होते हैं। यह लिवर सिरोसिस से लेकर लिवर कैंसर तक की वजह बन सकता है। ये बातें एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में विश्व फैटी लिवर दिवस पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कहीं। जनरल मेडिसिन विभाग की गैस्ट्रोएंटरोलॉजी यूनिट की ओर से दो सत्रों में आयोजित कार्यक्रम में सुबह मरीजों के लिए स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श कैंप लगाया गया और शाम को एमबीबीएस के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक व्याख्यान हुए। व्याख्यान की थीम खाना ही दवा है पर गैस्ट्रो एंटेरोलॉजिस्ट डॉ. वत्स गुप्ता ने दिल, डायबिटीज और अन्य गंभीर बीमारियों पर फैटी लिवर के दुष्प्रभावों को बताया। लिवर के खराब होने के चरणों की जानकारी के साथ इससे होने वाले नुकसान को भी बताया।



कार्यक्रम में अतिथि का स्वागत करतीं डॉक्टर स्मिता । ● अमृत विचार

एंडोक्रिनोलॉजिस्ट डा. श्रुति शर्मा ने मोटापा क्या है से अपना व्याख्यान शुरू किया और इसकी वजहों की भी जानकारी दी। शरीर में चर्बी के वितरण और बीएमआई से इसकी जांच पर भी उन्होंने विस्तृत जानकारी दी। रेडियोलॉजिस्ट डॉ. नीरज प्रजापति ने फैटी लिवर क्राइटेरिया के बारे में बताया और कहा कि शुरुआत में लक्षणों के स्पष्ट न होने से इसकी जानकारी नहीं होती और यही वजह है ज्यादातर लोगों को पता ही नहीं चलता कि उनका लिवर फैटी है। ऐसे में नियमित जांच करवाना जरूरी है।

गैस्ट्रो एंटेरोलॉजिस्ट डॉ. शिवम गुप्ता ने कहा कि सभी के उपचार में एक ही बात कॉमन है, वह है विटामिन ई का सेवन। डॉ. शिवम ने कहा कि लिवर फैटी होने पर दवाइयां तो आवश्यक हैं ही लेकिन सबसे ज्यादा जरूरी है सक्रिय जीवन शैली और संतुलित खानपान। खानपान में फाइबर, प्रोटीन को बढ़ाने के साथ एक्सरसाइज से लिवर को फैटी होने से रोका जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनरल मेडिसिन विभाग की एचओडी डॉ. स्मिता गुप्ता ने की। प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला, डीन यूजी डॉ. बिंदु गर्ग, डॉ. शरद जौहरी, डीएसडब्ल्यू डॉ. क्रांति कुमार, डॉ. विद्यानंद, डॉ. मीनाक्षी जिंदल, डॉ. हर्षित अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### ब्रजेश कुमार चौथी बार चुने गए अध्यक्ष



**आंवला, अमृत विचार :** इफको इंपलाइज यूनियन की केंद्रीय कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें चौथी बार ब्रजेश कुमार अध्यक्ष चुने गए हैं। निलांजन रक्षित और मनोज कुमार दुबे उपाध्यक्ष, सुनित गोयल महासचिव और तीन सदस्य निर्विरोध चुने गए हैं। उर्वरक विपणन विकास संस्थान गुड़गांव में हुए चुनाव में इफको के निदेशकआरपी सिंह (मानव संसाधन विकास एवं विधि), विपणन निदेशक योगेन्द्र कुमार, कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन) आरके नागपाल, महाप्रबंधक (सहकारिता विकास) संतोष कुमार शुक्ला, इफको अधिकारी संघ के अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी और महासचिव एसके बंसल, अजय पांडेय, विजय धर एवं अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने चुने गए पदाधिकारियों को बधाई दी।

### खैलम को हराकर अलीगंज ने जीता फाइनल मुकाबला



**अलीगंज, अमृत विचार :** बिहारीपुर गांव में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को फाइनल मैच का मुकाबला अलीगंज और खैलम गांव की टीम के बीच हुआ। जिसमें अलीगंज टीम विजयी रही। विजेता टीम को मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉ. जीराज सिंह यादव ने ट्रॉफी और 11 हजार की नकद राशि भेंट की। आयोजकों ने उपविजेता खैलम गांव की टीम को पांच हजार पांच सौ रुपये का सांत्वना पुरस्कार दिया। अलीगंज टीम के कप्तान आजम, खिलाड़ियों में राहुल, अमरदीप, राम विलास, बल्लू, सदिल, आयान, फहीम, दानिश, मनु, विशाल रहे। आयोजकों में महमूद रजा, सुभान रजा, अयूब रजा, आशीष शर्मा, मुस्ताक अली और रियासत अली रहे।

### अजय बने केंद्रीय वाल्मीकि महासभा के प्रदेश महामंत्री

**कैंट, अमृत विचार :** केंद्रीय वाल्मीकि महासभा के केंद्रीय चेयरमैन मेजा राम वाल्मीकि की संस्तुति पर सुभाषनगर के वीर भट्टी निवासी अजय चौहान को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है। संगठन ने अजय चौहान से अनुसूचित जाति, पिछड़ों और कमजोर वर्ग के लोगों की सहायता कर संगठन के नवनिर्माण एवं विस्तार करने का विश्वास जताया है। गुरुवार को नवनियुक्त पदाधिकारी को विभिन्न समाज सेवी संस्थाओं ने सुभाषनगर, तिलक कॉलोनी, नेकपुर, वाल्मीकि बस्ती, पुराना शहर, ईट पजाया चौराहा आदि जगहों पर स्वागत किया। इस दौरान आकाश पुष्कर, अशोक एडवोकेट, अजय कुमार, रवि, सुमित सिंह, विकास पासवान, मुकेश पासवान, नीरज, सौरभ कटेरिया आदि मौजूद रहे।



### राशन कार्ड की समस्याओं को दूर करने की मांग

**शेरगढ़, अमृत विचार :** बिजली एवं राशन कार्ड समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकियू अराजनीतिक कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को अधिशासी अधिकारी को छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अधिशासी अधिकारी दुर्गेश कुमार सिंह ने किसान नेताओं की समस्याओं को सुना तथा अतिशीघ्र समाधान कराने को आश्वस्त किया। जिला उपाध्यक्ष रिंकू गंगवार के नेतृत्व में नगर पंचायत कार्यालय में एकत्र हुए किसान नेताओं ने पहले चेयरमैन बुद्धसेन मौर्य को समस्याओं से अवगत कराया। अधिशासी अधिकारी दुर्गेश कुमार सिंह को बिजली, राशन कार्ड, आवारा पशु, वार्ड नंबर 5 में शिव मंदिर वाली रास्ता को ठीक कराने, फ्रीजर में ठंडा पानी सुचारु कराने समेत छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अधिशासी अधिकारी दुर्गेश कुमार सिंह ने किसान नेताओं को अपने ऑफिस में बुलाकर समस्याओं को सुना तथा समस्याओं का समाधान कराने को आश्वस्त किया। इस अवसर पर राकेश राठौर, तेजपाल राठौर आदि समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### सफाई कर्मियों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने ब्लॉक अध्यक्ष संतराम दिवाकर के नेतृत्व में बीडीओ कमल सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपा। जून की मासिक बैठक में जिन ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मचारियों को सफाई उपकरण नहीं मिले हैं उन ग्राम पंचायतों के सचिव को बैठक में बुलाकर आदेश दे ताकि कर्मचारियों को सफाई उपकरण उपलब्ध हो सके। गांवों की सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके। कुछ राजस्व ग्रामों में सफाई कर्मचारी अपने तैनाती गांवों के साथ-साथ अन्य रिक्त गांवों में तीन दिन सफाई कर रहे हैं। उन कर्मचारियों को बदलते हुए अन्य कर्मचारियों को तीन-तीन दिन संबंधित सफाई व्यवस्था ग्राम पंचायतों में हो सके। इस दौरान सूरज पाल बाल्मीकि, सतीश चंद्र गंगवार, बिहारी लाल गौतम , हरीश कुमार गंगवार समेत अन्य मौजूद रहे।



### हमें चित्र से ज्यादा चरित्र पर ध्यान देना चाहिए

**रिठौरा, अमृत विचार :** गांव कुंवरपुर बंजरिया के प्राचीन शिव मंदिर मढ़ी पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन गुरुवार को डॉ. रोहितानंद महाराज ने राजा परीक्षित की कथा सुनाते हुए कहा मनुष्य को अपने जीवन में दो की परीक्षा कभी नहीं लेनी चाहिए एक तो संत की दूसरे भगवत की सती ने भगवान की परीक्षा ली, परिणाम स्वरूप यज्ञ में जल के मरना पड़ा। राजा परीक्षित ने संत की परीक्षा ली तो सात दिन में मरने का श्राप मिला। कथा व्यास ने कहा चरित्र और चाय जहां भी गिर जाती है, वहां दाग आ जाता है। हमारे इस राष्ट्र में चित्र की पूजा नहीं होती पूजा चरित्र की होती है। इसलिए हम मनुष्य को चरित्र का निर्माण करना अति आवश्यक है । चित्र बढ़िया न हो काम चलेगा पर चरित्र बढ़िया हो आज के लोग चित्र बढ़िया बनवाने में लगे हैं।

### पुलिस भर्ती में सफल युवाओं को सीएम देंगे नियुक्ति पत्र

**भुता, अमृत विचार :** थाना परिसर में एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देशानुसार पुलिस भर्ती परीक्षा में सफल हुए क्षेत्र के सभी अभ्यर्थियों को बुलाकर ऑनलाइन बैठक की गई । उन्होंने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए 15 जून को लखनऊ पहुंचने की जानकारी दी। इस दिन सभी सफल हुए अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री नियुक्ति पत्र देंगे। पुलिस अधीक्षक ने सभी अभ्यर्थियों को अपने आईडी कार्ड साथ ले जाने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही उन्होंने बताया मुझे बहुत गर्व है की अब आप लोग पुलिस टीम का हिस्सा बन चुके है। बता दें पुलिस परीक्षा नियुक्ति में सबसे ज्यादा संख्या भुता थाना क्षेत्र के युवक सफल हुए है। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, प्रशांत शुक्ला आदि स्टाफ मौजूद रहा।



### कार और ऑटो ने रेलवे फाटक में मारी टक्कर

**भमोरा, अमृत विचार :** मकरंदपुर रेलवे स्टेशन मास्टर विकास बाबू ने बताया गुरुवार दोपहर 2:40 बजे बरेली सिटी से कासगंज जाने वाली ट्रेन स्टेशन पर खड़ी थी, जिसके चलते स्टेशन के दक्षिण में बने आंवला भमोरा रोड पर रेलवे फाटक को बंद कर रखा था। जिसमें पहले कार ने फिर ऑटो ने टक्कर मार दी, जिससे फाटक टूट गया। ट्रेन को स्लाइडर बूम से निकाला गया। इस बीच रोड पर लंबा जाम लग गया।

### 15 नवंबर से 10 जून तक 47753 सैलानियों ने किया सैर-सपाटा, 441 विदेशी पर्यटक भी पहुंचे, 15 जून को बंद होगा पीटीआर का पर्यटन सत्र

# सैलानियों की संख्या को लेकर पीटीआर इस बार भी बनाएगा रिकॉर्ड

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



मुस्तफाबाद गेट पर सैलानियों की लगी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में भीषण गर्मी के बावजूद सैलानियों की संख्या में खासी बढ़ोतरी हो रही है। हालांकि इस बार टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र पिछले सत्र के अपेक्षा 10 दिन पहले ही बंद कर दिया जाएगा। टाइगर रिजर्व में 06 नवंबर से शुरू हुए पर्यटन सत्र की बात करें तो अब तक 47759 सैलानी यहां आ चुके हैं। इसमें 441 विदेशी सैलानी भी शामिल है। यह स्थिति तब है, जब पर्यटन सत्र समाप्त होने में अभी तीन दिन बाकी हैं।

तराई की तलहटी में बसे पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र हर साल 15 नवंबर से 15 जून तक सात माह के लिए संचालित किया जाता है। हालांकि पिछला पर्यटन सत्र 10 दिन के लिए बढ़ाते हुए 25 जून को बंद किया गया था। अपनी विशिष्ट जैवविविधता, बाघों को लेकर मशहूर पीलीभीत टाइगर रिजर्व विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाने की ओर अग्रसर है।

इसके अलावा यहां का प्रमुख इको टूरिज्म स्पॉट चूका बीच और सप्त सरोवर देशी एवं विदेशी सैलानियों के बीच पर्यटन का केंद्र बिंदु बनता जा रहा है। यहां पहुंचने वाले सैलानी जंगल की हरी-भरी वादियों के बीच इको टूरिज्म स्पॉट चूका बीच और सप्त सरोवर की हटों में ठहरने के साथ ही जंगल सफारी का भी लुत्फ उठा रहे हैं। इधर चिलचिलाती धूप और गर्मी के बावजूद जंगल के शौकीनों का उत्साह कम होता नजर नहीं आ रहा है। अब पर्यटन सत्र समाप्ति की ओर है। ऐसे में पहली जून से टाइगर रिजर्व में लगभग रोजाना ही बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं। स्थिति यह है कि दोनों शिफ्ट में सफारी वाहन सैलानियों की भीड़ के आगे कम पड़ रहे हैं। हालांकि अभी पर्यटन सत्र समाप्त होने पर तीन दिन का समय शेष बचा है। वन अफसरों को उम्मीद है कि शेष बचे दिनों में बड़ी तादाद में सैलानी पीटीआर पहुंचेंगे।

वर्तमान पर्यटन सत्र में पीलीभीत टाइगर रिजर्व सैलानियों की संख्या को लेकर नए कीर्तिमान बनाने की ओर अग्रसर है। पिछला पर्यटन सत्र 25 जून तक संचालित किया गया था। उस दौरान 53,378 सैलानी यहां पहुंचे थे। इसमें 189 विदेशी सैलानी भी शामिल थे। वहीं वर्तमान पर्यटन सत्र की बात करें तो 06 नवंबर से 10 जून तक टाइगर रिजर्व में 47,759 सैलानी पहुंचे हैं। इसके अलावा विभिन्न देशों से आए 441 विदेशी सैलानी जंगल की हरी भरी वादियों और वन्यजीवों का दीदार कर चुके हैं, जबकि पिछले पर्यटन सत्र में 15 जून तक 49,461 सैलानी यहां पहुंचे थे।

पर्यटन सत्र के अंतिम दिनों में टाइगर रिजर्व में सैलानियों की खासी भीड़ रही है। वन अफसरों को उम्मीद है कि आने वाले सालों में पीलभीत टाइगर रिजर्व पर्यटन के लिहाज में एक प्रमुख केंद्र बिंदु बनेगा।

## राम जन्मभूमि परिसर समेत चार जगह मिले कोरोना पॉजीटिव

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की ओर से सात स्थानों पर शुरू की गई जांच के दौरान गुरुवार को जिले में कोरोना की एंट्री की पुष्टि हो गई है। रामजन्मभूमि परिसर समेत जनपद के चार स्थानों पर कोरोना के चार पॉजिटिव मिलने से हड़कंप मच गया है, जिसमें से दो लोगों का लखनऊ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कर इलाज शुरू हो गया है।

वहीं दो को होम क्वारंटाइन किया गया है। सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बनियान ने पुनः अलर्ट जारी करते हुए लोगों से शादी विवाह और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचने की अपील की है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरुवार देर शाम इस सत्र का सबसे पहला कोरोना बुलेटिन जारी किया गया है। जारी बुलेटिन के अनुसार रामजन्मभूमि परिसर में रुदपुर देवरिया का एक व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। इसके अलावा मिल्कीपुर, तारुन बाजार और जिला अस्पताल कॉलोनी में अंबेडकरनगर निवासी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं।

## पावर कॉरपोरेशन ने शुरू की निजीकरण पर नियामक आयोग की संस्तुति लेने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● **संघर्ष समिति ने कहा- आयोग को संस्तुति देने का अधिकार नहीं**



**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने ऊर्जा निगमों के निजीकरण प्रक्रिया को लेकर 'आरएफपी डॉक्यूमेंट' पर राज्य विद्युत नियामक आयोग की संस्तुति लेने की तैयारी शुरू कर दी है। इस बीच, विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने कहा कि आयोग को संस्तुति देने का कोई अधिकार नहीं है।

संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि संस्तुति को लेकर आयोग व कॉरपोरेशन के अधिकारियों से बातचीत की गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी नियम के तहत नियामक आयोग को कॉरपोरेशन के कहने पर निजीकरण के किसी दस्तावेज़ पर अभिमत नहीं देना चाहिए।

संघर्ष समिति ने कहा है कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन झूठे आंकड़े देकर व कर्मचारियों की सेवा शर्तों के बारे में उन्हें गुमराह कर निजीकरण की जिद पर अड़ा है। इससे इस भीषण गर्मी में ऊर्जा निगमों में अनावश्यक तौर पर औद्योगिक अशांति का वातावरण बना हुआ है। बिजली कर्मचारी नहीं चाहते कि इस भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को कोई तकलीफ हो। पावर कॉरपोरेशन को निजीकरण की जिद छोड़ देनी चाहिए जिससे बिजली कर्मचारी पूर्ण मनोयोग के साथ उपभोक्ताओं को बिजली देने के कार्य में जुटे रहे। इस बीच, संघर्ष समिति के आह्वान पर 197 वें दिन प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन किया गया।

वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, हरदुआगंज, जवाहरपुर, परीक्षा, पनकी, ओबरा, पिपरी और अनपरा में विरोध सभा हुई।

# पहले चाकू से गला रेता फिर पत्नी को मार दी गोली

### कुंदरकी की घटनाः बेटियां बोलीं- मम्मी को पापा ने मारा

संवाददाता, मुरादाबाद-कुंदरकी



मुआयना करते एसएसपी सतपाल अंतिल आदि। इंसेट में अंजुम।

**अमृत विचार :** जिले के कुंदरकी थाना क्षेत्र में छत पर दो बेटियों के साथ सो रही पत्नी का पति ने चाकू से गला रेता फिर गोली मार हत्या कर दी। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू और तमंचा बरामद कर लिया है। पुलिस ने मृतका की मां की तहरीर पर पति हफीज, देवर खालिद और फैसल निवासी मोहल्ला नुरुल्ला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है और कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। दोनों बेटियों ने बताया कि उनके सामने पिता और चाचा ने मां की जान ली है।

थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव लाला टीकर निवासी अली हसन ने अपनी बेटी अंजुम की शादी शादाब निवासी गांव कैमरी जिला रामपुर के साथ की थी। वैवाहिक जीवन में अंजुम ने दो बेटियों को जन्म दिया। तीन साल पहले दंपती में विवाद के बाद दोनों का रिश्ता खत्म हो गया।

दो साल पहले अंजुम ने हफीज निवासी नुरुल्ला कुंदरकी के साथ निकाह कर लिया, लेकिन कुछ दिनों से दोनों के बीच अनबन रहने लगी। अब अंजुम दूसरे पति को छोड़ दो बेटियों के साथ कुंदरकी में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज के पास एक मकान में रह रही थी। बुधवार की रात अंजुम दोनों बेटियों के साथ छत पर सो रही थी। गुरुवार को तड़के लगभग 4.30 बजे सीढ़ी लगाकर तीन लोग घर की छत पर पहुंच गए।

मृतका अंजुम के पिता अली हसन ने बताया पति हफीज, देवर खालिद और फैजल ने सोते समय अंजुम के मुंह को दबाते हुए चाकू से गला रेत दिया। बराबर में सो रही दोनों बेटियों ने शोर मचाने का प्रयास किया तो उन्हें डरा धमकाकर चुप कर दिया। इसके बाद हमलावरों ने अंजुम के सिर में पीछे से गोली मार दी। इससे अंजुम की मौत हो गई। हमलावरों के जाने के बाद दोनों बेटियों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग पहुंच गए। खबर मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई।

एसएसपी सतपाल अंतिल, एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह भी पहुंच गए। फोरेंसिक टीम को भी बुला लिया गया। मृतक की दोनों बेटियों ने कहा कि हमारे पापा ने मां हत्या की है। पुलिस ने मौके से हत्या में प्रयुक्त एक तमंचा और चाकू बरामद किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजकर शिकायती पत्र के आधार पर पति हफीज, देवर खालिद और फैसल के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## पत्नी पर ब्लेड से हमला कर पति ने काट ली गर्दन व हाथ की नस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **विवाद के बाद मायके में रह रही थी पत्नी, दोनों का जिला अस्पताल में चल रहा उपचार**

**अमृत विचार :** नागफनी थाना क्षेत्र में ससुराल आए युवक ने पत्नी की ब्लेड से गर्दन काट दी। बाद में खुद की भी गर्दन और हाथ की नस काट दी। परिजनों ने दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उपचार चल रहा है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

थाना नागफनी के नवाबपुरा झारखंडी मंदिर के पास रहने वाली पूजा की शादी 15 साल पहले बिजनौर जिले के नजीबाबाद थाना क्षेत्र के गांव जैतूलाला शेखुपुरा निवासी विपिन सागर के साथ हुई थी। दो बेटी व एक बेटा हैं। पूजा के परिवार वालों के अनुसार विपिन आए दिन शराब पीकर पूजा के साथ मारपीट करता है। 12 दिन पूर्व भी उसने शराब पीकर मारपीट की थी, जिसके बाद पूजा बच्चों को लेकर मायके आ गई थी।

तब से वह यहीं रह रही थी। पूजा की मां प्रेमवती ने बताया कि गुरुवार की तड़के लगभग साढ़े चार बजे अचानक विपिन उसके घर आ गया। वह पूजा को साथ ले जाने के लिए कहने लगा। लेकिन पूजा ने साथ जाने से मना कर दिया। इसके बाद वह कहीं चला गया। थोड़ी देर बाद शराब पीकर वापस लौट आया और विवाद करने लगा। प्रेमवती के अनुसार बेटी और दामाद में विवाद होता देख वह पुलिस को सूचना देने चली गई। उसी दौरान विपिन सागर ने ब्लेड से अपनी पत्नी पूजा की गर्दन काट दी। वह लहुलूहान हो गई। जब उसने पूजा पर हमला किया तो उसकी बेटी भी भागते हुए थाने पहुंच गई। पुलिस घर पहुंची तो विपिन सागर भी अपनी गर्दन और हाथ की नस ब्लेड से काट चुका था। लहुलुहान हालत में दोनों घर में पड़े थे।

पुलिस की मौजूदगी में परिवार के लोग दोनों के जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर दोनों का उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने घटना स्थल का भी फॉरेंसिक विभाग की फील्ड यूनिट बुलाकर निरीक्षण कराया, जहां टीम को के दौरान ब्लेड मिला। माना जा रहा है उसी ब्लेड से विपिन ने पहले पत्नी पर किया।

घटना की सूचना पर सीओ कोतवाली सुनीता दहिया और थाना प्रभारी निरीक्षक नागफनी सुनील कुमार जिला अस्पताल पहुंचे और परिजनों से पूरी जानकारी ली। साथ ही डॉक्टरों से बातचीत कर घायलों का हाल जाना। थाना नागफनी प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि अभी किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है।

## मिनी ट्रक में घुसी रोडवेज बस, 18 यात्री घायल

**संभल/ गुन्नौर, अमृत विचारः** गुन्नौर में कुम्हारों वाली पुलिया के पास तेज रफ्तार रोडवेज बस ने आगे चल रहे मिनी ट्रक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में रोडवेज बस में सवार कई जनपदों के निवासी 18 यात्री घायल हो गए। कस्बे के लोगों ने बस में फंसे यात्रियों को पुलिस के साथ मिलकर बाहर निकलवाया।

बुधवार रात करीब डेढ़ बजे दिल्ली से बदायूं आ रही अतरौली डिपो की रोडवेज बस आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गुन्नौर कस्बे में कुम्हारों वाली पुलिया के पास धीमी गति से चल रहे मिनी ट्रक ( डीसीएम ) में पीछे से जा घुसी। जिस समय हादसा हुआ उस समय बस में सवार अधिकांश यात्री नींद में थे। हादसे में कस्बा गुन्नौर निवासी शमीम, उसकी पत्नी रूबीना और चार वर्षीय पुत्र अहद, बदायूं जिले के उझानी क्षेत्र के गांव गठौना निवासी प्रवीन, अलापुर निवासी देवेंद्र पाल, पीलीभीत जिले के न्यूरिया निवासी सूरज, गाजियाबाद निवासी सुरेश चंद्र और पत्नी सुशीला देवी, बरेली के फरीदपुर निवासी लक्ष्मण और पत्नी सुखरानी, न्यूरिया निवासी फरजाना और हुमा, बहजोई निवासी हारून सहित डेढ़ दर्जन यात्री घायल हो गए।

## ऑनलाइन गेमिंग, सट्टेबाजी की निगरानी को उच्च स्तरीय समिति के गठन का निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज



● **हाईकोर्ट ने कहा- मौजूदा कानून में आवश्यक संशोधन की जरूरत**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार को ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी के विनियमन और निगरानी के लिए एक कानून बनाने की आवश्यकता की जांच करने हेतु एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने का निर्देश देते हुए कहा कि ऑनलाइन गेमिंग के मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के निहितार्थों को संबोधित करने के लिए एक आधुनिक, प्रौद्योगिकी, संवेदनशील कानून की तत्काल आवश्यकता है।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ऑनलाइन जुए के युग में मौजूदा कानून प्रभावी और प्रासंगिक नहीं है, क्योंकि इसमें ऑनलाइन जुए के लिए कोई विनियमन या परिभाषा मौजूद नहीं है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की एकलपीठ ने सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत इमरान खान और अन्य द्वारा उनके खिलाफ चल रही आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने हेतु दाखिल याचिका पर विचार करते हुए पारित किया, साथ ही यह भी निर्देशित किया कि पुलिस मजिस्ट्रेट के आदेश के बिना असंज्ञेय अपराध की जांच नहीं कर सकती है। मौजूदा मामले पर विचार करते हुए कोर्ट ने माना कि सार्वजनिक जुआ अधिनियम, 1867 एक प्री-डिजिटल कानून है, जिसमें डिजिटल प्लेटफॉर्म, सर्वर या सीमा पार लेनदेन का कोई उल्लेख नहीं है। इसका प्रवर्तन भौतिक जुआ घरों तक सीमित है और मोबाइल फोन, कंप्यूटर या ऑफ़शोर सर्वर के माध्यम से एक्सेस किए जाने वाले वर्चुअल जुए पर इसका कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है।

कोर्ट ने माना कि मौजूदा कानून में फैंटेसी स्पोर्ट्स, पोकर और ई-स्पोर्ट्स की कानूनी स्थिति पर स्पष्टता का अभाव है। आदेश में आगे कहा गया कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के पार संचालित होने के कारण क्षेत्राधिकार संबंधी प्रश्न भी उठाते हैं। हालांकि इस क्षेत्र के तेजी से विकास और संबंधित कानूनी अस्पष्टताओं के जवाब में नीति आयोग ने दिसंबर, 2020 में भारत में ऑनलाइन फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफार्म के समान "राष्ट्रीय स्तरीय विनियमन के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत' शीर्षक से एक नीति पत्र जारी किया था, लेकिन इसमें सुझाए गए दिशा निर्देश राज्य में लागू नहीं है।

कोर्ट ने मुख्य रूप से कहा कि ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफार्म अपनी उपयोगिता बनाए रखने के लिए एल्गोरिदम, पुरस्कार प्रणाली और सूचनाओं का उपयोग करते हैं। इसके कारण विशेष रूप से किशोर और युवा वयस्कों में गेमिंग की लत, चिंता, अवसाद और सामाजिक अलगाव की प्रवृत्ति बढ़ती है।

## गेहूं बेचकर पत्नी को भेजे रुपये फिर फंदे पर झूल गया युवक

संवाददाता, रोजा/शाहजहांपुर



करन।

● **छह माह से पत्नी मायके में रह रही थी, पत्नी से बुधवार को फोन पर हुई थी बात**

**अमृत विचारः** मायके में रह रही पत्नी से पति की फोन बात हुई। पत्नी ने ससुराल आने के लिए पति ने 1500 रुपये ऑनलाइन खाते में मंगवा लिए। इसके बाद भी ससुराल आने से मना कर दिया। इससे आहत पति ने कहा कि ससुराल नहीं आओगी तो आत्महत्या कर लूंगा। पत्नी ने कहा कि जो करना है कर लो। इसके बाद पति ने गांव के बाहर खड़े पेड़ से रस्सी का फंदा गले में डालकर जान दे दी।

रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के दिलावर भटकर निवासी 26 वर्षीय करन की शादी दो साल पहले हरदोई जिले के कस्बा रूपापुर की आरजू से हुई थी। उसकी पत्नी छह माह से अपने एक साल के बेटे के साथ मायके में रह रही थी। करन पत्नी को लेने ससुराल एक माह में तीन बार गया था। उसकी पत्नी ने आने से मना कर दिया। बुधवार की सुबह पत्नी ने फोन किया और कहा कि 1500 रुपये आनलाइन भेज दो और उसके बाद ससुराल आ जाऊंगी। करन ने घर में रखे गेहूं बाजार में बेच दिए और 1500 रुपये आनलाइन पत्नी को खाते में भेज दिए। उसने पत्नी को शाम को फोन किया और कहा कि ससुराल आ जाओ।

पत्नी ने इसके बाद भी ससुराल आने से मना कर दिया। करन ने पत्नी से कहा कि ससुराल नहीं आयोगी तो आत्महत्या कर लूंगा। इस पर पत्नी ने कहा कि जो कुछ करना हो कर लो। यह सुनकर वह डिप्रेशन में आ गया। करन बुधवार की रात एक कमरे में सोने के लिए चला गया। रात में किसी समय वह उठा और गांव के बाहर एक पेड़ से रस्सी का फंदा गले में डालकर जान दे दी। गुरुवार की सुबह लोगों ने उसका शव लटका देखा।

## हरिद्वार में विदेश से सुपारी किलिंग की साजिश नाकाम

**देहरादून, अमृत विचारः** हरिद्वार में होटल व्यवसायी को गोली मारने के मामले में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। यह पूरी साजिश विदेश में बैठे गैंग लीडर नंदू उर्फ कपिल ने रची गई थी, जिसकी प्रतिद्वंद्वी मंजित महल गैंग से गैंगवार चली आ रही है।

हरिद्वार पुलिस ने दो शूटरों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने गुरुवार को बताया कि विगत दिवस हरिद्वार के थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत खड़खड़ी स्थित सूखी नदी पुल के समीप होटल व्यवसायी अरुण (25) पुत्र सत्यवान निवासी सांपला, रोहतक (हरियाणा) को अज्ञात बाइक सवार युवकों ने गोली मार दी थी। एसएसपी के अनुसार मुखबिर तंत्र और 1000 से अधिक सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के बाद फगवाड़ा से मानव हंस (21) और पेजाब से गौरव कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

## मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को कम करें: धामी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

● **धामी ने बैठक में 25 निर्णयों पर अनुमोदन दिया**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को कम करने के साथ ही ऐसी घटनाओं में त्वरित मुआवजा वितरण के लिए डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम लागू करने के निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को सचिवालय में वन्यजीव बोर्ड की 21वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएम ने वन विभाग के अधिकारियों को वनों के संरक्षण के साथ ही वन संपदाओं को लोगों की आजीविका से जोड़ने की दिशा में विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। कहा कि ईकोलॉजी और ईकोनॉमी में संतुलन बनाते हुए आगामी 10 वर्षों के लिए विस्तृत योजना बनाकर वन क्षेत्रों के आसपास ईको-टूरिज्म की गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए। मुख्यमंत्री ने हल्द्वानी में जू एंड सफारी के निर्माण कार्य और चौरासी कुटिया के जीर्णोधार से संबंधित कार्यों में तेजी लाने के निर्देशों के साथ कहा कि, वन विश्राम भवनों का रखरखाव पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए राजस्व बढ़ाने के प्रयास करें।

उन्होंने नवाचार पर जोर देते कहा कि वन संपदाओं को आर्थिकी से जोड़ने के लिए वन विभाग और वित्त विभाग बैठक करें। बैठक में संरक्षित क्षेत्रों के अन्तर्गत एवं संरक्षित क्षेत्रों के 10 किमी. परिधि में आने वाले वन भूमि हस्तान्तरण एवं अन्य प्रकरणों पर 25 निर्णयों पर अनुमोदन दिया गया। श्री रुद्रनाथ यात्रा मार्ग को पारिस्थितिकी विकास समितियों के माध्यम से संचालित करने एवं केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग, गोपेश्वर के क्षेत्रान्तर्गत मिनी ट्रांजिट ट्रीटमेंट सेंटर की स्थापना के लिए भी सैद्धांतिक सहमति दी गई।

## बेकाबू बस डिवाइडर से टकरायी, 20 श्रद्धालु जख्मी

**सहारनपुर, एजेंसीः** जिले में गुरुवार को देहरादून-पंचकूला राजमार्ग पर श्रद्धालुओं से भरी एक मिनी बस के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने से उस पर सवार 20 श्रदालु घायल हो गये। उन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक (देहात क्षेत्र) सागर जैन ने बताया कि श्रद्धालु हरिद्वार में एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर मिनी बस से हरियाणा के कैथल लौट रहे थे। उनके मुताबिक, इसी दौरान देहरादून-पंचकूला राजमार्ग पर टोल प्लाजा के पास उनकी बस का चालक किसी वाहन को बचाने की कोशिश में गाड़ी से नियंत्रण खो बैठा और उसका वाहन बेकाबू होकर डिवाइडर से जा टकराया।

## शादी को नहीं माने तो किशोरी को अपहरण कर ले गया

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** कोतवाली इलाके के मलसी गांव में एक युवक ने पहले गुंडई दिखाते हुए परिवार की हत्या करने की धमकी दी और किशोरी से शादी का दबाव बनाया। अभिभावक नहीं माने तो युवक किशोरी को जबरन साथ ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मलसी निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि वर्ष 2023 में वह रोजगार के लिए गांव लाडपुर बादली झज्जर हरियाणा के ईंट भट्टे पर काम करता था। वहां पर रामबाबू नाम का एक युवक भी जेसीबी चलाता था। रामबाबू बदमाश प्रवृत्ति का है और वह उसकी नाबालिग बेटी पर भी बुरी नजर रखता था। जिसके बाद वह जून माह 2024 को पैतृक गांव मलसी आ गया। पता चला कि बेटी रामबाबू के संपर्क में है और जब बेटी को काफी समझाया तो बेटी काफी हद तक मान भी गई, लेकिन आरोपी रामबाबू गांव आया और बदमाशी दिखाते हुए बेटी की शादी जबरन उससे करने का दबाव बनाया। जब इंकार किया तो परिवार सहित हत्या करने की धमकी भी दी। आरोप है कि कई बार आरोपी अपने साथियों के साथ आकर धमकाता रहा। 8 जून 2025 को वह दिहाड़ी करने गया था, जबकि पत्नी ईद पर अपने घर गई थी। जब दोपहर तीन बजे घर लौटा तो नाबालिग बेटी लापता थी।

# अंतर्राज्यीय साइबर गैंग का मास्टरमाइंड बॉर्डर से गिरफ्तार

### मध्य प्रदेश से चला रहा था साइबर गैंग, बाद में बरेली पहुंचा, पुलिस ने पीछा कर रुद्रपुर-रामपुर बॉर्डर के होटल से पकड़ा

संवाददाता, रुद्रपुर



साइबर ठग गैंग का सरगना शैलेंद्र चौहान उर्फ शेरू और खुलासा करते एसएसपी।

**अमृत विचारः** हरबंस लाल से हुई 54.999 की साइबर ठगी का तार अंतर्राज्यीय साइबर ठग गैंग से जुड़ा निकलेगा, इसका अंदाजा कोतवाली पुलिस को नहीं था। पुलिस की तफ्तीश ने तेजी पकड़ी तो ठगी के मास्टरमाइंड शेरू को रुद्रपुर-रामपुर बॉर्डर के एक होटल से दबोच लिया। आरोपी ने खुलासा किया तो मामला हाईप्रोफाइल साइबर ठगी का निकला।

इस प्रकरण का गुरुवार को खुलासा करते हुए एसएसपी ऊधमसिंह नगर, मणिकांत मिश्रा ने बताया कि विगत 29 मई को शांति कॉलोनी भूरारानी निवासी हरबंस लाल ने बिना ओटीपी के ही 54.999 रुपये खाते से निकलने का मुकदमा दर्ज कराया था। उस वक्त मामला सामान्य साइबर ठगी का महसूस हो रहा था, लेकिन जब कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने मोबाइल सर्विलांस, खातों और इंस्टाग्राम को खंगालना शुरू किया तो मामला अंतर्राज्यीय साइबर ठगी गैंग का निकला। जिसके बाद ताबड़तोड़ छह आरोपियों की गिरफ्तारियां भी हुईं, लेकिन तफ्तीश में गैंग के मास्टरमाइंड शैलेंद्र उर्फ शेरू चौहान निवासी ग्वालियर (मध्य प्रदेश)का नाम सामने आया, जिसकी सुरागरसी प्रारंभ हुई। इसी दौरान 8 जून को पता चला कि शेरू चौहान को ग्वालियर में देखा गया है और जब टीम ने ग्वालियर में तफ्तीश की तो इसकी भनक गैंग के मास्टरमाइंड शेरू को लग चुकी थी और फरार होने के बाद आरोपी बरेली पहुंचा। बरेली से रामपुर-रुद्रपुर बॉर्डर स्थित एक होटल में कमरा बुक करके रहने लगा। बावजूद टीम उसका पीछा करते हुए 11 जून की रात्रि होटल पहुंची और दबिश देकर आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में मास्टरमाइंड ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए और कई राज्यों में साइबर ठगी किए जाने के अहम सुराग भी मिले।

### छह शातिर साइबर ठग जा चुके जेल

54.999 साइबर ठगी प्रकरण में कोतवाली पुलिस अब तक छह शातिर साइबर ठगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, जिनमें प्रशांत कुमार, विजय कुमार, आकाश कुमार, मोहित कुमार, विशाल कुमार और अंकुर कुमार शामिल थे जो कि बरेली के अलावा उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में रहते हैं। आरोपियों की पूछताछ में गैंग के लीडर शैलेंद्र उर्फ शेरू का नाम सामने आया था, जिसके बाद से ही पुलिस आरोपी शेरू की सरगर्मी से तलाश कर रही थी।

## एक नजर

### दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल देने का बढ़ेगा दायरा

**लखनऊ, अमृत विचार :** योगी सरकार ने दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने की योजना बनाई है। भारत सरकार की सहायता प्राप्त दिव्यांगजन सशक्तीकरण (एडिप) योजना के तहत मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल और सहायक उपकरणों के वितरण को आने वाले समय में और व्यापक स्तर पर ले जाया जाएगा। हाल ही में प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में 100 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरित करने के बाद, सरकार अब इस पहल को विस्तार देने की तैयारी में है। मांग और पात्रता के आधार पर सभी पात्र दिव्यांगजनों को यह सुविधा उपलब्ध कराने के लिए व्यापक सर्वेक्षण और सत्यापन प्रक्रिया को तेज किया जाएगा। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कहा कि अर्जुन पोर्टल पर लाभार्थियों की सूची को और सटीक बनाने के लिए डिजिटल तकनीक का उपयोग बढ़ाया जाएगा, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और डुप्लीकेसी की संभावना खत्म होगी।

### बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में यूपी सरकार की हुई सराहना

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्रम मंत्री अनिल राजभर ने स्विट्जरलैंड की राजधानी जिनेवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में बाल श्रम पर आयोजित एक महत्वपूर्ण सत्र में भाग लिया। इसमें अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने सभी प्रकार के बाल श्रम को समाप्त करने की सख्त आवश्यकता पर बल दिया। बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। मंत्री अनिल राजभर ने अटल आवासीय विद्यालयों को श्रमिकों के बच्चों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्कूली शिक्षा प्रदान करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

# प्रदेश भर में जारी रहा बिजली संकट

## बिजली की मांग और बढ़ी, अधिकतम मांग 31,457 मेगावाट दर्ज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हर हाल में दुरुस्त की जाए बिजली आपूर्ति : अध्यक्ष

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के कहर के बीच प्रदेश में बिजली की मांग और बढ़ गई है। अधिकतम मांग 31,457 मेगावाट दर्ज की गई। बिजली की मांग के शीघ्र 32 हजार मेगावाट तक पहुंचने के आसार बन गए हैं। इस बीच, स्थानीय खराबी के कारण राजधानी समेत प्रदेश भर में बिजली संकट जारी रहा। उप्र. पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने गर्मी को देखते हुए अधिकारियों को बेहतर बिजली आपूर्ति के लिये कड़े निर्देश दिये।

शक्ति भवन में समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि अधिकारी अपने क्षेत्रों में भ्रमण करें और बिजली बाधित होने की जानकारी संचार माध्यमों से साझा करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी और कार्मिक फोन जरूर 'रिसीव' करें, कहीं भी विवाद की स्थिति न बनने पाये। वरिष्ठ अधिकारी बिजली बाधित होने पर मौके पर पहुंचें। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी रोकने के लिए प्रयास तेज किये जाएं। उपभोक्ता सेवा 1912 पर दर्ज होने वाली शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई की जाए। अध्यक्ष ने कहा कि गर्मी और लू के इस मौसम में सामान्य 'शटडाउन' न लिए जाएं। बिजली कटौती न की जाए। कहीं भी ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने, तार गिरने व ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि पारेषण व वितरण के अधिकारी परस्पर सामंजस्य स्थापित कर कार्य करें, जिससे पारेषण के कारण बिजली आपूर्ति बाधित न होने पाये।

### कई जिलों में हल्की से तेज बारिश के आसार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में मॉनसून 15 जून तक दस्तक दे सकता है, लेकिन इससे पहले इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। हर दिन तापमान नया रिकॉर्ड बना रहा है। इस बीच मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिम उत्तर प्रदेश में अगले 2-3 दिन काफी कठिन हो सकते हैं। यहां तेज गर्मी और लू चलने की पूरी संभावना है। तापमान और बढ़ सकता है, इसलिए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। आईएमडी के मुताबिक, पूर्वी उप्र. में शुक्रवार से मौसम में बदलाव हो सकता है। पूर्वी यूपी के कई जिलों में हल्की से तेज बारिश के आसार हैं। इससे तापमान में गिरावट आएगी और गर्मी से राहत मिलेगी। वहीं, मौसम विभाग का यह भी कहना है कि फिलहाल मॉनसून बंगाल और महाराष्ट्र में है, लेकिन 15 जून तक उत्तर प्रदेश में भी दस्तक देगा, जिससे गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। जिन जिलों में लू की चेतावनी दी है, उनमें जालौन, हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, कानपुर देहात, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, हाथरस, औरैया, झांसी, मथुरा, ललितपुर और अलीगढ़ जिले शामिल हैं।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा 15 से

**अमृव विचार, लखनऊः** कैलाश मानसरोवर यात्रा 15 जून से शुरू होगी। पर्यटन मंत्री हरी झंडी दिखाकर जत्थे को रवाना करेंगे। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन में ठहरने वाले तीर्थयात्रियों के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। आगंतुकों को शुद्ध सात्विक भोजन परोसने की व्यवस्था भू-तल पर स्थित भोजनालय में होगी।

यात्रियों के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षित योग गुरुओं के सानिध्य में योग कराया जाएगा। भजन संध्या का आयोजन भी होगा। यूपीएसटीडीसी द्वारा यात्रा भवन परिसर में तीर्थयात्रियों के लिए आध्यात्मिक और सनातन साहित्य उपलब्ध करायी गई है।

## विदेशी फंडिंग के संदेह में हमीरपुर के 7 लोगों से पूछताछ

संवाददाता, हमीरपुर

- गाजा को आर्थिक सहायता भेजने के संदेह पर लखनऊ की स्पेशल पुलिस ने की जांच

**अमृत विचारः** इजराइल फिलिस्तीन युद्ध काल में युद्ध प्रभावित गाजा को आर्थिक सहायता भेजने के संदेह में लखनऊ से आई स्पेशल पुलिस फोर्स ने कस्बे के अलग-अलग मोहल्लों के सात युवाओं को कोतवाली लाकर पूछताछ की। हालांकि देर शाम सभी युवाओं को छोड़ दिया गया है। लेकिन उनके मोबाइल फोन और बैंक खातों द्वारा हुए रुपयों के आदान प्रदान की जांच की जा रही है।

लखनऊ की स्पेशल पुलिस फोर्स को सोशल मीडिया पर सहारनपुर की एक महिला द्वारा लगाए गए थैंक्स मौदहा के वाट्सएप स्टेटस के माध्यम से कुछ संदेह हुआ। जिसके बाद पुलिस ने महिला की सोशल मीडिया एक्टीविटी और खातों के ट्रांजेक्शन पर नजर गड़ा दी। तब पुलिस को संदेह हुआ कि कस्बे के युवक उक्त सहारनपुर की महिला के एनजीओ के माध्यम से फिलिस्तीन को आर्थिक सहायता भेज रहे हैं। कस्बे के कुछ संदिग्ध युवक लखनऊ पुलिस की रडार पर थे। जिन्हें बुधवार को कोतवाली लाकर घंटों पूछताछ की गई और देर शाम सभी को घर जाने दिया गया। हालांकि किसी को भी कस्बा छोड़कर जाने या विदेश जाने की अनुमति नहीं है। जबकि पुलिस अभी भी उनके खातों के ट्रांजेक्शन और पर्सनल चैट पर नजर गड़ाए हुए है।

# साइबर ठगों के अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का खुलासा, 15 गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ के पीजीआई क्षेत्र से गिरोह चला रहा था ठगी का धंधा
- 70 मोबाइल, 12 लैपटॉप, 115 एटीएम कार्ड, 25 चेकबुक, 53 पासबुक, 38 सिम कार्ड बरामद

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर गिरोह के 15 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह श्रीलंका, सिंगापुर, दुबई से भारत में संचालित हो रहा था।

डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित के मुताबिक, पुलिस को बुधवार शाम को सूचना मिली कि पीजीआई इलाके में शामिया मेल रोड स्थित एक अपार्टमेंट के पेंटा हाउस में कुछ संदिग्ध गतिविधियां चल रही है। जानकारी मिलने के बाद साइबर क्राइम थाने, साइबर क्राइम सेल और पीजीआई पुलिस की संयुक्त टीम बनाई गई। टीम ने पेंटा हाउस में दबिश दी।

मौके से 15 युवक पकड़े गये। उनके पास से 70 मोबाइल, 12 लैपटॉप, 115 एटीएम कार्ड, 25 चेकबुक, 53 पासबुक, 38 सिम कार्ड व फर्जी दस्तावेज मिले।

**ये आरोपी पकड़े गये :** डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित के मुताबिक पकड़े गये आरोपियों में लखीमपुर के पलिया स्थित सैय्यदपुर का हरिप्रीत सिंह, बिहार के सिवान स्थित मैरवा का अभिषेक कुमार राजभर, आशीष कुमार, सिवान के हुसैनगंज का मन्नू कुमार, रितेश सिंह, इप्तेखार अली, शुभम सोनी, सोनू अली, छपरा स्थित सहाजिदपुर का रवि सिंह, करन कुमार, विकास कुमार, रितेश सिंह, संजीव कुमार और मध्यप्रदेश के भोपाल स्थित खजुरी नाका का मनीष कुमार और देवरिया के खामपार का संदीप कुमार शामिल है।

# कानपुर-मथुरा में बनेंगे एकीकृत सरकारी कार्यालय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



'विजन 2030' योजनाओं की समीक्षा करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

- मुख्यमंत्री ने की मथुरा-वृंदावन और कानपुर की 'विजन 2030' योजनाओं की समीक्षा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा और कानपुर में जिला व मंडल स्तरीय सभी सरकारी कार्यालयों को एक ही परिसर में स्थापित करने के निर्देश दिए है। कहा कि इन दोनों नगरों में इंटीग्रेटेड कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि इन परिसरों में अधिवक्ताओं के लिए उपयुक्त चैम्बर, पार्किंग की समुचित व्यवस्था, भोजनालय (फूड कोर्ट) और अन्य नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इससे अनेक कार्यालयों के चक्कर लगाने की समस्या से भी मुक्ति मिलेगी।

मुख्यमंत्री गुरुवार को मथुरा-वृंदावन और कानपुर महानगर के लिए तैयार 'विजन 2030' योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारी तथा मथुरा और कानपुर प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान दोनों नगरों से संबंधित प्रस्तुतिकरणों का विस्तृत अवलोकन किया गया।

मथुरा-वृंदावन के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ष करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन से यातायात और सार्वजनिक सुविधाओं पर भारी दबाव पड़ता है, जिससे निपटने के लिए दीर्घकालीन नगर नियोजन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए समेकित अधोसंरचना विकास के माध्यम से रोजगार के नए अवसर भी सृजित किए जाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मथुरा और कानपुर नगरों का यह समग्र विकास 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने का सशक्त माध्यम बनेगा।

# भाजपा को सत्ता से बाहर करेगा लोकमोर्चा

## स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा- नौ दलों का गठबंधन मिलकर करेगा काम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ में आयोजित प्रेस कांफ्रेस के दौरान सहयोगी दलों के प्रमुखों के साथ अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य।

**अमृत विचार :** अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि समान विचारधारा वाले नौ दलों का गठबंधन लोकमोर्चा 2027 में भाजपा को सत्ता से बाहर करने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था फेल हो चुकी है। हर वर्ग के लोग त्रस्त हो रहे हैं, ऐसे में भाजपा का सत्ता से बाहर किया जाना जरूरी है। मौर्य गुरुवार को एक होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि नौ दलों के प्रमुखों ने उन्हें प्रदेश का भावी मुख्यमंत्री घोषित किया है, वह सभी दलों को साथ में लेकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी दल स्वतंत्र तौर पर अपने आयोजन करेंगे, इस बीच लोकमोर्चा के नेतृत्व में संयुक्त कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने मोर्चा की सरकार बनने पर सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय व राजनीतिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए हिस्सेदारी आधारित 'कॉमन मिनिमम प्रोग्राम' के तहत कार्य करेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोर्चा में शामिल राष्ट्रीय समानता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती लाल शास्त्री, सम्यक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजामणि सुव्वैया राय, जनसेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनेश ठाकुर, पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिद्धार्थ, सर्वलोकहित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्य नारायण मौर्य, स्वतंत्र जनता राज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम कोरी, सबका दल यू के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद लोधी व लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद राजकुमार सैनी मौजूद रहे।

## 38 एफआरयू में रेडियोलॉजिस्ट तैनात मिलेगी अल्ट्रासाउंड की सुविधा

**लखनऊ,अमृत विचार :** विभिन्न जिलों में निष्क्रिय एफआरयू (फर्स्ट रेफरल यूनिट) में अल्ट्रासाउंड एवं एलएसएए प्रशिक्षण प्राप्त 38 डॉक्टरों को तैनात किया गया है। जिसके बाद गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. रतन पाल सिंह सुमन ने गुरुवार को बताया कि पीएमएस में रेडियोलॉजिस्टों की कमी है, इसलिए एमबीबीएस डॉक्टरों को अल्ट्रासाउंड का प्रशिक्षण दिलाया जाता है। उक्त क्रम में संभल के असमोली सीएचसी पर तैनात डॉ.संदीप सिंह को जिला चिकित्सालय में तैनात किया गया है।

इन्होंने एलएसएएस का प्रशिक्षण लिया है। इसी प्रकार डॉ.अर्चना यादव को बरेली गवर्मेंट हेल्थ स्कूल से हटाकर संभल के जिला चिकित्सालय में स्थानान्तरित किया गया, इसके अलावा डॉ.उत्कर्ष त्रिपाठी को ललितपुर के सीएचसी मडावरा में तैनात किया गया है। कुल 38 डॉक्टरों को प्रशिक्षण के बाद दूसरे एफआरयू में तैनात किया गया है।

# दाखिला न लेने पर धरोहर राशि होगी जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मेडिकल व डेंटल कॉलेजों में पीजी में दाखिले के लिए दिशा निर्देश जारी

**अमृत विचार :** प्रदेश में स्थित मेडिकल कॉलेजों एवं डेंटल कॉलेजों में स्नातकोत्तर पाठयक्रमों में दाखिले के लिए कवायद शुरू हो गयी है। इसके लिए एमबीबीएस व बीडीएस उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को नीट पीजी 2025 परीक्षा देनी होगी। प्रथम काउंसिलिंग में आवंटित सीट पर दाखिला न लेने पर कोई नुकसान नहीं पड़ेगा, मगर दूसरी व तीसरी काउंसिलिंग में सीट आवंटन के बाद दाखिला न लेने की सूरत में अभ्यर्थी द्वारा जमा धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। आरक्षण के नियमानुसार निर्धारित सीटों पर एमडी, एमएस, डिप्लोमा, डीएनबी और एमडीएस में दाखिले मिलेंगे।

चिकित्सा शिक्षा प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने दाखिलों को लेकर शासनादेश किया है। शासनादेश के अनुसार, 31 मार्च 2025 तक इंटर्नशिप पूरी करने वाले अभ्यर्थी ही नीट पीजी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे, नीट पीजी परीक्षा में प्राप्तांकों की मेरिट सूची बनेंगी, जिसके आधार पर अभ्यर्थियों को कांउसिलिंग के बुलाया जाएगा और रिक्त सीटों के सापेक्ष उन्हें सीट आवंटित की जाएगी। साथ ही एमडी, एमएस, डिप्लोमा व डीएनबी की काउंसिलिंग में प्रतिभाग वहीं अभ्यर्थी करेंगे जिनकी इंटर्नशिप 31 जुलाई 2025 को पूर्ण हो चुकी होगी।

उक्त काउंसिलिंग में केवल राजकीय कोटे की सीटें ही शामिल की जाएंगी, जबकि अलीगढ़, मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, एम्स रायबरेली एवं एम्स गोरखुपर से एमबीबीएस व बीडीएस उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को छोड़कर राज्य के अन्य सभी मेडिकल कॉलेजों, डेंटल कॉलेजों से एमबीबीएस, बीडीएस उत्तीर्ण अभ्यर्थी अर्ह होंगे।

शासनादेश के अनुसार, पीजी की कुल सीटों में 21 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिए, दो प्रतिशत अनुसूचित जन जाति, 27 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग और 10 प्रतिशत सीटें ईडब्लूएस श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित होंगी।

# जनता की संतुष्टि ही बनेगी जिलाधिकारियों की कार्यशैली का प्रमाण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सभी डीएम के कार्यों की हो रही नियमित मॉनिटरिंग, योजनाओं का हो रहा जमीनी मूल्यांकन

**अमृत विचार :** जनता की संतुष्टि ही अब यूपी के जिलाधिकारियों की कार्यशैली का प्रमाणपत्र होगी। मुख्यमंत्री कार्यालय से सभी जिलों के डीएम के प्रशासनिक कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग हो रही है। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के वास्तविक प्रभाव का जमीनी मूल्यांकन भी किया जा रहा है। ऐसे में सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में टॉप टेन में आने को लेकर सभी जिलों के डीएम के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ी है।

दरअसल, रैंकिंग के लिए कुल 10 नंबर निर्धारित है। कुल निर्धारित अंकों में से अधिकतम अंक पाने के आधार पर ही जिलों की रैंकिंग तय की जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यह डैशबोर्ड तैयार किया गया है। ताकि योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से जनता तक पहुंचे और जमीनी स्तर पर प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। हाल ही में राज्य सरकार ने अप्रैल 2025 के लिए सीएम डैशबोर्ड की नवीनतम रैंकिंग जारी की है। इसमें यूपी के टॉप 10 आईएएस अधिकारियों की सूची जारी की गई, जो जनसेवा में समर्पण के लिए टॉप पर रहे हैं। इसमें महराजगंज के जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा टॉप पर रहे हैं। वहीं, इस सूची में आईएएस राजेश कुमार पांडेय, आईएएस दुर्गा शक्ति नागपाल समेत कई नाम शामिल हैं। बता दें कि यह रैंकिंग जनसुनवाई, कानून-व्यवस्था, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, राजस्व सुधार और समग्र विकास कार्यों के आधार पर तैयार की गई है।

### सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में जगह बनाने को बढ़ी प्रतिस्पर्धा

जिलाधिकारियों में प्रतिस्पर्धा का आलम समझना हो तो उदाहरण के तौर पर लखीमपुर जिले को लिया जा सकता है। बीते दिनों सीएम डैशबोर्ड में लखीमपुर के पिछड़ने के पीछे चार विभागों के अफसरों की लापरवाही सामने आई थी। स्वास्थ्य, समाज कल्याण, बेसिक शिक्षा विभाग और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में लापरवाही की वजह से जनपद की रैंक गिर गई थी। राजस्व वसूली में भी जिला काफी पिछड़ गया था। डीएम को संबंधित अफसरों को चेतावनी जारी करनी पड़ी थी। हालांकि ताजा रैंकिंग में कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा के मोर्चे पर लखीमपुर का कार्य सराहनीय रहा और इस बार रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल कर ही लिया। वहीं, बरेली डीएम अविनाश सिंह ने भी शहरी योजनाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में अग्रणी रहते हुए टॉप टेन में जगह बनायी। इसी तरह श्रावस्ती, कुशीनगर, ललितपुर, हरदोई और मुजफ्फरनगर जैसे कुछ अन्य जिले भी इस बार अलग-अलग मोर्चों पर सफल होकर जनता को संतुष्ट करने में कामयाब रहे।

## वर्ग पहेली- 460

**बाएं से दाएं**

4. दुकानों पर चाय की प्रचलित मात्रा में कटौती करके दी जाने वाली चाय, आधा कप चाय।

5. वह व्यक्ति या संस्था जो वस्तुओं की बिक्री आदि का प्रबंध करती है, बिक्री प्रबंधक, (डिस्ट्रीब्यूटर)।, वितरण करने वाला, बांटने वाला।

6. (पुराण) पिता या पितृतुल्य व्यक्ति- पिता

7. एक प्रकार का बाजा, झांझ।, 1. झालने (अर्थात धातु की चीज़ों को टाँका लगाकर जोड़ने) की क्रिया या भाव 2. गंध, स्वाद आदि की तीव्रता, स्वाद का चरपरापन या तीक्ष्णता।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सृष्टि, संसार जगत, 2. भीड़-भाड़, जनसमूह 3. उत्पन्न या सृजन करना 4. प्राकृतिक संघटन।

2. नियमित न होने का भाव, नियम का उल्लंघन।

3. 1. विचित्र क्रिया या व्यापार, अलौकिक घटना 2. कथावस्तु में घटनाओं का क्रम; किसी नाटक की पूरी कथावस्तु।, संविधान बनाने वाला।

5. वन, जंगल, बियावान, कानन अरण्य।

6. पहाड़ी ब्राह्मण समाज में एक कुलनाम या सरनेम।




### वर्ग पहेली -459 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | ल | ■ | 2 उ | ट | 3 ज |
| शु | ■ | ■ | ता | ■ | ग |
| दे | ■ | 4 यु | व | ती | ■ |
| 5 व | शी | ■ | ला | ■ | 6 का |
| वा | ■ | 7 उ | प | ता | प |
| 8 द | ह | क | न | ■ | टि |
| ■ | ■ | ठा | ■ | 9 रैं | क |

## सुडोकू -7

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 7 | | | 6 | | | 3 |
| 6 | | | | 3 | | 4 | 1 | |
| 1 | | | 2 | | 8 | | 9 | |
| 5 | | 9 | | | | 8 | | 2 |
| | 7 | | 4 | | 3 | | | 6 |
| | 8 | 6 | | 7 | | | | 1 |
| 4 | | | 8 | | | 5 | | |
| | 9 | | 1 | | | | 2 | |

### सुडोकू - 6 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 5 | 8 | 1 | 2 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 4 |
| 6 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 5 | 3 |
| 2 | 7 | 9 | 4 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 1 | 2 |
| 1 | 4 | 3 | 2 | 8 | 5 | 6 | 9 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 6 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 1 |
| 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 जून, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वितीया-15.18 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-पूर्वाषाढा 11.21 तक तत्पश्चात उत्तराषाढा।

**मेष** — आज धार्मिक क्रियाकलापों में आपका मन लगेगा। पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा। समाज में आपकी मजबूत छवि निर्मित होगी। उधार दिया हुआ धन आपको वापस प्राप्त होगा। बच्चों को लेकर कुछ चिंता अवश्य रहेगी। जीवनसाथी का भाग्य आपका काफी सहयोग करेगा।

**वृष** — आज भ्रामक तथ्यों में पड़कर आप गलत दिशा में जा सकते हैं। इसीलिए आज कोई नया काम न करें। आपको कार्यक्षेत्र में मैनेजमेन्ट को लेकर काफी परेशान होना पड़ सकता है। हृदय रोगियों को समस्या हो सकती है। अध्यात्मिक चिन्तन के लिए दिन काफी उपयुक्त है।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। व्यापार में अपनी शैली में परिवर्तन लायेंगे। लंबी दूरी की यात्रा के लिए जा सकते हैं। किसी नजदीकी व्यक्ति की बात आपको आहत कर सकती है। सोशल मीडिया में आप गम्भीर मुद्दों पर आपनी राय रख सकते हैं।

**कर्क** — आज अविवाहित लोग विवाह को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। हर बात को गहराई से लेना उत्तम होगा। आज काम की काफी अधिकता रहने वाली है। अपनी योजनाओं को सफलता पूर्वक क्रियान्वित कर पायेंगे। आज किसी को भी धन उधार न दें वरना वापस मिलने में समस्या होगी।

**सिंह** — आज सामाजिक कार्यों में आप बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर आप भावुक होंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई में थोड़ी समस्या होगी। बच्चों को लेकर आज अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। व्यापार में आ रही बाधा दूर होगी। ऑफिस के वातावरण में सुकून रहेगा।

**कन्या** — आज क्रोध के कारण आपके नजदीकी संबंध खराब हो सकते हैं। स्वास्थ्य थोड़ा ऊपर नीचे होता रहेगा। पुराने रोग दोबारा उभरने की आशंका है। ऐसा कोई भी कार्य न करें जो आपके स्वाभिमान को चोट करता हो। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ नहीं है।

**तुला** — आज कार्यक्षेत्र में राजनीति का वातावरण रहेगा। लेकिन आप काफी समझदारी से इसका सामना करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। प्रेम संबंधों को परिवार की स्वीकृति मिलने की संभावना है। करियर में आगे बढ़ने के नये विकल्प आपके सामने आयेंगे।

**वृश्चिक** — आज आप धन को लेकर थोड़ा परेशान हो सकते हैं। बैंक से जुड़े काम में धीमापन रहेगा। प्रेम संबंधों में निकटता का अनुभव करेंगे। महिलाओं को गले में खराश की समस्या हो सकती है। आज आपका मन थोड़ा उदास रहेगा। बिना मांगे किसी को सलाह न दें।

**धनु** — आज कई दिनों से रुका हुआ कार्य प्रारम्भ हो सकता है। व्यापार में आ रही समस्याओं को दूर करने में सफल रहेंगे। ऑनलाइन माध्यमों का काफी अच्छी तरह से उपयोग कर पायेंगे। नौकरीपेशा लोगों को उच्च अधिकारियों की सलाह से लाभ होगा।

**मकर** — आज अति आत्मविश्वास के कारण आप बड़ी गलतियां कर सकते हैं। घरेलू कलह के कारण अशान्ति रहेगी। पिता के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। जॉब में आपको अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। पेट में रोग उत्पन्न हो सकते हैं।

**कुंभ** — आज जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यापारी अपने कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन करवा सकते हैं। मैन्यूफैक्चरिंग से जुड़े कारोबारियों को अचानक बड़े ऑर्डर मिलने की संभावना है।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र में गुप्त शत्रुओं की पहचान होगी। लोग आपके विचारों को काफी अहमियत देंगे। नई संपत्ति खरीद सकते हैं। जॉब में काम का दबाव बढ़ सकता है। आपके व्यक्तित्व में कुछ परिवर्तन देखने को मिलेगा। अपने सभी कार्यों को बेहतर तरीके से अन्जाम देंगे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, शुक्रवार, 13 जून 2025


## एक नजर

### ओला के कृत्रिम ने अपना एआई असिस्टेंट कृति पेश किया

**नई दिल्ली।** ओला समूह की एआई इकाई कृत्रिम ने गुरुवार को अपना खुद का एआई असिस्टेंट कृति पेश किया। इसे कैब बुकिंग, खानपान का सामान ऑर्डर करने, बिल भुगतान, तस्वीरें बनाने और गहन शोध जैसे कार्यों को पूरा करने के लिए विकसित किया गया है। कंपनी का दावा है कि 'कृति' भारत का पहला एआई असिस्टेंट है जो चैटबॉट की निष्क्रिय प्रतिक्रियाओं से आगे बढ़कर निर्देशित कार्य को अपने स्तर पर पूरा करने और उन्नत तार्किक क्षमताओं की पेशकश करता है।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने ब्याज दर में 0.5 % की कटौती की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने रेपो आधारित कर्ज पर ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। इस कटौती से रेपो दर से जुड़े घर, कार, शिक्षा और अन्य खुदरा कर्ज सस्ते होंगे।

# प. एशिया में तनाव, सेंसेक्स 823 अंक टूटा

## निफ्टी 25,000 अंक से नीचे फिसला, वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख से बाजार को नुकसान

**मुंबई, एजेंसी**



स्थानीय शेयर बाजार में गुरुवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 823 अंक लुढ़क गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 25,000 अंक से नीचे आ गया। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 823.16 अंक यानी एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,691.98 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 991.98 अंक तक का गोता लगा गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 253.20 अंक यानी 1.01 प्रतिशत टूटकर 24,888.20 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ, पिछले छह कारोबारी सत्रों से निफ्टी में जारी तेजी थम गयी। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा मोटर्स, टाइटन, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), पावर ग्रिड, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स और टेक महिंद्रा शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार में गिरावट का रुख चौतरफा होता जा रहा है। मूल्यांकन संबंधी चिंताएं और पश्चिम एशिया में तनाव के कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। उन्होंने कहा, अमेरिका, कई प्रमुख व्यापार साझेदारों पर एकतरफा शुल्क वृद्धि पर विचार कर रहा है। इससे भी अनिश्चितता बढ़ने की आशंका है।

### फोनपे ने मैपमाईइंडिया में 5 प्रतिशत हिस्सेदारी 486 करोड़ रुपये में बेची

**नई दिल्ली।** प्रमुख डिजिटल भुगतान कंपनी फोनपे ने गुरुवार को खुले बाजार लेनदेन (ओपन मार्केट ट्रांजैक्शन) के जरिये मैपमाईइंडिया की मूल कंपनी सीई इन्फो सिस्टम्स में पांच प्रतिशत हिस्सेदारी 486 करोड़ रुपये में बेचकर अपनी हिस्सेदारी घटा दी। फोनपे वॉलमार्ट नियंत्रित ऑनलाइन रिटेलर फ्लिपकार्ट की एक इकाई है। हिस्सेदारी बिक्री के बाद, बीएसई पर सीई इन्फो सिस्टम्स का शेयर 9.39 प्रतिशत टूटकर 1,768.75 रुपये प्रति शेयर पर आ गया।

# भारत, यूरोपीय संघ व्यापार समझौते के लिए गैर-टैरिफ बाधाओं को दूर करना महत्वपूर्ण: गोयल

**स्टॉकहोम (स्वीडन), एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए गैर-शुल्क बाधाओं का समाधान ढूंढना महत्वपूर्ण है और दोनों पक्ष इन मुद्दों के समाधान के लिए सक्रियता से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता को अंतिम रूप देने के काफी करीब हैं।



● उद्योग मंत्री ने कहा- एफटीए वार्ता को अंतिम रूप देने के काफी करीब

गोयल ने यहां पत्रकारों से कहा, महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। आधे से अधिक खंड तैयार हैं। विषय-वस्तु के संदर्भ में, मैं कहूंगा कि हम बाजार पहुंच के लिए करीब 90 प्रतिशत तैयार हैं। जिन महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान दिया जाना है, वे हैं.. गैर-शुल्क बाधाएं और यूरोपीय संघ तथा भारत के बीच व्यापार को कैसे सहज, आसान व बेहतर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ दोनों पक्षों की कंपनियों के लिए कारोबार को सुचारू बनाने के समाधान ढूंढने के लिए सक्रिय रूप से चर्चा कर रहे हैं। मंत्री ने कहा, देश जब तक यह नहीं समझते कि व्यापार में अत्यधिक विनियमन एवं बाधाओं का जवाब, जवाबी कार्रवाई से दिया जाएगा तब तक सभी को नुकसान होगा। हम विनियमन को समाप्त करने, विनियमन की उच्च लागत, इन विनियमों के कारण उत्पन्न होने वाली गैर-शुल्क बाधाओं और मुक्त व्यापार में आने वाली बाधाओं का समाधान खोजने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### विश्वसनीय साझेदारों के साथ लाभकारी व्यवस्था के लिए तैयार

**स्टॉकहोम (स्वीडन)।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत, अपने विश्वसनीय व्यापारिक साझेदारों के साथ गुणवत्ता मानकों से संबंधित नियमों के क्रियान्वयन पर पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यवस्था के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत देश में गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए क्यूसीओ (गुणवत्ता नियंत्रण आदेश) को क्रियान्वित कर रहा है। गोयल ने कहा कि घरेलू व आयातित वस्तुओं के लिए नियम, मानक तथा प्रक्रिया समान हैं और भारत घरेलू विनिर्माताओं एवं विदेशी आपूर्तिकर्ताओं के बीच कोई भेदभाव नहीं करता है।

## भारत का डिजिटल बुनियादी ढांचा विकास में ला सकता है बड़ा बदलाव

**सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका), एजेंसी**

डेटाब्रिक्स के सीईओ व सह-संस्थापक अली घोडसी ने कहा कि भारत का डिजिटल बुनियादी ढांचा विकास में एक बड़ा बदलाव ला सकता है, जिसने देश को अधिकतर अन्य देशों से आगे रखा है।



● डेटाब्रिक्स के सीईओ व सह-संस्थापक अली घोडसी ने दी जानकारी

डेटाब्रिक्स डेटा + एआई समिट 2025' पर बुधवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन ने घोडसी ने कहा कि भारत ऐसे समय में उन्नति कर रहा है जब कई अन्य क्षेत्रों एवं देशों में मंदी एक चिंता का विषय है। घोडसी ने भारत के बारे में द्वारा पूछे गए एक सवाल पर कहा, पिछले दशक में भारत ने व्यापक डिजिटल बुनियादी ढांचा खड़ा किया है जो एक बड़ा बदलाव ला सकता है। हमारे यहां या दूसरे देशों में भी ऐसा नहीं है। भारत अब दुनिया के अधिकतर दूसरे देशों की तुलना में डिजिटल बुनियादी ढांचे के मामले में आगे है।

# बैंक खाते में केवाईसी अपडेट करने में बड़ी राहत

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक ने केवाईसी अद्यतन के मामले में ग्राहकों को राहत देते हुए कदम उठाया है। इसके तहत बैंकों और आरबीआई के दायरे में आने अन्य वित्तीय संस्थानों से अपने ग्राहकों को केवाईसी के समय-समय पर अद्यतन करने के लिए उपयुक्त तरीके से नोटिस देने को कहा गया है।

आरबीआई ने गुरुवार एक परिपत्र में कहा कि उसने अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) के समय-समय पर अद्यतन में बड़ी संख्या में लंबित मामलों को देखा है। इसमें प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी)/इलेक्ट्रॉनिक लाभ अंतरण (ईबीटी) के तहत राशि प्राप्त के लिए खोले गए खाते और प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत खोले गए खाते शामिल हैं। यह कदम ग्राहकों की सुविधा के लिए प्रक्रिया को और आसान बनाने के लिए उठाया गया है। इसके तहत केवाईसी के समय-समय पर अद्यतन के संबंध में निर्देशों को संशोधित किया गया है। इसके जरिये बैंक प्रतिनिधियों को केवाईसी अद्यतन करने की प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति दी गयी है।




● आरबीआई ने बैंकों से ग्राहकों को उचित तरीके से नोटिस देने को कहा

### भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह में 200 से अधिक कार विनिर्माता लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह (आईईएसडब्ल्यू) में 200 से अधिक घरेलू यात्री कार विनिर्माता और अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रिक वाहन कंपनियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। उद्योग निकाय इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस (आईईएसए) आठ जुलाई से 10 जुलाई तक नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर में आईईएसडब्ल्यू के 11वें संस्करण की मेजबानी करेगा। 200 से अधिक घरेलू यात्री कार विनिर्माताओं और अंतरराष्ट्रीय ईवी विनिर्माताओं के आने का अनुमान है।

## कोल इंडिया के कर्मियों के लिए ड्रेस कोड जुलाई से होगा लागू

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया ने अपने कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड निर्धारित कर दिया है जिसे जुलाई से लागू किया जाएगा। निदेशक मंडल ने हाल ही में हुई बैठक में अपने कर्मचारियों के लिए एक समान ड्रेस कोड लागू करने का निर्णय लिया।

जुलाई से पुरुष कर्मचारी गहरे नीले रंग की पैंट और आसमानी रंग की शर्ट पहनेंगे। वहीं महिला कर्मचारियों को हल्के आसमानी रंग का कुर्ता तथा गहरे नीले रंग की सलवार व दुपट्टा या गहरे नीले रंग के बॉर्डर वाली हल्के आसमानी रंग की साड़ी व गहरे नीले रंग का ब्लाउज पहनना होगा।

## ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स 2025 में भारत 131वें स्थान पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** डब्ल्यूईएफ की 'ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में भारत पिछले साल की तुलना में दो स्थान फिसलकर 148 देशों की सूची में 131वें स्थान पर पहुंच गया है। गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, मात्र 64.1 प्रतिशत के स्कोर के साथ भारत दक्षिण एशिया में सबसे निचली रैंक वाले देशों में से एक है। पिछले साल भारत 129वें स्थान पर था। वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक में लैंगिक समानता को चार प्रमुख आयामों-आर्थिक भागीदारी व अवसर, शैक्षिक उपलब्धि, स्वास्थ्य व जीवन रक्षा, तथा राजनीतिक सशक्तीकरण के आधार पर आंका जाता है। भारतीय अर्थव्यवस्था के समग्र प्रदर्शन में +0.3 अंकों का सुधार हुआ। भारत में जिन आयामों में समानता बढ़ी है, उनमें से एक आर्थिक भागीदारी और अवसर है, जहां इसका स्कोर +.9 प्रतिशत अंक बढ़कर 40.7%हो गया है। जबकि अधिकांश संकेतक मूल्य समान रहे हैं, अनुमानित अर्जित आय में समानता 28.6 से बढ़कर 29.9 प्रतिशत हो गई।

# राष्ट्रीय

# सरकार महिलाओं को 33% आरक्षण देने को प्रतिबद्ध

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को देश के इतिहास में महत्वपूर्ण बताया

**नागपुर, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि मोदी सरकार लोकसभा तथा विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को देश के इतिहास में बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे पहले के 60 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में जो नहीं हो सका, उसे वर्तमान सरकार ने हासिल किया है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर नागपुर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष के अंत तक देश की 'लॉजिस्टिक्स' लागत घटकर नौ प्रतिशत पर आ जाएगी, जिससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा तथा कारोबार और उद्योगों के विकास में मदद मिलेगी। महिला आरक्षण के मुद्दे पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में गडकरी ने कहा, महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देना हमारी प्रतिबद्धता है और हमने इस संबंध में निर्णय भी लिया है। सितंबर 2023 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिला आरक्षण विधेयक - नारी शक्ति वंदन अधिनियम - को अपनी मंजूरी दी थी, जिसका उद्देश्य लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करना है। ऐसी खबरें हैं कि मोदी सरकार 2029 के लोकसभा चुनावों से पहले महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू कर सकती है। उन्होंने देश में सड़क अवसंरचना विकास पर आईआईएम बैंगलोर, आईआईटी कानपुर और आईआईटी चेन्नई द्वारा किए गए एक अध्ययन का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि देश की 'लॉजिस्टिक्स' लागत जो पहले 16 प्रतिशत थी, वह घटकर 10 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने इसे एक बेहतर उपलब्धि बताया और कहा कि इससे देश के जीडीपी की वृद्धि में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, हमारे देश की 'लॉजिस्टिक्स' लागत 16 प्रतिशत थी, जबकि चीन की आठ प्रतिशत और अमेरिका तथा यूरोपीय देशों की 12 प्रतिशत थी।



नागपुर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी।

### ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने दो लाख साइबर हमलों को विफल किया: मनोहर लाल

**श्रीनगर।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एक सप्ताह में भारत की बुनियादी ऊर्जा अवसंरचना को निशाना बनाकर किए गए लगभग दो लाख साइबर हमलों को देश ने विफल कर दिया। मनोहर लाल ने यहां पत्रकारों से कहा, प्रौद्योगिकी में प्रगति के बाद से यहां- साइबर हमले या साइबर अपराध- जैसे नए खतरे सामने आए हैं। इनमें वृद्धि हुई है, लेकिन सरकार ने इसपर काम किया है और हमारी साइबर सुरक्षा ने ऐसे सभी खतरों को लगभग रोक दिया है। वह भाजपा-नीत केंद्र सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

# सोनम के मायके के बाहर सन्नाटा, पड़ोसी भी चाहते हैं दोषियों को मिले सजा-ए- मौत

**इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**

इंदौर के गोविंद नगर खारचा इलाके की एक संकरी गली में सोनम रघुवंशी के मायके के उस घर के बाहर इन दिनों सन्नाटा पसरा है जो महीना भर पहले रिश्तेदारों की आवाजाही के बीच शादी की रौनक से गुलजार था। सोनम (25) को मेघालय में हनीमून के दौरान अपने पति राजा रघुवंशी (29) की साजिशन हत्या में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

सोनम पर आरोप है कि उसने अपने कथित प्रेमी राज कुशवाहा (20) के साथ मिलकर भाड़े के तीन हत्यारों के जरिये अपने पति की हत्या कराई ताकि उसे रास्ते से हटाया जा सके। राजा रघुवंशी हत्याकांड के पांचों आरोपी फिलहाल मेघालय पुलिस की हिरासत में हैं जिनसे पूछताछ के जरिये इस वारदात की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। चश्मदीदों ने बताया कि देश भर में चर्चा का केंद्र बने इस मामले में सोनम की गिरफ्तारी के बाद उसके मायके के घर का दरवाजा अधिकांश समय बंद रहता है। राजा रघुवंशी हत्याकांड में मेघालय पुलिस के खुलासे के बाद सोनम के मायके के आस-पास रहने वाले लोगों को शुरुआत में हैरानी हुई। हालांकि, जैसे-जैसे इस मामले की परतें खुलती जा रही हैं, इस वारदात को लेकर उनका आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सोनम के परिवार को पिछले कई बरस से जानने वाले विनोद श्रीवास्तव ने कहा, राजा रघुवंशी के साथ बहुत बड़ा अन्याय हुआ है। रघुवंशी हत्याकांड की जो कहानी सामने आई है, उससे हमारे इलाके का नाम खराब हुआ है।



मैं चाहता हूं कि इस मामले के सभी दोषियों को सजा-ए-मौत दी जाए ताकि आइंदा कोई ऐसे जुर्म को अंजाम देने की जुर्रत न कर सके। श्रीवास्तव ने बताया, मैं सोनम को बचपन से देखता आ रहा हूं। मुझे वह एक आम व्यक्ति की तरह ही लगी, पर यह कोई कैसे जान सकता है कि किसी महिला के मन में क्या चल रहा है?

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में पिछले तीन दिन में दो महिला नक्सली समेत तीन इनामी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को पूर्व बस्तर डिवीजन में कंपनी नंबर छह में सक्रिय नक्सली भीमा उर्फ ढोलू उर्फ दिनेश पोड़ियाम (40) ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि उस पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित है।

### ईपीएफओ ने तीन दिन में 50 प्रतिशत दावों को निपटाया

**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ ने चालू वित्त वर्ष में अब तक दावा करने के तीन दिन के ही भीतर लगभग 50 प्रतिशत दावों का निपटारा किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस अधिकारी ने पांच जून तक के आंकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने एक अप्रैल, 2025 से पांच जून, 2025 के बीच तीन दिन के भीतर कुल 68.96 लाख दावों का निपटारा किया है।

## कांग्रेस के 'महापाप' आपातकाल से अवगत कराने के लिए मॉक पार्लियामेंट आयोजित करेगी भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कहा कि वह देश के युवाओं को यह बताने के लिए 'मॉक पार्लियामेंट' का आयोजन करेगी कि 1975 में कैसे कांग्रेस सरकार ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की राजनीतिक महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए संविधान की बलि देकर आपातकाल लगाने का 'महापाप' किया था। इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को रेडियो पर प्रसारण के जरिये आपातकाल लगाने की घोषणा की थी। इसके पहले उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस फैसले पर सशर्त रोक लगा दी थी जिसमें लोकसभा के लिए उनके निर्वाचन को अमान्य घोषित किया गया था।

## आरएसएस नेता की हत्या मामला : एनआईए ने एक और आरोपी के खिलाफ आरोपपत्र किया दाखिल

**नई दिल्ली।** एनआईए ने प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के सदस्यों द्वारा केरल में आरएसएस नेता श्रीनिवासन की हत्या से संबंधित मामले में एक और आरोपी के खिलाफ गुरुवार को आरोपपत्र दाखिल किया।

अधिकारियों ने बताया कि केरल के एर्णाकुलम स्थित विशेष एनआईए अदालत के समक्ष दायर पूरक आरोपपत्र में रफीक एम एस पर तत्कालीन भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में 64वें आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया। एनआईए ने कहा गया है कि हत्या की साजिश 2047 तक भारत में इस्लामी शासन स्थापित करने के पीएफआई के एजेंडे का हिस्सा थी। अब तक इस मामले में 71 आरोपियों की पहचान कर ली है।

### अभिनेता ने ली सेल्फी



बेंगलुरु में बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जागरूक करने और संयुक्त राष्ट्र नशा विरोधी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्रों के साथ सेल्फी ली। एजेंसी

# बंगाल: हिंसा पर कार्यस्थगन प्रस्ताव अस्वीकृत होने के खिलाफ भाजपा विधायकों का सदन से बहिर्गमन

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद और महेशतला में हिंसा की घटनाओं को लेकर पेश कार्य स्थगन प्रस्तावों को विधानसभा अध्यक्ष द्वारा स्वीकार नहीं किए जाने के बाद बृहस्पतिवार को भाजपा के विधायकों ने सदन से बहिर्गमन किया। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने भाजपा विधायकों पर सदन की मर्यादा का पालन नहीं करने और भाजपा ने उन पर तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता की तरह काम करने का आरोप लगाया। भाजपा विधायकों के गले में भगवा गमछा था। नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी और तीन अन्य विधायकों ने अप्रैल में मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा पर स्थगन प्रस्ताव पेश किया जबकि पार्टी सहयोगी पुना भेंगरा ने बुधवार को महेशतला में हुई हिंसा पर तीन अन्य सदस्यों के साथ दूसरा प्रस्ताव पेश किया।

मुर्शिदाबाद में तीन लोगों की मौत हुई थी जबकि महेशतला में भीड़ ने पुलिसकर्मियों पर हमला किया था। अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने दोनों प्रस्तावों को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि मुर्शिदाबाद हिंसा का मामला न्यायालय में विचाराधीन है और महेशतला झड़प से संबंधित मुद्दों पर कार्य स्थगन प्रस्ताव के तहत सदन में चर्चा नहीं की जा सकती। भाजपा विधायकों ने अध्यक्ष के फैसले का विरोध किया और राज्य सरकार के खिलाफ नारे लगाए। अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने विधानसभा से बाहर निकलकर राजभवन तक मार्च निकाला।

अधिकारी ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस से राज्य की स्थिति पर चर्चा की। इस बीच, विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही जारी रखी। राज्य सरकार के मंत्रियों चंद्रिमा भट्टाचार्य और शशि पांजा ने भाजपा विधायकों के आचरण की निंदा करते हुए दावा किया कि सदन में भगवा झंडा लहराना और 'हिंदू विरोधी सरकार' जैसे नारे लगाना अनुचित व असंसदीय' है।

## एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले एनसीसी सदस्यों को राजनाथ ने किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एवरेस्ट पर्वत शिखर पर चढ़ाई करने और वहां सफलतापूर्वक तिरंगा फहराने वाले एनसीसी के अभियान दल के सदस्यों को गुरुवार को सम्मानित किया। दस एनसीसी कैडेट (पांच पुरुष और पांच महिला), चार अधिकारी, जूनियर कमीशन प्राप्त दो अधिकारी, एक महिला कैडेट प्रशिक्षक और 10 गैर-कमीशन अधिकारियों ने 18 मई को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने की उपलब्धि हासिल की। रक्षामंत्री ने कर्नल अमित बिष्ट के नेतृत्व वाली टीम के अदम्य साहस, धैर्य और देशभक्ति का सम्मानित किया।

# मीठी नदी सफाई घोटाला: डिनो मोरिया ईडी के समक्ष हुए पेश

**मुंबई, एजेंसी**

● 65 करोड़ के घोटाले के मामले में की गई पूछताछ

बॉलीवुड अभिनेता डिनो मोरिया मीठी नदी की सफाई से जुड़े 65 करोड़ रुपये के घोटाले की धन शोधन जांच के सिलसिले में ईडी के समक्ष बृहस्पतिवार को पेश हुए।

एक अधिकारी ने बताया कि ईडी ने पूछताछ के लिए मोरिया को तलब किया था और वह पूर्वाह्न करीब साढ़े 10 बजे दक्षिण मुंबई के बैलार्ड एस्टेट स्थित संघीय एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। आधिकारिक सूत्रों ने पूर्व में बताया था कि ईडी ने छह जून को मुंबई और केरल के कोच्चि में 15 से अधिक जगहों पर छापेमारी की थी। इन परिसरों में बांद्रा (पश्चिम) इलाके में डिनो मोरिया का घर, उनके भाई सैंटिनो से जुड़े परिसर, बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के कुछ अधिकारी और ठेकेदारों के परिसर शामिल थे। सूत्रों के मुताबिक, बीएमसी को गाद निकालने के उपकरण मुहैया कराने वाली कंपनियों में शामिल 'मैटप्रॉप टेक्निकल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड' कोच्चि में स्थित है इसलिए वहां छापेमारी की गई।

## बिहार में ग्राम प्रधान मनरेगा के तहत 10 लाख तक योजनाओं को दे सकेंगे मंजूरी

**पटना।** बिहार सरकार ने गुरुवार को घोषणा की है कि मुखिया (ग्राम प्रधान) अब महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत 10 लाख रुपये तक की योजनाओं को मंजूरी दे सकेंगे और इसके लिए उन्हें किसी प्रशासनिक स्वीकृति की आवश्यकता नहीं होगी। अब तक मुखिया मनरेगा योजना के तहत पांच लाख रुपये तक की योजनाओं को मंजूरी दे सकते थे। मुख्यमंत्री नीतीश के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं के पदाधिकारियों के भत्ते और अन्य लाभों में भी पर्याप्त वृद्धि की घोषणा की।

# भारत की सीनियर और ए टीम आज से टकराएंगी

## इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले भारत की अंतिम तैयारी, मौजूदा फॉर्म व गेंदबाजी संयोजन पर रहेगी नजर



रविंद्र जडेजा

**बेकेनहैम (केंट), एजेंसी**

इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की सीरीज से पहले भारत की सीनियर टीम और भारत ए के बीच शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले चार दिवसीय अभ्यास क्रिकेट मैच में टीम प्रबंधन सही संयोजन तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस मैच में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा के प्रदर्शन पर निगाह रहेगी और भारतीय टेस्ट टीम की अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए इन दोनों के बीच दिलचस्प मुकाबला होने की संभावना है।

यह मैच 20 जून से हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले सीनियर टीम का एकमात्र अभ्यास मैच होगा। किसी भी सीरीज से पहले इस तरह के मैच टीम की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में भारतीय टीम ने यह मैच खाली स्टेडियम में खेलने का विकल्प चुना है ताकि विपक्षी टीम को उनकी रणनीति की भनक नहीं लग सके। यूरोपीय फुटबॉल क्लब लंबे समय से ऐसा करते रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में भी ऐसा किया था।

भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने बुधवार को कहा था कि यह मैच भारत की तैयारी की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि सामान्य अभ्यास सत्रों से एक दिन में 90 ओवर गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण करने की क्षमता विकसित करना मुश्किल होता है। इस चार दिवसीय मैच को आधिकारिक तौर पर प्रथम श्रेणी का दर्जा प्राप्त नहीं है। इसमें यदि कोई बल्लेबाज सस्ते में आउट हो जाता है तो उसे दूसरा मौका मिलता है।इस मैच से भारतीय टीम प्रबंधन को मैच की परिस्थितियों में अपने खिलाड़ियों विशेष कर गेंदबाजों का आकलन करने का अच्छा मौका मिलेगा। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि गेंदबाज़ चाहे वह स्पिनर हो या तेज गेंदबाज वास्तविक मैच में अपेक्षित लय में हों।

हेडिंग्ले के लिए एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर को चुनने के लिए गंभीर को कुछ माथापच्ची करनी होगी। जडेजा का विदेश में बल्लेबाजी रिकॉर्ड अच्छा रहा है लेकिन अगर भारत को 20 विकेट हासिल करने हैं तो फिर कुलदीप की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाएगी। कुलदीप यहां की परिस्थितियों में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अच्छे सहयोगी साबित हो सकते हैं। जडेजा बनाम कुलदीप अंतिम एकादश के लिए सबसे बड़ी पहेली है जिसे गंभीर और कोचिंग स्टाफ को सुलझाना होगा।



कुलदीप यादव

**20** जून से हेडिंग्ले में होगा मुकाबला पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे

इसी तरह इस मैच से कोचों और कप्तान शुभमन गिल को यह देखने का मौका मिलेगा कि आकाश दीप की फुल लेंथ या प्रसिद्ध कृष्णा की बैक ऑफ द लेंथ में से कौन सी गेंद इन परिस्थितियों में बेहतर काम करती है। छह महीने बाद लाल गेंद से मैच खेलने वाले बुमराह को कई स्पैल में गेंदबाजी करने और अपनी फिटनेस को परखने का मौका मिलेगा। पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट से वापसी के बाद से उन्होंने सिर्फ आईपीएल खेला है।

# दौरा यादगार बनाने के लिए हर गेंद पर चुनौती पेश करें

**बेकेनहैम (इंग्लैंड), एजेंसी**



● **भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने दी सलाह**

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अपनी टीम से अपने 'कम्फर्ट जोन' (सहज स्थिति) से बाहर निकलने का सुझाव दिया।

उन्होंने कहा संन्यास ले चुके स्टार खिलाड़ियों विराट कोहली, रोहित शर्मा तथा आर अश्विन की अनुपस्थिति में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज को 'यादगार' बनाएं। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में अपनी पहली सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा। दोनों टीम के बीच पांच मैच की टेस्ट सीरीज 20 जून को लीड्स में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगी।

गंभीर ने 'बीसीसीआई.टीवी' से अश्विन, रोहित और कोहली के हाल ही में संन्यास का जिक्र करते हुए कहा इस दौरे को देखने के दो तरीके हैं। एक तो यह कि हम अपने तीन सबसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना हैं या हमें देश के लिए कुछ खास करने का यह अभूतपूर्व अवसर मिला है। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा कि वह शुभमन गिल की अगुआई वाली मौजूदा टीम में कुछ खास हासिल करने के लिए 'जुनून और प्रतिबद्धता' महसूस कर सकते हैं।

उन्होंने कहा जब मैं इस समूह को देखता हूं तो मुझे कुछ खास करने की भूख, जुनून और प्रतिबद्धता दिखती है। अगर हम त्याग करते हैं, अगर हम अपनी सहज स्थिति से बाहर आते हैं, अगर हम हर दिन नहीं बल्कि हर सत्र, हर घंटे और हर गेंद पर चुनौती पेश करना शुरू करते हैं तो मुझे लगता है कि हम इसे एक यादगार दौरा बना सकते हैं। गंभीर ने इंग्लैंड दौरे पर पूरी टीम का स्वागत किया और बी साई सुदर्शन से शुरुआत करते हुए कुछ सदस्यों की विशेष सराहना की। गंभीर ने उम्मीद जताई कि तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह टेस्ट क्रिकेट में भी अपना प्रभाव छोड़ेंगे।

## एक नजर

### लगातार 35 घंटे गोल्फ खेलकर बनाया नया विश्व रिकॉर्ड

**न्यूयॉर्क :** न्यूयॉर्क के एक गोल्फर ने लगातार सबसे अधिक घंटे गोल्फ खेलने का रिकॉर्ड बनाने का दावा किया है। उन्होंने लॉन्ग आइलैंड के एक कोर्स पर रविवार शाम से मंगलवार सुबह तक लगातार 35 घंटे गोल्फ खेली। केलेची एजीही नाम के इस खिलाड़ी ने शुरू में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए 24 घंटे खेलने की योजना बनाई थी, लेकिन कुछ घंटों बाद उन्हें पता चला कि मई में नॉर्वे के एक कोर्स पर एक ब्रिटिश गोल्फर लगातार 32 घंटे खेला था। उन्होंने बताया कि उनकी बहन ने इंटरनेट पर सर्च करते समय 32 घंटे का रिकॉर्ड देखने के बाद उन्हें फोन किया था।

### रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के साथ विवाद के बाद पोलैंड के कोच ने इस्तीफा दिया

**वारसॉ (पोलैंड) :** पोलैंड की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच मिशल प्रोबिएरज़ ने स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के साथ विवाद के कुछ दिनों बाद मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है। पोलैंड फुटबॉल संघ द्वारा जारी बयान में प्रोबिएरज ने कहा मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय टीम के हित में सबसे अच्छा निर्णय मुख्य कोच के पद से मेरा इस्तीफा है।

### भारतीय गोल्फर दीक्षा ने हुलेनकोर्ट में पार-72 का कार्ड खेला

**हुलेनकोर्ट (बेल्जियम) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने हुलेनकोर्ट वुमेन ओपन के पहले दौर में इवन पार 72 का कार्ड खेला। इस प्रतियोगिता में खेल रही सात भारतीयों में शामिल दीक्षा ने तीन बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाये। अन्य भारतीयों में अवनि प्रशांत ने सात होल के खेल के बाद एक अंडर का स्कोर किया है जबकि अमनदीप द्राल और स्नेहा सिंह एक समान दो ओवर 74 के कार्ड के साथ संयुक्त 67वें स्थान पर है। त्वेसा मलिक और वाणी कपूर संयुक्त रूप से 106वें स्थान पर है। इन दोनों ने एक समान 76 के कार्ड खेले हैं। हिताक्षी बख्शी 79 के कार्ड के साथ संयुक्त 128वें स्थान पर है।

### चोटिल शुचि की जगह इंग्लैंड दौरे की महिला टीम में राधा को मिली जगह

**मुंबई :** बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव को 28 जून से शुरू होने वाले पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज के लिए बृहस्पतिवार को चोटिल शुचि उपाध्याय की जगह भारतीय महिला टीम में शामिल किया गया। महिला टीम का दौरा 28 जून को नॉटिंघम में टी-20 मैच से शुरू होगा, जबकि दूसरा मैच एक जुलाई को ब्रिस्टल में होगा। तीसरा टी-20 मैच चार जुलाई को ओवल में, चौथा मैच नौ जुलाई को मैनचेस्टर में और पांचवां मैच 12 जुलाई को बर्मिंघम में होगा। तीन वनडे मैच क्रमश: 16, 19 और 22 जुलाई को साउथम्प्टन, लॉर्ड्स और चेस्टर-ली-स्ट्रीट में खेले जाएंगे। टी20 टीम : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, यास्तिका भाटिया, हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, राधा यादव, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।



लंदन के क्वींस क्लब में एचएसबीसी चैंपियनशिप के चौथे दिन डायना श्नाइडर के खिलाफ मैच के दौरान एक अंक जीतने के बाद केटी बौल्टर प्रतिक्रिया व्यक्त करती हुईं। ● एजेंसी

# भारत अच्छी तैयारी के साथ आया होगा : ब्रेंडन

**लंदन :** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि भारत पांच टेस्ट मैच की सीरीज के लिए अच्छी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ यहां आया होगा, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि एक टेस्ट टीम के रूप में हम कहां पहुंचना चाहते हैं। भारत अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के साथ करेगा।



मैकुलम ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट से कहा वह शानदार क्रिकेट खेलने वाला देश है, जो बड़ी उम्मीदों के साथ यहां आया होगा और हम उनकी चुनौती के लिए तैयार हैं। इंग्लैंड ने हाल ही में छह मैचों की सफेद गेंद की सीरीज में वेस्टइंडीज़ का सफाया किया। अब उनका ध्यान लाल गेंद के प्रारूप पर है क्योंकि वे भारत और इस साल के अंत में होने वाली एशेज की तैयारी कर रहे हैं। मैकुलम ने कहा यह महत्वपूर्ण है कि खिलाड़ी तरोताजा रहें। हम जानते हैं कि टेस्ट टीम के रूप में हमें कहां पहुंचना है। इंग्लैंड की टीम में तेज गेंदबाज मार्क वुड नहीं होंगे, जो चोट के कारण कम से कम पहले तीन टेस्ट से बाहर हो गए हैं। जोफ्रा आर्चर भी शुरुआती टेस्ट से बाहर रहेंगे।

# डब्ल्यूटीसी का दूसरा दिन भी गेंदबाजों के नाम

**लंदन, एजेंसी**

आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले के दूसरे दिन गुरुवार को गेंदबाजों ने दबदबा बनाया। पैट कमिंस और कैगिसो रबाडा ने अपनी-अपनी टीमों के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कमिंस ने 6/28 का शानदार प्रदर्शन किया।

लॉर्ड्स में टेस्ट कप्तान के तौर पर यह उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 212 रन के जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम महज 138 रन पर ढेर हो गई। इस तरह से उनकी टीम को 74 रन की बढ़त मिल गई। कमिंस ने 14वीं बार पांच विकेट लिए। इस तरह से वह टेस्ट कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा पांच विकेट लेने के मामले में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गए। इस मामले में बिशन सिंह बेदी जैसे दिग्गज शामिल हैं। एक समय ऐसा लग रहा था कि ऑस्ट्रेलिया ने मैच को अपनी गिरफ्त में लिया है, तब रबाडा और लुंगी एनगिडी की अगुआई में दक्षिण अफ़्रीकी तेज़ गेंदबाज़ों ने फिर से मुक़ाबले को बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। रबाडा और एनगिडी ने मिलकर छह विकेट चटकाए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने स्टंप तक अपनी दूसरी पारी में 144/8 रन बना लिए। मिशेल स्टार्क (16) और नाथन लियोन एक रन बना कर क्रीज़ पर थे। 218 रनों की मामूली बढ़त और सिर्फ़ दो विकेट के साथ, ऑस्ट्रेलियाई टीम उम्मीद करेगी कि तीसरे दिन उनकी पुछल्ले बल्लेबाज़ बढ़त को और बढ़ा सकें, जबकि प्रोटियाज़ की नज़र डब्ल्यूटीसी गदा हासिल करने के लिए एक लक्ष्य का पीछा करने पर होगी। दक्षिण अफ्रीका लगातार सात टेस्ट जीतकर फाइनल में पहुंचा है जबकि ऑस्ट्रेलिया 2019 में चैंपियनशिप की शुरुआत के बाद से लगातार दो खिताब जीतने वाली पहली टीम बनने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।



दक्षिण अफ्रीका के लुंगी एनगिडी (दाएं) विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया के ब्यू वेबस्टर के आउट होने का जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

**300** विकेट हासिल करने वाले गेंदबाजों के क्लब में शामिल हुए कमिंस

● **ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में बनाए 144/8 रन, कुल बढ़त हुई 218 रन**

**ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) 212 रन**

**दक्षिण अफ्रीका (पहली पारी) 138 रन**

**ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी**

**144/8** (40 ओवर)

| | |
|---|---|
| मार्नस लाबुशेन का वेरेने बो यानसेन | 22 |
| उस्मान ख्वाजा का वेरेने बो रबाडा | 06 |
| कैमरन ग्रीन का मुल्डर बो रबाडा | 00 |
| स्टीव स्मिथ पगबाधा बो एनगिडी | 13 |
| ट्रेविस हेड बो मुल्डर | 09 |
| ब्यू वेबस्टर पगबाधा बो एनगिडी | 09 |
| एलेक्स कैरी पगबाधा बो रबाडा | 43 |
| पैट कमिंस बो एनगिडी | 06 |
| मिचेल स्टार्क खेल रहे हैं | 16 |
| नाथन लियोन खेल रहे हैं | 01 |

**गेंदबाजी :** रबाडा 11-0-44-3, यानसेन 12-3-31-1, मुल्डर 6-0-14-1, एनगिडी 9-0-35-3, महाराज 2-0-10-0

# भारत प्रो लीग हॉकी में गोल खारिज होने से अर्जेंटीना से हारा



जीत का जश्न मनाते हुए अर्जेंटीना के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड), एजेंसी**

**एफआईएच प्रो लीग हॉकी**

● **अर्जेंटीना को आठ पेनल्टी कॉर्नर मिले, जबकि भारत को सिर्फ तीन**

● **भारतीय टीम की इस दौरे पर यह चार मैचों में चौथी हार है**

भारत का आखिरी मिनटों में पेनल्टी पर किया गया गोल नाटकीय परिस्थितियों में खारिज कर दिया गया और फिर जुगराज सिंह गोल करने में विफल रहे जिससे टीम को एफआईएच प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण में बृहस्पतिवार को अर्जेंटीना से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय टीम की इस दौरे पर यह चार मैचों में चौथी हार है। ड्रैग फ्लिकर जुगराज ने चौथे मिनट में ही मैच के पहले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को बढ़त दिलाई लेकिन टॉमस डोमेने (नौवें और 49वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से दो गोल करके अर्जेंटीना को जीत दिला दी। चौथे और अंतिम क्वार्टर में 1-2 से पिछड़ने के बाद भारत को अंतिम हूटर से दो मिनट पहले पेनल्टी स्ट्रोक मिला और जुगराज ने गेंद को अर्जेंटीना के गोल पोस्ट के अंदर डाल दिया।

अर्जेंटीना ने इस आधार पर वीडियो रेफरल मांगा कि स्ट्रोक लेते समय जुगराज का बायां पैर गेंद से काफी आगे था। वीडियो अंपायर ने अर्जेंटीना के पक्ष में फैसला सुनाया लेकिन भारत की अगुवाई कर रहे कप्तान हार्दिक सिंह ने रेफरी से यह जांचने के लिए कहा कि क्या जुगराज के स्ट्रोक लेने से पहले अर्जेंटीना के गोलकीपर टॉमस सैंटियागो गोल-लाइन से आगे थे। इस बार भारत को वीडियो अंपायर से अनुकूल फैसला मिला। जुगराज को स्ट्रोक फिर से लेने की अनुमति दी गई, लेकिन इस बार सैंटियागो ने उनके शॉट को बचा लिया। नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह उंगली की चोट के कारण बाहर है ऐसे में हार्दिक ने भारत की अगुआई की। अर्जेंटीना को आठ पेनल्टी कॉर्नर मिले, जबकि भारत को सिर्फ तीन मिले। भारत को इससे पहले बुधवार को इसी प्रतिद्वंद्वी से 3-4 से हार का सामना करना पड़ा था। भारत प्रो लीग के इस यूरोपीय चरण के दौरान ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 1-2 और 2-3 से हार गया था। यह भारत का यहां चौथा और आखिरी मैच था और अब वे शनिवार को मजबूत ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए बेल्जियम के एंटवर्प की यात्रा करेंगे।

## विंबलडन पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी

**लंदन :** इस साल विंबलडन में कुल पुरस्कार राशि सात फीसदी इजाफे के साथ बढ़कर रिकॉर्ड 53.5 मिलियन पाउंड हो जाएगी। 2024 में 50 मिलियन पाउंड की पुरस्कार राशि 2015 में प्रस्तावित 27 मिलियन पाउंड से दोगुनी है।

बीबीसी की एक खबर के अनुसार, कार्लोस अल्काराज़ और बारबोरा क्रेजिकोवा ने पिछले साल क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीतने के लिए 2.7 मिलियन पाउंड जीते थे जबकि इस साल के विजेताओं को तीन मिलियन पाउंड मिलेंगे, जो 11 प्रतिशत ज्यादा होंगे। इसी तरह पहले दौर में बाहर होने वाले खिलाड़ियों को 66 हजार पाउंड मिलेंगे, जो 10 फीसदी की वृद्धि है।

# सिफत कौर ने जीता कांस्य पदक

**म्यूनिख, एजेंसी**

**आईएसएसएफ विश्व कप**



सिफत कौर सामरा। ● एजेंसी

● **50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में मिली सफलता**

शीर्ष भारतीय निशानेबाज सिफत कौर सामरा ने बृहस्पतिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक 23 वर्षीय सिफत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 453.1 अंक बनाए।

नॉर्वे की जीनेट हेग ड्यूस्टेड ने 466.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि स्विट्ज़रलैंड की एमिली जैगी ने 464.8 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में अंकुश जाधव फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। वह छह सीरीज के क्वालीफिकेशन में 631.7 अंक के साथ 11वें स्थान पर रहे। उमामहेश मादिनेनी ने 632.3 अंक के साथ सातवां स्थान हासिल किया लेकिन वह फाइनल में जगह बनाने के पात्र नहीं थे क्योंकि वह केवल रैंकिंग अंक के लिए चुनौती पेश कर रहे थे। आर्जुन 629.1 अंक के साथ 43वें जबकि संदीप सिंह 628.3 अंक के साथ 53वें स्थान पर रहे। एमिली 590 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में नौवें स्थान पर रहीं थी लेकिन फाइनल में जगह बनाने में सफल रहीं क्योंकि शीर्ष आठ में शामिल दो निशानेबाज केवल रैंकिंग अंक के लिए निशानेबाजी कर रहीं थी। पंजाब की रहने वाली सिफत ने क्वालीफिकेशन में नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग के तीन चरण में कुल 592 अंक हासिल करके दूसरा स्थान हासिल किया।

# रग्बी जल्द बनेगा करियर का बेहतर विकल्प : बोस

**नई दिल्ली, एजेंसी**



राहुल बोस। ● एजेंसी

● **रग्बी के राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा तीन-चार वर्षों हो सकता है बड़ा बदलाव**

भारत में पेशेवर रग्बी अभी तक आर्थिक तौर पर व्यवहार्य करियर विकल्प नहीं बन पाया है, लेकिन इसके राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष राहुल बोस का मानना है कि रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) अगले तीन से चार वर्षों में इस मामले में बड़ा बदलाव ला सकती है।

'इंग्लिश ऑगस्ट', 'मिस्टर एंड मिसेज अय्यर' और 'चमेली' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय की छाप छोड़ने वाले 57 साल के बोस ने भारत के लिए रग्बी के 17 मैच खेले हैं। वह पिछले दो दशकों से अधिक समय से भारत में इस खेल का चेहरा रहे हैं। जीएमआर स्पोर्ट्स के समर्थन से भारत में पहली रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का आयोजन 15 जून से मुंबई में किया जाएगा। इसमें छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। दो सप्ताह तक चलने वाली इस लीग में भारतीय खिलाड़ियों को खुद को बेहतर बनाने के मौके के साथ 50,000 रुपये से 5.5 लाख रुपये तक के अनुबंध भी मिल रहे हैं। बोस ने पीटीआई को दिये विशेष साक्षात्कार में कहा लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी में शीर्ष खिलाड़ी को साढ़े पांच लाख में खरीदा गया। क्या यह किसी के लिए वित्तीय रूप से व्यवहार्य खेल हो सकता है? निश्चित रूप से आने वाले तीन से चार साल में ऐसा संभव है।

'रग्बी इंडिया' भी राष्ट्रीय शिविर के खिलाड़ियों को 60,000 से एक लाख रुपये का भुगतान करता है। कुछ समय पहले तक इस इस खेल का शासी निकाय खिलाड़ियों को कोई भुगतान करने की स्थिति में नहीं था ऐसे में इसे बड़े बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है।

### पहली रग्बी प्रीमियर लीग का आयोजन 15 जून से

**नई दिल्ली :** पहली रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का आयोजन 15 जून से मुंबई में किया जाएगा। इसमें छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इस लीग के आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जीएमआर स्पोर्ट्स के सीईओ और इस प्रतियोगिता के प्रमोटर सत्यम त्रिवेदी ने बताया कि इस लीग का आयोजन 15 से 29 जून तक मुंबई के अंधेरी स्थित मुंबई फुटबॉल एरेना में किया जाएगा। भारत में पहली बार आयोजित की जा रही इस लीग में छह फ्रेंचाइजी दिल्ली रेड्ज, हैदराबाद हीरोज, कलिंगा ब्लैक टाइगर्स, चेन्नई बुल्स, मुंबई ड्रीमर्स और बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स भाग लेंगी। पारंपरिक रग्बी यूनियन प्रारूप के विपरीत रग्बी 7 प्रारूप में मैदान पर प्रत्येक टीम के सात खिलाड़ी होते हैं।

समुद्र में आग



केरल के तट से कुछ दूर सिंगापुर के जहाज में लगी आग कई दिन बाद भी बुझाई नहीं जा सकी है। जहाज में भरे विस्फोटकों में लगातार धमाके हो रहे हैं जिसकी वजह से आग और भड़कती जा रही है। एजेंसी

# आव्रजन छापों के खिलाफ अमेरिका में प्रदर्शन तेज

ऑस्टिन, एजेंसी

- पूरे अमेरिका में शुरू हुआ विरोध, सिएटल में आगजनी 80 से ज्यादा लोग हिरासत में

अमेरिका में आप्रवासियों पर छापेमारी और नेशनल गार्ड के सैनिकों को लॉस एंजिलिस भेजे जाने के खिलाफ जारी प्रदर्शनों ने राष्ट्रव्यापी रूप ले लिया है और ये सप्ताहांत तक जारी रहने की आशंका है। आव्रजन एवं सीमाशुल्क प्रवर्तन (आईसीई) एजेंसी के खिलाफ कई विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे हैं, लेकिन कुछ प्रदर्शनों के दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प हुई है।

प्रदर्शनकारियों ने कहा है कि वे आने वाले दिनों में और भी बड़े स्तर पर प्रदर्शन करेंगे। इसके तहत शनिवार को वाशिंगटन डीसी में ट्रंप की निर्धारित सैन्य परेड के समय देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि आप्रवासियों के खिलाफ छापेमारी और निर्वासन की कार्रवाई जारी रहेगी।

बुधवार शाम सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने सिएटल में एक संघीय इमारत की ओर मार्च किया, जहां आव्रजन मामलों की सुनवाई होती है। कुछ प्रदर्शनकारियों ने पास में एक डंपर को घसीटकर उसमें आग लगा दी। न्यूयॉर्क शहर में पुलिस ने मंगलवार शाम और बुधवार सुबह लोअर मैनहट्टन के फोले स्क्वायर में विरोध प्रदर्शन के दौरान 80 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस का अनुमान है कि लगभग 2,500 लोग इसमें शामिल हुए। इसी तरह न्यूयॉर्क सिटी, सेंट एंटोनियो, फिलाडेल्फिया, सैन फ्रैंसिस्को, शिकागो, डेनवर और स्पोकेन में भी विरोध प्रदर्शन हुए।

## लॉस एंजिलिस में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हिंसक झड़पें

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जारी हिंसक झड़पों के बीच पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के एक समूह की घेराबंदी कर उनमें से कुछ को गिरफ्तार कर लिया है। अंत में सभी को इस चेतावनी के बाद छोड़ दिया गया कि अगर वे वापस आए तो उन्हें हिरासत में ले लिया जाएगा।

संवाद एजेंसी रिया नोवोस्ती के एक संवाददाता ने बताया कि जब पुलिस प्रदर्शनकारियों को घेर रही थी, तब कई पत्रकार भी वहां मौजूद थे। इससे पहले दिन में पुलिस ने कर्फ्यू क्षेत्र के बाहर सैकड़ों प्रदर्शनकारियों के एक समूह के खिलाफ रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया, जिसके बाद प्रदर्शनकारी पीछे हट गए लेकिन तितर-बितर नहीं हुए।



एक प्रदर्शनकारी ने कूड़ेदान के सामने अमेरिकी झंडा लहराया।

### सेना ने अप्रवासियों को हिरासत में लेना शुरू किया

अमेरिका के सैनिकों ने हाल में देश की दक्षिणी सीमा पर घोषित किए गए राष्ट्रीय रक्षा क्षेत्र में अवैध तरीके से घुसने के आरोप में अप्रवासियों को हिरासत में लेना शुरू कर दिया है जिससे साफ है कि कानूनी कार्रवाई में सेना का दखल बढ़ रहा है। प्राधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल चैड कैंपबेल ने बताया कि पिछले सप्ताह सैनिकों ने न्यू मैक्सिको में सांता टेरेसा के पास एक राष्ट्रीय रक्षा क्षेत्र में अवैध तरीके से घुसने के आरोप में तीन अप्रवासियों को हिरासत में लिया। इन अप्रवासियों को तुरंत अमेरिका के सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा विभाग को सौंप दिया गया।

## एक नजर

### इमरान की जमानत अर्जी पर सुनवाई की उम्मीद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली खान ने 19 करोड़ पाउंड के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की जमानत याचिका पर सुनवाई तथा जल्द रिहाई की उम्मीद जताई है। इमरान और बुशरा की रिहाई के मामले को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय की पीठ के सदस्य मोहम्मद आरिफ के छुट्टी पर जाने के कारण रद्द करने के साथ मामले को वाद सूची से हटा दिया गया। तहरीक के सदस्यों की मांग पर अदालत ने याचिका पर सुनवाई के लिए 26 जून की तारीख तय की है।

### दक्षिण अफ्रीका में बाढ़ से 57 लोगों की मौत

**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्वी केप प्रांत में बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 57 हो गई है, बृहस्पतिवार को आपदा स्थल का दौरा करने वाले एक मंत्री ने यह जानकारी दी। सहकारी शासन और पारंपरिक मामलों के मंत्री वेलेंकोसिनी हलाबिसा ने कहा कि दक्षिण-पूर्वी दक्षिण अफ्रीका के मथाथा शहर के आसपास आई बाढ़ एक वास्तविक आपदा और तबाही है, क्योंकि हमारे बहुत सारे लोगों की मौत हो गई।

### अभिनेत्री करिश्मा के पूर्व पति संजय कपूर का निधन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर के पूर्व पति और बिजनेसमैन संजय कपूर का बृहस्पतिवार को इंग्लैंड के गार्ड्स पोलो क्लब में पोलो खेलते समय हार्ट अटैक से निधन हो गया। कुछ ही देर पहले उन्होंने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे को लेकर एक्स पर पोस्ट की थी। करिश्मा कपूर और संजय कपूर की शादी 2003 में हुई थी। दोनों के दो बच्चे भी हुए, बेटी समायरा और बेटा कियान। शादी के कुछ सालों बाद दोनों के रिश्ते में दूरी आ गई और 2016 में उनका तलाक हो गया। तलाक के बाद संजय कपूर ने प्रिया सचदेव से शादी की थी।

### कांगो में नौका डूबने से 30 लोगों की मौत

**किन्शासा।** मध्य अफ्रीकी देश कांगो के उत्तर-पश्चिमी इक्वेटर प्रांत में खराब मौसम के कारण एक नौका के डूब जाने से कई छात्रों सहित कम से कम 30 यात्रियों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों और मीडिया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कई लोग अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है। क्षेत्रीय प्रशासक जस्टिन मपुतु ने स्थानीय मीडिया को बताया कि नौका बिकोरो क्षेत्र में टुम्बा झील के किनारे ग्रामीणों और सामान को ले जा रही थी, जब बुधवार देर रात यह डूब गई। उन्होंने बताया कि 30 शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि कई अन्य लोग लापता हैं।

# अमेरिकी खुफिया एजेंसी का अलर्ट इरान पर हमले की तैयारी में इजराइल

## इरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाने की मंशा से की है पूरी तैयारी

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका की खुफिया एजेंसियों ने संकेत दिया है कि इजरायल, ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर हमला करने की तैयारी कर रहा है। 'सीबीएस न्यूज' की रिपोर्ट के मुताबिक कई स्रोतों ने पुष्टि की है कि अमेरिकी प्रशासन को ईरान में सैन्य अभियान शुरू करने के लिए इजरायल की पूरी तैयारी के बारे में सूचित किया गया है।

इजरायली अधिकारियों और व्हाइट हाउस के प्रवक्ताओं ने हालांकि इस पर टिप्पणी करने से इनकार किया है। इससे पहले बुधवार को अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने मध्य पूर्व से अमेरिकी सैन्य आश्रितों के स्वैच्छिक प्रस्थान को मंजूरी दे दी। गैर-आवश्यक अमेरिकी दूतावास के कर्मचारियों और उनके आश्रितों को भी ईरान छोड़ने का आदेश दिया गया है। ईरान के संयुक्त राष्ट्र मिशन ने कल ही 'एक्स' पर अमेरिका पर इजरायली अपराधों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।





### उकसाया तो इजरायल पर बरसाएंगे मिसाइलें: ईरान

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान ने कहा है कि अगर कोई उकसावे की कार्रवाई की गई तो वह इजरायल पर मिसाइल दागेगा। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट का हवाला देते हुए रूस की न्यूज एजेंसी स्पूतनिक ने कहा है कि ईरानी सेना और सरकार संभावित इजरायली हमले का जवाब देने की योजना बनाने को लेकर बैठक कर चुकी हैं। वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने चेतावनी दी कि इजरायल पर बिना किसी हिचकिचाहट सैकड़ों बैलिस्टिक मिसाइलों की बौछार की जाएगी।

### ईरान पर इजराइल का हमला हो सकता है : ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर उस पर इजराइल का हमला आसन्न नहीं है, लेकिन ऐसा हो सकता है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, ऐसा लगता है कि हमला हो सकता है। ट्रंप ने चिंता जताई कि अगर ईरान समझौते पर बातचीत नहीं करता है, तो पश्चिम एशिया में बड़े पैमाने पर संघर्ष छिड़ सकता है।

'एसोसिएटेड प्रेस' ने ईरानी रक्षा मंत्री अजीज नसीरज़ादेह के हवाले से कहा, यदि हम पर संघर्ष थोपा जाता है, तो प्रतिद्वंद्वी के हताहतों की संख्या निश्चित रूप से हमसे अधिक होंगे और उस स्थिति में अमेरिका को इस क्षेत्र को छोड़ देना चाहिए, क्योंकि उसके सभी ठिकाने हमारी पहुंच में हैं और हम बिना किसी हिचकिचाहट के उन सभी को निशाना बनाएंगे।

### परमाणु दायित्वों का पालन नहीं कर रहा ईरान: आईएईए

**वियना।** संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था के शासी निकाय ने बृहस्पतिवार को पाया कि ईरान 20 वर्षों में पहली बार अपने परमाणु दायित्वों का पालन नहीं कर रहा है। इस कदम के कारण तनाव बढ़ सकता है व इस वर्ष के अंत में ईरान पर संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों को पुन: लागू करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। ईरान ने तत्काल प्रतिक्रिया जताई कि वह एक सुरक्षित स्थान पर नई संवर्धन सुविधा स्थापित करेगा और अन्य उपायों की भी योजना बनाई जा रही है। ईरान के विदेश मंत्रालय और परमाणु ऊर्जा संगठन ने कहा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के पास इस राजनीतिक प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उधर, राजनयिकों ने बताया कि आईएईए के शासी निकाय के 19 सदस्य देशों ने वियना में एक बैठक में प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। रूस, चीन और बुर्किना फासो ने इसका विरोध किया जबकि 11 सदस्यों ने वोट नहीं दिया।

# हत्या के लिए क्रमिक रूप से दो उम्रकैद की सजा दे सकते हैं या नहीं, कोर्ट करेगा विचार

नई दिल्ली, एजेंसी



- पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले से उत्पन्न याचिका पर सुप्रीम सुनवाई

उच्चतम न्यायालय बृहस्पतिवार को इस मसले पर विचार करने के लिए राजी हो गया कि हत्या के अपराध के लिए दो बार दोषी ठहराए गए किसी एक व्यक्ति को क्रमिक रूप से दो उम्रकैद की सजा दी जा सकती है या नहीं।

यह मुद्दा तब उठा जब पीठ 2010 के दोहरे हत्याकांड के मामले में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की ओर से 2015 में दिये गए फैसले से उत्पन्न एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ को पता चला कि जुलाई 2016 में सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा था कि कई हत्याओं या उम्रकैद की सजा के प्रावधान वाले अन्य अपराधों के लिए उम्रकैद की कई सजाएं दी जा सकती हैं, लेकिन उन्हें क्रमिक रूप से चलाने का निर्देश नहीं दिया जा सकता।

पीठ ने कहा, यह पता लगाने तक सीमित नोटिस जारी किया गया है कि क्या धारा 302 के तहत सजा दिये जाने के योग्य अपराधों के लिए दो बार दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति को क्रमिक रूप से दो उम्रकैद की सजा देना संविधान पीठ के फैसले में की गई टिप्पणियों के मद्देनजर वैध है। हाईकोर्ट ने आईपीसी की धारा 302 के तहत हत्या के लिए दोषी को दो बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने कहा कि आजीवन कारावास, प्राकृतिक जीवन की अंतिम सांस तक कारावास की सजा है और इस तरह, उम्रकैद की दो सजा देना एक तरह से अनावश्यक है।

### जर्मन रक्षामंत्री सैन्य मदद पर चर्चा के लिए यूक्रेन पहुंचे

**कीव।** जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस यूक्रेन को सैन्य सहायता जारी रखने पर चर्चा के लिए राजधानी कीव पहुंचे हैं। जर्मन न्यूज पोर्टल टैगेसशाऊ की रिपोर्ट के अनुसार पिस्टोरियस बातचीत के लिए यूक्रेन आए हैं और यूक्रेन की स्थिति का जायजा लेने के बाद आगे की सैन्य सहायता पर चर्चा करेंगे। रूस का मानना है कि यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति संघर्ष के समाधान में बाधा डालना और नाटो देश का सीधे तौर पर इसमें शामिल होना बताया हैं। विदेश मंत्री लावरोव ने कहा कि यूक्रेन के लिए हथियार भेज रहा कोई भी देश रूस के लिए वैध निशाना होगा।

## रूस में नवलनी के करीबी सहयोगी को सुनाई गई 18 साल जेल की सजा

**मॉस्को।** रूस में असहमति रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई के बीच अदालतों ने एक विपक्षी नेता को उसकी अनुपस्थिति में दोषी ठहराया जबकि एक अन्य नेता को नजरबंद करने का आदेश दिया है।

रूस के विपक्षी नेता दिवंगत एलेक्सी नवलनी के करीबी सहयोगी लियोनिद वोल्कोव को बुधवार को आपराधिक आरोपों में दोषी पाए जाने के बाद 18 साल जेल की सजा सुनाई गई। रूसी समाचार एजेंसियों के अनुसार, मॉस्को की एक अदालत ने वोल्कोव को 40 मामलों में दोषी ठहराया, जिनमें आतंकवाद को उचित ठहराना, एक चरमपंथी समूह को संगठित करना और उसकी वित्तीय मदद करना, नाजीवाद का समर्थन और नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन करने वाला एक गैर-सरकारी संगठन बनाना शामिल है। वोल्कोव पर 20 लाख रूबल (लगभग 25,000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भी लगाया गया।

# हसीना ने किया यूनुस की अवैध सरकार के खिलाफ लोगों को एकजुट करने का आग्रह

ढाका, एजेंसी

बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से लोगों के साथ खड़े होने, उन्हें एकजुट करने और षड्यंत्रकारी और गुंडागर्दी करने वाले, मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अवैध अंतरिम सरकार को हटाने के लिए एक मजबूत आंदोलन शुरू करने का आग्रह किया है।

अपने नवीनतम ऑडियो संदेश में 77 वर्षीय अवामी लीग अध्यक्ष ने यूनुस, उनके सहयोगियों और छात्र समन्वयकों को अपराधी कहा और उन पर सार्वजनिक धन की लूट, अवामी लीग के सदस्यों की हत्या और उनके घरों और व्यवसायों को लूटने का आरोप लगाया। पार्टी की मीडिया एजेंसी डेली रिपब्लिक की रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने आरोप लगाया कि तथाकथित भेदभाव विरोधी आंदोलन के नेता विडंबना यह है कि देश भर में भेदभाव को बढ़ावा दे रहे हैं, इस्लामी चरमपंथ के बड़े पैमाने पर उदय को बढ़ावा दे रहे हैं और इसके राजनीतिक तानेबाने को नष्ट कर रहे हैं।

शेख हसीना ने कहा कि आरक्षण विरोधी आंदोलन 15 जुलाई तक शांतिपूर्ण रहा, लेकिन उसके बाद प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर हमला करना, सरकारी इमारतों में आग लगाना और सड़कें अवरूद्ध करना शुरू कर दिया। उन्होंने एसएडी सदस्यों पर पुलिस और सैन्य कर्मियों को निशाना बनाने का आरोप लगाते हुए घरेलू सुरक्षा में अपने प्रशासन के दौरान जान-माल की सुरक्षा के लिए उठाये गये आवश्यक कामों को उजागर किया।

उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी पर लूटपाट और आतंकवाद में शामिल होने एवं हत्याओं और टेंडन काटने का आरोप लगाया।

### भारत के साथ अच्छे संबंध चाहता है बांग्लादेश: यूनुस

**लंदन।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने कहा है कि उनकी अंतरिम सरकार भारत के साथ अच्छे संबंध चाहती रही, लेकिन हमेशा कुछ न कुछ गलत हो जाता है। बुधवार को लंदन में 'चाथम हाउस' थिंक टैंक के निदेशक ब्रोनवेन मैडॉक्स के साथ बातचीत में यूनुस ने भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों और देश के लिए लोकतांत्रिक रोडमैप सहित कई मुद्दों पर बात की। मैडॉक्स ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग करते हुए भारत को जारी एक अनौपचारिक राजनयिक नोट का हवाला दिया और मामले पर ताजा जानकारी के बारे में पूछा। यूनुस ने कहा, यह जारी रहेगा, हम चाहते हैं कि पूरी प्रक्रिया बहुत कानूनी, बहुत उचित हो। हम भारत के साथ बेहतरीन संबंध बनाना चाहते हैं। हम नहीं चाहते कि उनके साथ किसी भी तरह की बुनियादी समस्या हो।

## भारतीय मूल के डॉक्टर अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन अध्यक्ष

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के चिकित्सक बॉबी मुक्कमला को अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन (एएमए) का 180वां अध्यक्ष बनाया गया है और वह इस संस्था की अगुवाई करने वाले भारतीय मूल के पहले चिकित्सक बन गए हैं।

एसोसिएशन के एक बयान के अनुसार कान-नाक-गला रोग विशेषज्ञ मुक्कमला ने मंगलवार को पद की शपथ ली। वह काफी समय से एएमए में सक्रिय रहे हैं। पिछले साल नवंबर को उनके मस्तिष्क में आठ सेंटीमीटर आकार के ट्यूमर का पता लगा था। बयान में उनके हवाले से कहा गया, कुछ महीने पहले, मुझे नहीं पता था कि वो रात कट भी पाएगी या नहीं। उन्होंने अपने गृहनगर फ्लिंट, मिशिगन में जल संकट से निपटने के उपायों में केंद्रीय भूमिका निभाई, जहां उनके माता-पिता 1970 की शुरुआत में भारत से आकर बस गए थे।

# भारत-पाकिस्तान को एक साथ ले आऊंगा : ट्रंप

वाशिंगटन/सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

- कहा- किसी भी समस्या का कर सकता हूं समाधान

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से दुश्मनी रही है और वह दोनों देशों को एक साथ ले आएंगे। ट्रंप ने दावा किया कि वह किसी भी समस्या का समाधान कर सकते हैं।

व्हाइट हाउस में एक विधेयक पर हस्ताक्षर के लिए आयोजित समारोह में ट्रंप ने एक सवाल के जवाब में कहा, हम भारत और पाकिस्तान को एक साथ लाने जा रहे हैं। मैंने उनसे-भारत और पाकिस्तान से कहा कि कश्मीर को लेकर दोनों देशों के बीच लंबे समय से दुश्मनी है और मैं कुछ भी हल कर सकता हूं। भारत लगातार यह कहता रहा है कि कश्मीर एक द्विपक्षीय मुद्दा है और इसमें किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की कोई गुंजाइश नहीं है।

### फिर बोले, व्यापार के जरिए संघर्ष रुकवाया

ट्रंप ने फोन पर बातचीत और व्यापार के जरिए भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष रुकवाने का दावा दोहराया। कहा, मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोका, मैंने इसे व्यापार के जरिये रोका। मुझे नहीं लगता कि मैंने इसके बारे में कभी कोई खबर लिखी हुई देखी है, लेकिन यह बहुत, बहुत बढ़िया था। वे तैयारी कर रहे थे। ट्रंप ने कहा कि हमला करने की बारी पाकिस्तान की थी और अंतत: वे परमाणु हथियारों का रुख करते। लेकिन मैंने इसे रोक दिया। मैंने दोनों से व्यापार के बारे में बात की। उन्होंने उनके नेताओं से कहा कि अगर आप एक-दूसरे पर परमाणु हथियार दागेंगे तो आप अमेरिका के साथ व्यापार नहीं कर पाएंगे।

## हमास का इजराइल समर्थित 12 लड़ाकों को मारने का दावा

**काहिरा।** हमास संचालित पुलिस बल की एक इकाई ने बृहस्पतिवार तड़के गाजा पट्टी में इज़राइल-समर्थित एक मिलिशिया के 12 सदस्यों को हिरासत में लेने के बाद मार डालने का दावा किया है।

इस घटना से कुछ घंटे पहले इजराइल समर्थित एक सहायता संगठन ने आरोप लगाया कि हमास ने उसके फलस्तीनी कर्मचारियों को ले जा रही एक बस पर हमला किया, जिसमें पांच लोग मारे गए। यासिर अबू शबाब के नेतृत्व वाली मिलिशिया ने दावा किया कि उसके लड़ाकों ने हमास पर हमला कर पांच चरमपंथियों को मार गिराया, लेकिन अपने नुकसान का जिक्र नहीं किया।

साथ ही, मिलिशिया ने हमास पर सहायता कर्मियों को हिरासत में लेने और उनकी हत्या करने का भी आरोप लगाया। हमले में मारे गए लोगों की पहचान और हमलों को लेकर दावों और प्रतिदावों की तुरंत पुष्टि नहीं की।

## रूस के यूक्रेन पर हमले में तीन की मौत, तमाम लोग घायल

**कीव।** रूसी सेना द्वारा ड्रोन एवं अन्य हथियारों से यूक्रेन पर किए गए हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यूक्रेन के साथ युद्ध विराम स्वीकार करने के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद भी रूस ने यह हमला किया।

यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, रूस ने रात भर में यूक्रेन पर 63 ड्रोन एवं अन्य हथियारों से हमला किया। इसने कहा कि वायु रक्षा प्रणाली ने 28 ड्रोन नष्ट कर दिए जबकि 21 अन्य को रोक लिया गया। यूक्रेन की पुलिस ने बताया कि रूसी आक्रमण का केंद्र रहे पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र में पिछले 24 घंटे के भीतर दो लोग मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दक्षिणी खेरसॉन क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा 14 अन्य घायल हो गए। यह क्षेत्र आंशिक रूप से रूसी सेना के कब्जे में है। खारकीव क्षेत्र के प्रमुख ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि रात भर हुए रूसी ड्रोन हमलों में चार बच्चों सहित 15 लोग घायल हो गए।

## हैती में बढ़ते विस्थापन पर संरा चिंतित

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र के मानवीय संगठनों ने हैती में बढ़ती हिंसा के कारण आंतरिक विस्थापन में बड़े पैमाने पर हो रही वृद्धि पर चिंता जतायी है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) के आंकड़ों का हवाले से बुधवार को बताया कि हैती में अब तक लगभग 13 लाख लोग हिंसा की वजह सेविस्थापित हो चुके हैं।

यह विस्थापित लोगों की तादाद में दिसंबर 2024 से 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। यह आंकड़ा अब तक का सबसे अधिक है। राजधानी पोर्ट-ओ-प्रिंस हिंसा का मुख्य केंद्र बना हुआ है, लेकिन यह संकट अब केन्द्र और आर्टिबोनाइट जैसे अन्य क्षेत्रों में भी फैल गया है, जिससे बड़े पैमाने पर लोग विस्थापित हो रहे हैं। विस्थापित लोगों की संख्या कुछ ही महीनों में 68 हजार से बढ़कर 1.45 लाख हो गयी है। आर्टिबोनाइट क्षेत्र में दिसंबर 2024 से अब तक 90 हजार से अधिक लोग घर छोड़ चुके हैं, जबकि उत्तरी विभाग में विस्थापन में लगभग 80 प्रतिशत की वृद्धि देखी गयी है।

संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने बताया कि विस्थापित परिवारों को अस्थायी शिविरों या भीड़भाड़ वाले घरों में रहना पड़ रहा है, जहां बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है। दिसंबर 2024 से, अब तक स्वतः बने विस्थापन स्थलों की संख्या 142 से बढ़कर 246 हो गयी है, जिनमें सबसे बड़ी वृद्धि सेंटर डिपार्टमेंट में हुयी है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 83 प्रतिशत विस्थापित लोग परिवारों के पास रह रहे हैं, जिससे पहले से ही कमजोर ग्रामीण समुदायों पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है।

संवेदनाएं

पीड़ित परिवारों के प्रति जताया गहरा दुख, मुश्किल समय में साथ खड़े होने की बात कही

# विमान हादसे पर दुनिया भर के नेताओं ने जताया शोक

मॉस्को/ओटावा, एजेंसी

- रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी को भेजा शोक संदेश

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी सहित विश्व के कई नेताओं ने बृहस्पतिवार को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर भारत के लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

रूसी सरकार के मुख्यालय क्रेमलिन ने मॉस्को में जारी बयान में कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अहमदाबाद में विमान दुर्घटना पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गहरी संवेदना प्रेषित की है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि वह विमान दुर्घटनागस्त होने के बारे में जानकर काफी स्तब्ध हैं, उनकी संवेदनाएं विमान में सवार सभी लोगों के प्रियजनों के साथ हैं।

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव गुतारेस ने कहा कि वह एअर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से बहुत दुखी हैं। उन्होंने प्रभावित परिवारों और पीड़ितों के प्रियजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, इस भयावह हादसे के पीड़ित परिवारों और प्रियजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इसे भयावह खबर बताते हुए भारत के लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी शोक जताया। जर्मन विदेश मंत्री जोहान वेडफुल ने कहा कि हार्दिक प्रार्थनाएं भारत में हमारे दोस्तों और वर्तमान में अपने प्रियजनों के लिए। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा, इस कठिन समय में, मालदीव की सरकार भारत के लोगों के साथ है।

### अभिनेताओं और खिलाड़ियों ने जताईं संवेदनाएं

**नई दिल्ली।** अभिनेता शाहरुख खान, अक्षय कुमार, आलिया भट्ट, और अल्लू अर्जुन, सलमान खान, आलिया भट्ट, अर्जुन, करीना कपूर खान, विक्की कौशल समेत तमाम अभिनेताओं और अभिनेत्रियों ने विमान हादसे पर गहरा दुख जताते हुए एक्स पर पोस्ट किए हैं। इसके अलावा पूर्व क्रिकेटर कपिलदेव, दिलीप वेंगसरकर, विराट कोहली, रोहित शर्मा समेत तमाम क्रिकेटरों ने भी गहरा शोक जताया। कोहली ने इस हादसे को स्तब्धकारी बताया और पीड़ित परिवारों के लिए प्रार्थना की।